माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 28, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने 16

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

यूपी में कांग्रेस लोकसभा की 17 व समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच बुधवार को लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। जिसके तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश-संविधान को बचाने व जनता को अन्याय से बचाने को बना इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारी मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। जनता भाजपा के अन्याय से तंग आ चुकी है। मतदाताओं से गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन भाजपा को हर हाल में सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 या 25 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

- सपा ने आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को दी एक सीट
- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा व कांग्रेस में सीटों पर समझौता

गठबंधन के साथ मिल लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

मुरादाबाद। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे। सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही। चंडीगढ़ महापौर पद के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर बैलेट व लोकतंत्र को लूटने का आरोप मढ़ा। अखिलेश बुधवार को मुरादाबाद में थे। उन्होंने ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के आवास पर उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया।

समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

गठबंधन में छोटे दलों को भी मिलेगा मौका

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने कहा कि कुल 80 सीटों में दोनों दलों की सीटें तय हुई हैं। पर गठबंधन में अगर क्षेत्रीय दल शामिल होते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

मप्र में सपा एक, कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से चुनाव लड़ेगी। जबकि बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। प्रदेश में सपा की ओर से पहले से उम्मीदवार घोषित करने के सवाल पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हुए समझौते के तहत कांग्रेस को आवंटित सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम वापस होंगे। उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को समर्थन देगी।

एक नजर

बीआरएस नेता को पूछताछ को तलब किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के. कविता को अगले सप्ताह तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कविता को सोमवार को यहां सीबीआई मुख्यालय में जांच टीम के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला। संदेश में दावा किया गया था कि इसे विद्या बालन ने भेजा है और वह उनसे (स्टाइलिस्ट) काम के बारे में चर्चा करना चाहती हैं।

बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चीकू को पंचकुला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया।

किसान की मौत, 12 पुलिसकर्मी घायल

झड़प : किसानों को खदेड़ने के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी।

सरकार ने किसानों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया : केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।

शंभू सीमा पर पुलिस द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भागते प्रदर्शनकारी किसान।

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

किसान नेताओं ने दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

पुलिस ने सीमाओं की किलेबंदी की

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी और सुरक्षाकर्मियों को टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया है। कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात करने के बाद दिल्ली-गुरुग्राम, दिल्ली-बहादुरगढ़ और कई अन्य सड़कों पर यातायात बाधित रहा। दिल्ली और हरियाणा के दो सीमा बिंदू-टीकरी और सिंघू को भारी संख्या में पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती तथा कई चरणों में कंक्रीट के अवरोधक और लोहे की कीलें लगाकर सील कर दिया गया है। गाजीपुर सीमा को और पुलिसकर्मियों को तैनात कर बंद कर दिया गया है।

किसानों की समस्याओं के निदान को समिति का गठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- राजस्व परिषद के अध्यक्ष करेंगे समिति का नेतृत्व

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान तलाश करने के लिए बुधवार को तीन अधिकारियों की समिति का गठन किया है।

उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में यह समिति गौतमबुद्ध नगर के किसानों की समस्याएं सुनेगी। किसानों के साथ बैठकर बातचीत करेगी। इसके बाद समाधान से जुड़े सुझाव राज्य सरकार को देगी। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि समिति अधिकतम तीन महीने में रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। समिति में दो सदस्य शामिल किए गए हैं। मेरठ के मंडलायुक्त और गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी इस समिति के सदस्य रहेंगे। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इस समिति का पूरा सहयोग करेंगे।

जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे

- 42 वर्षों में 50 हजार से ज्यादा कार्यक्रमों में दी आवाज

मुंबई। जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुंबई के एक बहुभाषी परिवार में 21 दिसंबर, 1932 को जन्मे सयानी ने 42 वर्षों में 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया और उन्हें अपनी आवाज दी। सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया कि रेडियो पर अमीन सयानी की मखमली आवाज ने हर पीढ़ी के लोगों को अपना बना लिया।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं आज से, निगरानी को एसटीएफ तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

55 लाख से अधिक परीक्षार्थी

8265 केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर
- राज्य सरकार ने किए कड़े प्रबंध, पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल : दीपक कुमार
- संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था

अमृत विचार : प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कुल 12 कार्य दिवसों में संपन्न होगी।

ब्रिटेन की संसद में मनाया जम्मू-कश्मीर संकल्प दिवस

लंदन, एजेंसी। विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' (जेकेएससी) ने ब्रिटेन के संसद भवन परिसर में संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। भारत के केंद्र शासित प्रदेश संबंधी ऐतिहासिक प्रस्ताव को मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के दोनों दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया। मंगलवार के कार्यक्रम में 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव को चिह्नित किया गया, जिसमें भारत के अडिग रुख की पुष्टि की गई कि जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है।

340 रुपये प्रति क्विंटल हुआ गन्ने का मूल्य

ऐतिहासिक कीमत

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए 10.25 फीसदी की चीनी रिकवरी दर पर गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 340 रुपये प्रति क्विंटल रखने को मंजूरी दे दी। यह गन्ने की ऐतिहासिक कीमत है जो चालू सीजन 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है। संशोधित एफआरपी 10 फरवरी से 01 अक्टूबर 2024 तक लागू होगी। नया एफआरपी गन्ना किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार भारत के घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य लोगों को फायदा होने वाला है। यह किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मंजूरी के साथ, चीनी मिलें गन्ने की एफआरपी 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर 340 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेंगी। वसूली में प्रत्येक 0.1 फीसदी की वृद्धि के साथ, किसानों को 3.32 रुपये की अतिरिक्त कीमत मिलेगी, जबकि वसूली में 0.1 प्रतिशत की कमी पर समान राशि की कटौती की जाएगी। हालाँकि, गन्ने का न्यूनतम मूल्य 315.10 रुपये प्रति क्विंटल है जो 9.5 प्रतिशत की रिकवरी पर है। भले ही चीनी की रिकवरी कम हो, किसानों को 315.10 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एफआरपी का आश्वासन दिया जाता है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य सही समय पर मिले। पिछले चीनी सीज़न 2022-23 का 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया और अन्य सभी चीनी सीज़न का 99.9 प्रतिशत किसानों को पहले ही भुगतान किया जा चुका है, जिससे चीनी क्षेत्र के इतिहास में सबसे कम गन्ना बकाया लंबित है।

कांग्रेस पर आयकर विभाग की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के खातों से 65 करोड़ हस्तांतरित करने के निर्देश
- कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा, यह कदम अलोकतांत्रिक

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने विभिन्न बैंकों को उसके खातों से 65 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करने के लिए कहा है, जबकि आयकर रिटर्न से संबंधित मामला अदालत के विचाराधीन है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यह कदम अलोकतांत्रिक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल आयकर विभाग ने बैंकों को कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के खातों से 65 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित करने के लिए कहा। यह सरकार की तरफ से उठाए गए चिंताजनक कदम का द्योतक है।

माकन के अनुसार, 60.25 करोड़ रुपये की राशि कांग्रेस के खातों और पांच करोड़ रुपये युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के खातों से हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि क्या राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के लिए आयकर देना आम बात है? नहीं। क्या भाजपा आयकर देती है? नहीं।

प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन

नई दिल्ली। कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई हाईकोर्ट से वकालत शुरु की। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

गगनयान के मानव मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

बेंगलुरु, एजेंसी

- इसरो की बड़ी उपलब्धि : कठिन परीक्षण में इंजन की क्षमता का पता लगाया गया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।

इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा

लखनऊ। सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर मौर्य समर्थक बुधवार को तैयारी में जुटे रहे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। इसके लिए उनके समर्थक सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा इन राज्यों के विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन के जरिये पूर्व मंत्री दूसरे दलों को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।

एक नजर

सीबीएसई : 10वीं हिंदी का आसान रहा पेपर

अमृत विचार लखनऊ : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई बोर्ड सीबीएसई की परीक्षाएं जारी हैं। बुधवार को 10वीं की परीक्षा में हिंदी विषय की परीक्षा छात्र-छात्राओं ने दी। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने बातचीत में बताया कि प्रश्नपत्र सरल था। छात्रों ने बताया कि कुछ प्रश्नों को लंबा करके पूछा गया था जिससे हल करने में दिक्कत हुई बाकी पेपर ठीक था। सभी प्रश्न हल कर लिए हैं। बता दें कि लखनऊ के 38 केन्द्रों पर 40 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दें रहे हैं। सीबीएसई के क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर डॉ जावेद आलम ने बताया कि परीक्षा में निगरानी के लिए सचल दल सक्रिय हैं बुधवार को भी परीक्षा दौरा कोई गड़बड़ी कि शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गये हैं कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाए।

आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र कंप्यूटर में बनेंगे दक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रदेश में संचालित हो रहे हैं 94 आश्रम पद्धति विद्यालय

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अब कंप्यूटर शिक्षा में भी दक्ष होंगे। अप्रैल से आईपी फाउंडेशन की ओर से उनको कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र अध्यनरत हैं। छात्रों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए आईपी फाउंडेशन ने समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत को प्रस्ताव दिया। समाज कल्याण निदेशक को फाउंडेशन के लोगों ने बताया कि कक्षा 10 से 12 तक के छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। व्यावसायिक प्रशिक्षण रोजगार में इनके लिए सहायक होगा। जबकि अन्य छात्रों को कंप्यूटर के विभिन्न प्रोग्रामिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। फाउंडेशन की ओर से कंप्यूटर की शिक्षा देने का पूरा शेड्यूल समाज कल्याण निदेशक को दिया गया है। निदेशक कुमार प्रशांत ने अप्रैल से निशुल्क प्रशिक्षण देने पर सहमित जता दी है। उन्होंने बताया कि सूचना क्रांति में नए-नए परिवर्तन हो रहे हैं। छात्रों का जब कंप्यूटर की संपूर्ण जानकारी होगी तो भविष्य में उनको मदद मिलेगी। ग्राफिक डिजाइनिंग आदि भी उनके लिए कारगर साबित होगी।

हेल्पलाइन नंबर्स के साथ लाइव मॉनीटरिंग भी की जाएगी

परीक्षार्थियों की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

यूपी बोर्ड परीक्षा

▸▸ विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए चलाई गईं स्पेशल बसें

अमृत विचार : राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ के साथ-साथ विद्या समीक्षा केंद्र लखनऊ, परिषद मुख्यालय, प्रयागराज और 05 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। जिनसे प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों एवं जनपद स्तरीय कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग सेंटर की लाइव मॉनीटरिंग की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों एवं जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 6607/8) तथा परीक्षार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान व मनोवैज्ञानिक परामर्श के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 5310/12) भी स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, हेल्पलाइन व अन्य व्यवस्थाएं शुरू कराई गई हैं।

ड्यूटी से गैरहाजिर कार्मिकों पर होगी कार्रवाई : शासन ने बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक एवं अन्य कार्यों के संपादन के लिए लगाई गई ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की व्यवस्था की है। विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए बोर्ड परीक्षा स्पेशल बसों, परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, परीक्षा केंद्रों एवं आस-पास की साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन, परीक्षार्थियों, परीक्षा कार्मिकों को आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जा रही है।

पहली बार ये होगा

- कक्षों में लगाए गए लगभग 3 .11 लाख कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण के साथ सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कम्प्यूटराइज्ड परिचय पत्र जारी किया गया है।
- उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पृष्ठ पर क्यूआर कोड, क्रमांक संख्या एवं लोगो के अतिरिक्त उसके आंतरिक पृष्ठ पर भी परिषद का लोगो तथा प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या के साथ-साथ चार अलग-अलग रंगों में सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं मुद्रित कराई गई हैं।
- क्विक रिस्पॉस टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है जो सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाकर जनसामान्य को गुमराह करने और सरकार की छवि धूमिल करने के प्रयासों की निगरानी करेगी और त्वरित कार्यवाही कराएगी।

चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आरोग्य मेला आज से

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के अवध शिल्प ग्राम में गुरुवार को चार दिवसीय तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय आरोग्य मेला-24 का उदघाटन केन्द्रीय मंत्री आयुष सर्वानन्द सोनोवॉल द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री मुन्जपारा,प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर आयुष एवं वेलनेस तथा प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न सत्रों में आयुष पर आधारित कार्यशाला एवं सत्र आयोजित होंगे। इस अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

भाजपा में शामिल हुए सपा-बसपा के कई पूर्व सांसद और विधायक

विरोधी दलों के कई पंचायत व निकाय प्रतिनिधि भी आए पार्टी में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

भाजपा मुख्यालय पर सपा व बसपा के पूर्व सांसदों व विधायकों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के दौरान उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार : सपा, कांग्रेस और बसपा से तमाम दिग्गज नेताओं का भाजपा में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। राज्य मुख्यालय पर बुधवार को आठ ऐसे नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता दिलाई जो कभी सांसद और विधायक रहे। इसी के साथ संगठन में भी बड़े ओहदे पर काम करने वाले और पूर्व में प्रत्याशी रहे सपा, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं समेत इन दलों से जुड़े तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों ने भी हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद शीश राम सिंह रवि (बिजनौर), बसपा के पूर्व पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ. दानिश कमाल, सपा के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक कालीचरन सोनकर (मीरजापुर), बसपा के पूर्व एमएलसी अनिल कुमार अवाना (गौतमबुद्धनगर), सपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर (कानपुर ग्रामीण), सपा से पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी (हमीरपुर), सपा सरकार में मंत्री रहे स्व. राजेन्द्र सिंह राणा की पुत्री प्रियम्वदा राणा (सहारनपुर), सपा के पूर्व विधायक भोनूराम सोनकर (गाजीपुर), बसपा से तीन बार विधायक छब्बू पटेल (चन्दौली), सपा के पूर्व विधायक डॉ. राम प्रकाश कुशवाहा (कानपुर), सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. ऋचा सिंह (प्रयागराज पश्चिम), फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेन्टस वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरिओम कठेरिया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरि किशोर तिवारी (इटावा), यूपी श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लि. के पूर्व चेयरमेन सुशील कुमार कटियार, जिला

▸▸ शीशराम, दानिश, कालीचरन, अवाना, कमलेश, अम्बेश, भोनूराम, छब्बू, रामप्रकाश ने हजारों समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

अधिवक्ता संघ बांदा के अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व. रामनाथ दुबे के पुत्र राजेश कुमार दुबे, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कोरी, बहुजन समाज दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखलाल गौतम, झांसी से बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरके अहिरवार बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसी के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित होने वालो में बसपा से उरई, जालौन के नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी, अध्यक्ष नगर पालिका बस्ती नेहा अंकुर वर्मा व उनके अंकुर वर्मा, सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जफर बेग (बरेली), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव नंद, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक कुमार त्रिपाठी (प्रतापगढ़), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा (ललितपुर), सपा के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी मनोज कुमार यादव (जौनपुर), पूर्व निर्दल विधानसभा ललितपुर रमेश खटीक, सपा मजदूर सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन श्रेष्ठ, सपा मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रमणि राय (सोनभद्र), पूर्व प्रदेश सचिव सपा छात्रसभा विवेक यादव (जौनपुर), सपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेनु बाला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सचान, आप के अनुसूचित जाति, जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश बाल्मीकि, अखिल भारतीय अयोध्या वासी युवा वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से अपने समर्थको के साथ सम्मिलित हुए।

भाजपा परिवार में नगर पंचायत के अध्यक्षों में गरौठा, झांसी से डॉ. अरूण मिश्रा, मेंडू हाथरस से सचेन्द्र कुशवाहा, मुण्डरेवा बस्ती से सुनील सिंह, सादाबाद हाथरस से हेमलता, भरगेंन कासगंज से चमन खां, मोहनपुर कासगंज से पुनीत यादव, सिढ़पुरा कासगंज से कंचन गुप्ता, उसावां बदायूं से प्रियंका चौहान अपने समर्थको के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

80 सीटें जीतने के लिए मिलकर करेंगे काम : भूपेंद्र

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न विचारधाराओं व विभिन्न राजनीतिक दलों में काम करने वाले बड़ी संख्या में जुड़ना चाहते हैं। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी भारतीय जनता पार्टी मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लिए मिलकर काम करेगें।

रायबरेली की जनता उतारेगी राहुल का नशा : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी प्रदेश के युवाओ को नशेड़ी बता रहे है। 2019 में अमेठी की जनता ने उनका नशा उतारा था, अब 2024 में रायबरेली की जनता उनका नशा उतारेगी। युवाओं का अपमान करना कांग्रेस के युवराज की आदत हो गई है।

100 दिनों में तय करना है लक्ष्य : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं ने जन-जन में पैठ बनाई है। विश्व पटल पर भारत की धाक भी बढ़ी है और धमक भी बढ़ी है। आने वाले 100 दिन पूर्ण परिश्रम से काम करते हुए सतत सम्पर्क व संवाद के माध्यम से जन-जन तक पहुंचने और प्रत्येक बूथ पर विजय प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ तय करना है।

विधान परिषद में और बढ़ा भाजपा का दबदबा

अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद में भाजपा का दबदबा और बढ़ गया है, जबकि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद सपा की स्थिति सदन में कमजोर हो गई है। खास बात यह है कि पहले ही कांग्रेस विहीन हो चुका यह उच्च सदन जल्द ही बसपा विहीन भी होने जा रहा है।

बसपा के एकमात्र एमएलसी भीमराव आंबेडकर का कार्यकाल इसी साल 5 मई को खत्म हो जाएगा। 100 की संख्या वाली विधान परिषद में फिलहाल भाजपा और उसके सहयोगियों की सदस्य संख्या 85 है। प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों में भाजपा का दबदबा है जबकि मुख्य प्रतिद्वंदी दल सपा की सदस्य संख्या नौ से घटकर आठ रह गई है। ऐसे में फिलहाल उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली ही बना हुआ है, क्योंकि इस पद पर काबिज होने के लिए न्यूमतम 10 सदस्यों का होना जरूरी है। कांग्रेस के एमएलसी दीपक सिंह का कार्यकाल खत्म होने के बाद परिषद में उसका कोई सदस्य नहीं रह गया है। यही स्थिति 5 मई के बाद बसपा की होगी। कांग्रेस के पास फिलहाल दो और बसपा के पास सिर्फ एक विधायक है।

चुनाव में बच्चों का उपयोग कतई न किया जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहा, बालश्रम कानून का कड़ाई से अनुपालन किया जाए

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचन कार्यों में बच्चों का उपयोग कतई न किया जाय। बालश्रम कानून का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस सिलसिले में आयोग की ओर से निर्देश जारी किये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने बालश्रम कानून के तहत लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव व उप चुनावों के समय निर्वाचन संबंधी कार्यों, प्रचार अभियानों व अन्य चुनावी गतिविधियों में बच्चों के उपयोग के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश देते हुए राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों व निर्वाचन मशीनरी को निर्देशों का पालन करने को कहा है।

राजनीतिक दलों को सलाह दी गई है कि वे पोस्टर-पैम्फ्लेट बांटने या नारेबाजी करने, प्रचार अभियान रैलियों व अन्य चुनावी गतिविधियों व निर्वाचन की बैठकों आदि में भाग लेने सहित किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी अभियानों में बच्चों का उपयोग से बचना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये हैं कि चुनाव के दौरान बच्चों को रैलियां निकालने, नारे लगवाने, पोस्टर व पैम्फलेट्स बांटने या निर्वाचन संबंधी अन्य गतिविधियों व प्रचार अभियानों में शामिल न किया जाए। साथ ही, राजनीतिक नेताओं व अभ्यर्थियों द्वारा बच्चों को गोद में लेने, वाहन या रैलियों में बच्चे को ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। राजनीतिक दलों को किसी भी तरह के प्रचार अभियान गतिविधियों के लिए बच्चों का उपयोग नहीं करना होगा।

प्रचार-अभियान की झलक बनाने में नहीं होगा बच्चों का उपयोग : आयोग के निर्देश में कहा गया है कि कविता, गीतों, मौखिक शब्दों का प्रयोग करने, राजनीतिक दल व अभ्यर्थी के प्रतीक चिह्नों का प्रदर्शन करने, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन करने, किसी राजनीतिक दल की उपलब्धियों को बढ़ावा देने या विरोधी राजनीतिक दलों व अभ्यर्थियों की आलोचना करने सहित किसी भी प्रकार से राजनीतिक प्रचार-अभियान की झलक बनाने के लिए बच्चों का उपयोग करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। फिर भी इसके अलावा यदि किसी राजनीतिक नेता के समीप अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ किसी ऐसे बच्चे की उपस्थिति पाई जाती है, जो राजनीतिक दल के किसी निर्वाचन प्रचार अभियान में शामिल नहीं है, तो इसे बालश्रम कानून के उल्लंघन के तौर पर नहीं माना जाएगा।

कानून के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग ने सभी निर्वाचन पदाधिकारियों और मशीनरी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि वे निर्वाचन-संबंधी कार्यों व गतिविधियों के दौरान बच्चों को किसी भी हैसियत से शामिल करने से बचें। जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी व अन्य निर्वाचन प्राधिकारियों समेत राजनीतिक दलों निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को बालश्रम कानून से संबंधित सभी संगत अधिनियमों और कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्वाचन के दौरान बालश्रम कानून के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

आईआईटी कानपुर का होगा अपना 500 बेड का अस्पताल

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि इनोवेशन(नवाचार) हमारे देश का नया मंत्र है। इकोसिस्टम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश में अंतिम छोर तक पहुंच रहीं हैं। स्टार्टअप मूवमेंट इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देता है। इसी क्रम में कानपुर में आईआईटी द्वारा 500 बिस्तर का अस्पताल बनवाया जा रहा है। मुख्य सचिव, बुधवार को लोकभवन में परिवार कल्याण विभाग और एपीएसी न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हेल्थकेयर इनोवेशन कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं के साथ ही शोध भी होंगे, जो कि इलाज को आसान और गुणवत्ता युक्त बनायेंगे। इसके लिए आईआईटी कानपुर और केजीएमयू के प्रोफेसर्स अभी से नए-नए उपकरणों का अनुसंधान कर रहें हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा वितरण पर टेलीमेडिसिन के परिवर्तनकारी प्रभाव की भी सराहना की। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव रंजन कुमार ने ईज ऑफ हेल्थी लिविंग को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लेने के लिए जोर दिया।

लोन देने में संकोच न करें बैंक, मिलेगी हर सुरक्षा-सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने की चालू वित्तीय वर्ष की समीक्षा

▸▸ सात सालों में 12.80 लाख करोड़ से 26 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंकिंग व्यवसाय

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।

बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। लोन मेलों का यह क्रम आगे भी जारी रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड , 1111 बैंकिंग आउटलेट की शुरुआत की और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जिले में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने की प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।

2,98,551 करोड़ का दिसंबर 2023 तक बांटा लोन

साल 2016-17 में बैंकों द्वारा राज्य में कुल 137452 करोड़ लोन बांटा किया गया था। जबकि 2022-23 में कुल 300430 करोड़ का लोन दिया गया। और दिसंबर 2023 तक 298551 करोड़ का लोन वितरित जा चुका है।

जल जीवन मिशन कर्मियों का चार फीसदी बढ़ा महंगाई भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जल निगम ग्रामीण की 5वीं बोर्ड बैठक में बुधवार को विभागीय कर्मियों के डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी का फैसला हुआ। जल जीवन मिशन में शानदार काम करने के लिए कर्मचरियों को इनाम मिला है।

मुख्यालय सभागार में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव व बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रबंध निदेशक डॉ. बलकार सिंह, बोर्ड के सदस्य बृजराज यादव, राजेश प्रजापति और अरुण कुमार मौजूद रहे। प्रबंधन ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में (डीए) में चार फीसदी की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया। यह महंगाई भत्ता पहले 196 फीसदी हुआ करता था जोकि अब बढ़कर 200 फीसदी हो गया है। इस बढ़ोतरी से जल निगम ग्रामीण के बजट में करीब छह करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। 3265 कर्मचारियों और 7596 पेंशनरों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। एक मार्च से बढ़ा वेतन लागू होगा। बोर्ड बैठक में जल निगम ग्रामीण के कार्यालय के रखरखाव के बजट के संबंध मे भी प्रस्ताव पास किया गया है।

ऐसे होगी वेतन में बढ़ोतरी

उदाहरण के तौर पर अगर किसी कर्मचारी का वेतन वर्तमान में 25000 है तो चार फीसदी डीए की बढ़ोतरी के बाद उसके वेतन में एक हजार रुपये की वृद्धि हो जाएगी। इसी तरह से बढ़ते क्रम में वेतन बढ़ता चला जाएगा। 3265 कर्मचारियों और 7596 पेंशनरों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। महीने के आधार पर कर्मचारियों के वेतन पर 21 लाख रुपये और पेंशनर पर 29 लाख रुपये बजट का खर्च आएगा। कुल 50 लाख रुपये मासिक और छह करोड़ रुपये का वार्षिक अतिरिक्त बजट खर्च होगा।

गांव में सेवाएं देने पहुंचेंगी टीएमटी मेडिकल बस

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोटस टीएमटी मेडिकल बस से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी। इस बस के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा , दन्त परीक्षण एवं चिकित्सा , पैथोलॉजी प्रयोगशाला , सामान्य चिकित्सा ,इलेक्ट्रो काडियोग्राफी, एक्स-रे सहित कई सुविधाएं मिल जायेंगी, जिससे उन्हें दूर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री, बुधवार को राजभवन कॉलोनी स्थित अपने सरकारी आवास पर मेडिकल बस को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करने के दौरान बोल रहे थे। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान द्वारा संचालित हॉस्पिटल ऑन व्हील्स सेवा के तहत बस में परीक्षण, एक्स-रे और ईसीजी सुविधाओं के लिए प्रयोगशाला भी है। बीडीजी के सुमित भट्ट ने बताया कि सामान्य तौर पर चिकित्सकीय सेवाओं के लिए मात्र 10 रुपये दान के रूप में लिया जाता है। इस राशि का उपयोग गरीबों के मुफ्त इलाज प्रदान करने में किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले 18 महीनों में इस बस द्वारा लगभग 23 हजार किलोमीटर की यात्रा के दौरान 400 शिविर संपन्न हुये, जिनमें करीब 56 हजार रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं।

समझौता | इंडिया गठबंधन की हवा निकलने की बात करने वालों को मिला करारा जवाब

अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता करने का दबाव बना रहे थे दोनों दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने सीटों पर समझौता करके इंडिया गइबंधन की हवा निकलने की बात करने वालों को करारा जवाब दिया है। एक बात तो तय थी कि यह स्थिति जैसे-तैसे बननी थी, बस दोनों ही दल अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता करने का अपने-अपने तरीके से दबाव बना रहे थे, क्योंकि सपा जहां उप्र. में अपने को बड़ा दल मानती है तो वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर। इसीलिए बात लंबी खिंच रही थी और भ्रम यह फैला कि गठबंधन टूट गया है।

एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव तेजी के साथ अपने उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बना रहे थे तो वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी निरन्तर अपनी यात्रा में दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यकों के मुद्दे को सपा के पीडीए फार्मूले के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूती से उठा कर सपा को संदेश दे रहे थे। संदेश के पीछे उप्र. में संभावित समझौते के तहत कमजोर नहीं बल्कि उन सीटों को हासिल करना था जिस पर लड़कर कांग्रेस की साख बची रहे। बहरहाल, मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने भी सपा को एक सीट दी है। सपा मप्र. में खजुराहो सीट पर लड़ेगी।

सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दिए जाने के अलावा उप्र. में अपने हिस्से की एक सीट आजाद समाज पार्टी को दी है। नगीना सीट पर उसके नेता चंद्रशेखर आजाद का लड़ना पहले से ही बताया जा रहा था। वास्तव में, दोनों दलों के बीच गतिरोध सीट की संख्या से ज्यादा इस पर था कि कांग्रेस को कौन-कौन सी सीट दी जा रही हैं। फिलहाल सपा अब कुछ ऐसी सीट देने पर सहमत हो गई है जिसपर कांग्रेस लड़ना चाहती है।

समझौते के तहत सपा ने कांग्रेस को जो सीटें दी हैं उनमें वाराणसी-अमरोहा समेत कुछ पर अपने प्रत्याशी भी उतार दिए हैं। अब सपा अपने प्रत्याशियों को वापस लेगी और कांग्रेस की तरफ से नामों की घोषणा होगी। उधर, कांग्रेस भी दो सीटों समझौता करने पर सहमत हुई है। कांग्रेस ने मुरादाबाद सीट छोड़ दी। वहीं, सीतापुर सीट जहां कांग्रेस को दे दी गई है। वहीं, हाथरस की सीट अब सपा ने वापस ले ली है।

प्रियंका ने करायी सपा-कांग्रेस की दोस्ती

लखनऊ : कांग्रेस और सपा के समझौते में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की की अहम भूमिका रही। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से उनकी फोन पर हुई बातचीत के बाद सीटों पर निर्णायक सहमति बनी। सूत्रों मुताबिक, प्रियंका ने अखिलेश से कहा कि, अगर वे साथ नहीं लड़ते हैं, तो इससे विपक्षी एकता का खराब संदेश जाएगा। इसके तुरंत बाद अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया आयी और उन्होंने साफ किया कि गठबंधन होगा। सीट बंटवारे को लेकर सपा का कांग्रेस में कोई विवाद नहीं है। अब अखिलेश यादव राहुल गांधी के साथ कांग्रेस की न्याय यात्रा में भी नजर आएंगे। दरअसल, कांग्रेस नेतृत्व में इस बात की भी चिंता थी कि अगर पार्टी सपा की प्रस्तावित कम प्रभाव वाली सीटों पर लड़ी, तो इससे न केवल उसका इस चुनाव में नुकसान होगा, बल्कि पार्टी हमेशा के लिए उप्र . में कमजोर हो जाएगी। अंततः दोनों दलों के बीच समझौता हो गया।

प्रतिक्रिया

जिस गठबंधन को खड़ा करने के लिए रालोद के जयंत चौधरी ने बहुत प्रयास किये थे। अब रालोद के बगैर इस गठबंधन से कोई फायदा नहीं होने वाला है। जिस गठबंधन के साथ जयंत चौधरी होंगे, उसी गठबंधन का परचम चुनाव में लहरायेगा।

-अनिल दुबे, राष्ट्रीय प्रवक्ता रालोद

ताकतहीन दलों के गठबंधन करने से कोई फायदा नहीं है। वे मिलकर लड़े या अलग-अलग लड़ें, कोई मतलब नहीं है। उप्र . की सभी 80 लोकसभा सीट एनडीए जीतेगी। इंडिया गठबंधन के पास कोई ताकत नहीं है।

-ओपी राजभर, (अध्यक्ष सुभासपा)

सपा-कांग्रेस गठबंधन का कोई असर नहीं पड़ेगा। दोनों में तकरार हो या इकरार, वे मिलकर लड़ें या अलग-अलग, भाजपा गठबंधन उप्र . की सभी 80 सीटें जीतेगा। यहां कांग्रेस का खाता नहीं और सपा का जो पिछली बार खाता खुल गया था वो भी बंद हो जाएगा।

-केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री

जीत एक सौ एक प्रतिशत भाजपा की लोकसभा चुनाव में होगी। दो महीनों का इंतजार करिए सपा के परिणाम सामने होंगे।

-संघमित्रा मौर्य, भाजपा सांसद (बदायूं)

शहर में आज

- किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के सर्जरी विभाग में सर्जरी की बारीकियों पर कार्यशाला का आयोजन - 10:00 बजे।
- एलडीए कमेटी हॉल में वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांगजन समाधान दिवस का आयोजन - 10:00 बजे।
- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर में नित्यानंद त्रयोदशी का भव्य आयोजन - 10.30 बजे।
- उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान और आसरा वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रामाधीन सिंह डिग्री कालेज में संगोष्ठी - 12:00 बजे।
- श्रेया फाउंडेशन की ओर से संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में प्रख्यात गायकों मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, किशोर कुमार और मुकेश को संगीतमय श्रद्धांजलि का कार्यक्रम लीजेंड्स का आयोजन - 6.00 बजे।
- यायावर रंगमंडल द्वारा संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक 'भागो भूत आया' का मंचन - 6.30 बजे।

बिल्डरों पर आवास विकास का 500 करोड़ बकाया

ग्रुप हाउसिंग व व्यावसायिक भूखंड आवंटित कराये पर पैसा नहीं किया जमा, आस्था प्रोजेक्ट पर सबसे ज्यादा बकाया

गोपाल सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : नामी-गिरामी बिल्डरों ने आवास विकास की योजनाओं में ग्रुप हाउसिंग और व्यावसायिक भूखंड बुक कराए और मकान बनाकर बेच दिए, लेकिन पैसा नहीं जमा किया।

10 प्रतिशत आवंटन धनराशि जमा करने के बाद 10-15 वर्षों से आवास विकास के करोड़ों रुपये दबाए बैठे हैं। वृंदावन योजना, अवध विहार योजना और आम्रपाली योजना में ही 202 आवंटियों पर आवास विकास का लगभग 500 करोड़ रुपये फंसा है। इनमें से अकेले आस्था प्रोजेक्ट ग्रुप हाउसिंग पर परिषद का 225 करोड़ रुपये बकाया है। आरसी जारी होने के बावजूद बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। अब आवास विकास प्रशासन इनसे वसूली के लिए सख्ती करने जा रहा है। इनका आवंटन निरस्त करके भूमि पर अपना कब्जा वापस लेगा। इसके बाद नए सिरे से भूखंड के लिए आवंटन खोलेगा। परिषद ने आम्रपाली योजना में ऐसेलीन कंस्ट्रक्शन कालोनाइजर का आवंटन निरस्त कर दिया है। गौरतलब है कि काफी समय से अधिकारी बकाया पैसा जमा करने के लिए कह रहे थे लेकिन बिल्डर पैसा नहीं जमा कर रहे थे।

- आवास विकास की वृंदावन योजना, अवध विहार और आम्रपाली योजना में हैं 202 बकायेदार
- आवास विकास आवंटन करेगा निरस्त, वापस लेगा कब्जा
- आम्रपाली योजना में ऐसेलीन कंस्ट्रक्शन का आवंटन निरस्त

> लखनऊ की योजनाओं में बिल्डरों पर आवास विकास का लगभग 500 करोड़ रुपये बकाया है। 10-15 वर्षों से पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। अब परिषद अदेयता के आधार पर पैसा जमा न करने वाले आवंटियों का आवंटन निरस्त करेगा। टोकन अमाउंट काटते हुए शेष धनराशि वापस कर देगा। इसके बाद सम्पत्ति के लिए फिर से आवंटन खोला जाएगा।
> -हिमांशु गुप्ता, उप आवास आयुक्त, उप्र आवास एवं विकास परिषद

ये हैं बड़े बकायेदार

आवंटी	धनराशि (करोड़ रु.)
आस्था प्राजेक्ट ग्रुप हाउसिंग	225
अम्बा हाउसिंग इन्डस्ट्रीज	27.12
बसेरा सिटी डेवलपर्स प्रालि.	58.09 में से 11 करोड़ जमा किए
पीएसीएल इंडिया लिमिटेड	65.46
डिजर्व बिल्डर्स	45.73
बीएन इन्फ्राटेक	23
फाल्कन टाउनशिप प्रालि.	22.95
एएस होटल प्रालि.	12.67
सामिया इंटरनेशनल	6.74

100 पंचायतों में खर्च शून्य 45 सचिवों से स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में खर्च नहीं किया बजट
- 13 करोड़ राज्य वित्त व टाइड ग्रांट का खातों में डंप

अमृत विचार : ग्राम निधि के कार्यों की समीक्षा हुई तो 13 करोड़ रुपये खातों में डंप मिले। जबकि 100 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में एक भी रुपये खर्च नहीं हुए। 45 सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन की मोहलत दी गई है।

बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने विकास भवन स्थित कार्यालय में एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी के साथ विकास कार्यों व भुगतान की समीक्षा की। इस दौरान सभी 494 पंचायतों में राज्य वित्त आयोग के नौ करोड़ व चार करोड़ टाइड ग्रांट के खर्च न होना पाया गया। जबकि मार्च तक बजट खर्च करना है। इससे विकास कार्य न कराने की बात सामने आई। 100 ग्राम पंचायतें ऐसी निकलीं जहां, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में एक भी रुपये खर्च नहीं किया गया। इस पर नाराजगी जताते हुए सभी 45 सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। चेतावनी दी कि तीन दिन के अंदर सभी कार्य कराकर धनराशि खर्च की जाए। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक कृष्ण प्रताप सिंह, जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी, अभिषेक गुप्ता रहे।

एक नजर

पूर्व विधायक इंदल रावत पर धोखाधड़ी का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : कोर्ट के आदेश पर गोमती नगर पुलिस ने मलिहाबाद के पूर्व विधायक इंदल रावत के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पूर्व विधायक पर प्राथमिकी दर्ज होते ही समर्थकों में खलबली मच गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडेय के मुताबिक, विकासखंड गोमतीनगर निवासी राजेश पाण्डेय ने जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी पूर्व विधायक इंदल रावत पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह राज इंफ्रा हाउसिंग प्रालि. के प्रबंध निदेशक है। आरोप है कि 6 मंजिला भूखण्ड बनाने के लिए पूर्व विधायक ने उनकी फर्म से अनुबंध पत्र किया था। उनके द्वारा कई मदों में 2 करोड़ 52 लाख रुपये हड़प लिया गया था। ठगे जाने की जानकारी होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे, लेकिन पूर्व विधायक आनाकानी करने लगे। इस पर पीड़ित ने गोमती नगर थाने में लिखित शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पूर्व विधायक इंदल रावत पर प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

ग्रामीण आवास तो बनाए पर फोटो अपलोड नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना के बने आवासों की फोटो अपलोड नहीं की गई। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक विकास ने संबंधित खंड विकास अधिकारी को चेतावनी दी है। 2022-23 व 2023-24 में बने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास पूर्ण होने के बाद भी उनकी फोटो अपलोड नहीं की गई है। समीक्षा हुई तो प्रधानमंत्री आवास योजना के काकोरी में 90 प्रतिशत, सरोजनी नगर में 76, मलिहाबाद में 49, चिनहट में 48, मोहनलालगंज में 40, गोसाईंगंज में 31 प्रतिशत व सबसे खराब प्रगति बीकेटी की 9 व माल की 4 प्रतिशत अपलोडिंग रही। इसी तरह मुख्यमंत्री आवास में काकोरी 91, सरोजनी नगर में 68, मलिहाबाद में 52, चिनहट में 100, मोहनलालगंज में 95, गोसाईंगंज में 44 प्रतिशत व सबसे खराब प्रगति बीकेटी की 3 व माल की 2 प्रतिशत है। इस पर संबंधित खंड विकास अधिकारी को सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

शादी में बिजली चोरी के मामले में कई निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता

- लोगों से संपर्क कर बिजली से जुड़ीं समस्याओं को दूर करें अधिकारी : चेयरमैन

लखनऊ : उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने बुधवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक कर बिजली सेवा व जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

अधीक्षण अभियंता के साथ आयोजित इस बैठक में चेयरमैन ने अधिकारियों से कहा कि लोगों से संपर्क कर बिजली सप्लाई से संबंधित दिक्कतों को दूर किया जाए। जिससे गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा सके। बिजली सप्लाई के लिए गर्मियों का मौसम बहुत संवेदनशील रहता है। इन दिनों में किन कारणों से बिजली सप्लाई बाधित होती है, उन कारणों का भी हर हाल में समाधान किया जाए।

कई निलंबित : बीते माह 18 फरवरी को कपूरथला के पटेल पार्क में एक शादी समारोह था, जिसमें चोरी से बिजली का प्रयोग हो रहा था। इसकी सूचना जब एमडी कार्यालय को दी गई तो मामले की जांच की गई।

बुधवार को चेयरमैन ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में कहा कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई कर बताया जाए। इसके बार तत्कालीन अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई विकास कुमार मिश्रा और लाइनमैन दिनेश और विक्रमाजीत गुप्ता को निलंबित कर दिया गया।

चिनहट और गोमतीनगर में उपभोक्ता परेशान

चेयरमैन ने गोमती नगर और चिनहट के एक्सीएन को कार्य में और सुधार लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा चिनहट और गोमती नगर के उपभोक्ता परेशान हैं। जल्द ही सुधार नहीं हुआ तो उन्हें हटाया जायेगा।

रात में नहीं बंद होगा एयरपोर्ट सुचारू रहेंगी विमान सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर प्रतिदिन 170 विमान भरते हैं उड़ान
- एयरपोर्ट को 29 फरवरी की रात 10 से सुबह 6 बजे तक 6 माह के लिए बंद करने का भेजा गया था प्रस्ताव

अमृत विचार : निर्माण कार्यों को लेकर चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट को बंद करने के प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिली है। एयरपोर्ट को 29 फरवरी से रात 10 से सुबह 6 बजे तक बंद करके टैक्सी ट्रैक समेत अन्य काम कराने थे। मौसम सामान्य होने और आमदनी प्रभावित होने के कारण फिलहाल बंदी के निर्णय को टाल दिया गया है।

बता दें कि चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर रोजाना करीब 170 विमान उड़ान भरते हैं। एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल का निर्माण हो रहा है। साथ ही एरो ब्रिज और पार्किंग वे का निर्माण हो रहा है। एरो ब्रिज बनने से यात्रियों को यह लाभ होगा कि टर्मिनल से सीधे एयर क्राफ्ट में चले जाएंगे। अभी तक सीढ़ी लगने के बाद यात्री उतरते थे।

कई बार यात्रियों को बारिश में भीगते हुए एयर क्राफ्ट तक जाना पड़ता था। पार्किंग एरिया 14 से बढ़कर 18 होने पर पार्किंग सुविधा भी बढ़ेगी। जिससे चार्टर्ड विमान आदि को पार्क करने में सुविधा होगी। टैक्सी ट्रैक, रनवे समेत अन्य कार्यों को लेकर उच्चाधिकारियों को छह माह के लिए रात 10 से सुबह 6 बजे तक बंद करने की अनुमति मांगी गई थी। उच्चाधिकारियों ने इसकी अनुमति नहीं दी है। रात की उड़ान सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

मौसम का असर, छह उड़ानें विलंब से गईः मौसम में बदलाव का असर एक बार फिर विमान सेवाओं पर पड़ा है। आधा दर्जन विमान विलंब से उड़ान भर सके। गोरखपुर से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या 9आई 809 दोपहर 12:45 के बजाय 3:38 पर पहुंची।

जबकि दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 5738 दोपहर 2:20 के बजाय 3:22 पर पहुंची। वहीं, लखनऊ से पटना जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5902 अपने सुबह 9:25 के बजाय 10:22 पर, लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या 9आई 810 दोपहर 1:10 के बजे शाम 4:35 पर, लखनऊ से पुणे जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या दोपहर 2:55 के बजाय 4:05 पर और लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2683 शाम 5:05 के बजाय 6:00 बजे उड़ान भर सकी।

26 से शुरू हो सकती है पांच शहरों के लिए उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आसान होगा मुरादाबाद, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और श्रावस्ती का सफर

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं 26 फरवरी से शुरू हो सकती हैं।

फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से ये सेवाएं 19 सीटर विमान से दी जाएंगी। हालांकि विमान का किराया और शेड्यूल अभी जारी नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार की पहल पर उड़ान योजना के तहत पांच शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन पांच शहरों के लिए विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं, उनका किराया 1800 से 2500 रुपये के बीच हो सकता है। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर सवा से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा।

बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंगलवार रात और बुधवार सुबह हुई बारिश, दिन भर छाए रहे बादल

बारिश के बाद मवैया स्थित पुल के नीचे जलभराव के बीच आवागमन करते राहगीर।

अमृत विचार : मौसम में बदलाव के बीच मंगलवार रात से लेकर बुधवार सुबह तक राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में कई बार बारिश हुई। इस दौरान ठंडी हवाएं भी चलीं। कई घंटों की बाधा के दौरान लखनऊ के आसपास के इलाकों में बिजली ने भी रुलाया। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में बूंदाबांदी के साथ ही ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, मौसम ने सोमवार देर रात से ही करवट ले ली थी। ऐसे में मंगलवार को भी मौसम बिगड़ा रहा। देर रात हुई बारिश का क्रम कई बार बुधवार सुबह तक चला। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना बन रही है। ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम विभाग का ये भी दावा है कि अगले 24 घंटे में लखनऊ और आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि, मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है। उधर, बारिश की आई बाधा के बीच लखनऊ के आसपास के इलाकों में कई बार बिजली भी गुल हुई।

पश्चिमी विक्षोभ के कारण बदला मौसम

मौसम वैज्ञानिक का मानना है कि पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ के कारण ही चली नम हवाओं से मौसम में बदल आ रहा है। कई स्थानों पर छाई बदली के बीच सर्द हवाएं भी चल रही हैं। इससे तापमान में गिरावट आई है। ऐसे में कई इलाकों को अलर्ट पर रखा गया है।

छाया रह सकता है हल्का कोहरा

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, आसमान में बादलों की आवाजाही के बीच हल्के से मध्यम तक कोहरा निकल सकता है। लखनऊ के आसपास हल्की से मध्यम बारिश होने के ज्यादा आसार है।

गृहकर पर अब नहीं मिलेगी पांच प्रतिशत की छूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भवन स्वामियों को अब गृहकर पर पांच प्रतिशत की छूट नहीं मिलेगी। नगर निगम गृहकर का लक्ष्य पूरा करने के लिए छूट की योजना खत्म करने जा रहा है। अधिकारियों ने अपने सीयूजी नम्बर से गृहकर में छूट की कॉलर ट्यून हटा दी है।

दरअसल, महापौर सुषमा खर्कवाल ने पिछली सदन की बैठक में 31 जनवरी को समाप्त हो रही पांच प्रतिशत की छूट को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक नगर निगम प्रशासन की ओर से इस सम्बन्ध में कोई आदेश जारी नहीं हुआ। वहीं अधिकारियों का कहना है कि गृहकर में पांच प्रतिशत छूट का सदन से पास हुए प्रस्ताव का आदेश नहीं आया है। बिना लिखा पढ़ी के छूट जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है।

कर निरीक्षक रात 11 बजे तक करेंगे वसूली, भेजेंगे जीपीएस लोकेशन

अमृत विचार, लखनऊ : गृहकर का लक्ष्य पूरा करने के लिए अब कर निरीक्षकों की ड्यूटी का समय बढ़ा दिया गया है। अब ये सुबह 8 से लेकर रात 11 बजे तक वसूली करेंगे। रात 9 बजे नगर निगम कंट्रोल रूम में अपनी लोकेशन भेजने के साथ जमा करायी गयी गृहकर धनराशि भी बतानी पड़ेगी। कर निरीक्षकों ने बुधवार को मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट से मिलकर विरोध दर्ज कराया। उनका कहना है कि महिला कर निरीक्षक रात में घर-घर जाकर कैसे हाउस टैक्स जमा कराएंगी। कई निरीक्षक बीमारी का हवाला देकर छुट्टी के लिए आवेदन कर रहे हैं।

द्विवार्षिक बैठक में जुटे आयकर अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सदस्यों के कामकाज और कॅरियर की संभावनाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा
- आयकर राजपत्रित अधिकारी सेवा संघ की 47वीं अखिल भारतीय द्विवार्षिक आम बैठक आयोजित

अमृत विचार : आयकर राजपत्रित अधिकारी सेवा संघ की 47वीं अखिल भारतीय द्विवार्षिक आम बैठक होटल हॉलिडे इन में बुधवार को आयोजित हुई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि आईआरएस सदस्य प्रशासन सीबीडीटी रवि अग्रवाल की उपस्थिति रही।

विशिष्ट अतिथि पूर्व महानिदेशक रामेश्वर सिंह की भी मौजूदगी रही। बुधवार को शुरू हुए 3 दिवसीय कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीगोआ सीएचक्यू नई दिल्ली के अध्यक्ष अरविंद त्रिवेदी ने की। उद्घाटन सत्र में भास्कर भट्टाचार्य महासचिव आईटीगोआ ने सदस्यों के कामकाज और कॅरियर की संभावनाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दे रखे और उनके निस्तारण पर बल दिया।

कार्यक्रम में एमएस वेंगेटसन अध्यक्ष आईटीईएफ सीएचक्यू, अखिल भारतीय केंद्रीय कर अधीक्षक संघ के पदाधिकारी बीपीके रेड्डी, संजय केआर महासचिव ने भी कई समस्याओं को रखा। रिसेप्शन कमेटी के अध्यक्ष रंजन श्रीवास्तव ने बीजीएम में भाग लेने के लिए पूरे देश से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। अध्यक्ष आईटीगोवा यूपी ईस्ट यूनिट रवि शेखर चौधरी ने सत्र में मेहमानों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया। एसोसिएशन के सदस्यों के सामने आने वाले मुद्दों को उठाया। सम्मानित अतिथि रामेश्वर सिंह ने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए एसोसिएशन को धन्यवाद ज्ञापित किया। बीजीएम के सफल समापन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल ने प्रतिभागियों को आश्वासन दिया कि विभाग के सदस्यों के सामने आने वाली समस्याओं और कठिनाइयों के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा सभी सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जेपी सिंह महासचिव आईटीगोवा यूपी ईस्ट यूनिट ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गौरव प्रकाश अपर सचिव आईटीजीओए यूपी ईस्ट यूनिट द्वारा किया गया।

आयकर राजपत्रित अधिकारी सेवा संघ की 47वीं अखिल भारतीय द्विवार्षिक आम बैठक में शामिल अफसर। अमृत विचार

बिजली समस्याओं के निराकरण के लिए आज लगेगा शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी की देखरेख में गुरुवार को गलत बिलों को सही करने, नये कनेक्शन देने और खराब मीटरों को बदलने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शिविर में अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारी मौजूद रहेंगे। यह आयोजन बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण के कांवर भवन में सुबह 10 बजे से होगा। शिविर में मुख्य अभियंता रजत जुनेजा के साथ अधीक्षण अभियंता योगेंद्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता यादवेंद्र कुमार यादव, उपखंड अधिकारी अमित कुमार, संतोष पाठक, मुश्ताक अहमद मंसूरी, जूनियर इंजीनियर सुनील कुमार, दिनेश कुमार, मुकुल यादव, मोहम्मद अरशद, संदीप कुमार और आनंद मारतोलिया के साथ कर्मचारी मौजूद रहेंगे। शिविर में सही बिलों को उपभोक्ता जमा भी कर पाएंगे।

सक्रियता हर मार्ग पर समय से बस सेवा उपलब्ध कराने की कोशिश

बसों के संचालन को तैयार हो रही एकीकृत समय-सारिणी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन मंत्री बोले, मुख्यालय करेगा संचालित, क्षेत्रीय अधिकारी अपने मन से नहीं चला पाएंगे बसें

अमृत विचार : उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों को समय से चलाने की कवायद एक बार फिर से शुरू हुई है। बसों के संचालन के लिए एक समय-सारिणी बनाई जा रही है। यह पूरे प्रदेश में संचालित हो रहीं बसों पर लागू होगी।

मंशा है कि यात्रियों को निरंतर समयबद्ध सेवाएं मिलें, साथ ही मार्गों पर रोडवेज बसें ओवरलैप न करें। एकीकृत समय-सारिणी मुख्यालय से बनाई जा रही है। इसमें बदलाव स्थानीय और क्षेत्रीय अधिकारी नहीं कर सकेंगे। पहले चरण में एसी बसों का समय सुनिश्चित कराया जाएगा।

परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बसों का समयबद्ध संचालन सुनिश्चित कराने के लिए 'इंटीग्रेटेड टाइम टेबल' बनाया जा रहा है। इसका नियंत्रण परिवहन निगम मुख्यालय से किया जाएगा। प्रायः देखा जाता है कि एक ही रूट पर एक ही रीजन की बसें दौड़ रही हैं। अक्सर बसों में क्षमता से कम यात्री देखे जाते हैं। इसका असर यात्रियों को मिलने वाली रोडवेज सेवाओं पर पड़ता है। एक ही मार्ग पर कई बसें दौड़ती नजर आती हैं तो कई मार्गों पर बस संचालन कम रहता है। एकरूपता लाने के लिए समय सारिणी बनाई जा रही है।

इससे यात्रियों को निरन्तर और समयबद्ध बस सेवाएं उपलब्ध होंगी और उन्हें बसों के लिए बेवजह लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में वातानुकूलित बसों को एकीकृत समय-सारिणी में लाया जा रहा है। इसके पश्चात साधारण बसों को भी समय सारणी में स्थान दिया जाएगा। मुख्यालय स्तर से ही समय सारणी अंतिम रूप से तैयार होगी। इसमें परिवर्तन करने का अधिकार मुख्यालय को ही होगा। अपरिहार्य स्थिति में क्षेत्रीय अधिकारियों को इसमें संशोधन की अनुमति मुख्यालय से लेनी होगी। एकीकृत व्यवस्था लागू हो जाने से सार्वजनिक वाहनों से यात्रा करना आसान होगा।

बेबी शो में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : कुर्सी रोड के आधार खेड़ा स्थित डोवर बोस्टन स्कूल में बुधवार को स्कूल के स्थापना दिवस पर बेबी शो एवं फेट का आयोजन किया गया। इसमें नन्हें बच्चों ने कविता पाठ, नृत्य तथा फैंसी ड्रेस शो में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध निदेशक अर्चना त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा प्रतिभा विकसित होती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैप्टन अतुल्य दयाल, नीना दयाल बुक राइटर फिल्म मेकर, एनके शर्मा ने भी अपने विचार रखे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य सुषमा श्रीवास्तव, अलका श्रीवास्तव, अर्चना पांडे, सरिता चौधरी, रागनी गुप्ता, सोनिका, आकांक्षा, रिचा श्रीवास्तव, शिवानी गौतम, विकास शुक्ला, अरुण यादव समेत बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

शहर को मिलेगा 'रामकी' के अनुभव का फायदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजधानी को एक वर्ष में हासिल हो सकता है पहला स्थान
- 11 देशों में वेस्ट टू मैनेजमेंट की जिम्मेदारी देख रही कंपनी

अमृत विचार : पिछले तीन वर्षों से लगातार गिर रही स्वच्छता रैंकिंग को सुधारने में कूड़ा प्रबंधन संभालने आयी चेन्नई एमएसडब्ल्यू प्रालि. (रामकी) के अनुभव का शहर को फायदा मिलेगा। कूड़ा प्रबंधन का काम योजनाबद्ध तरीके से शुरू होगा, जिससे अगले एक वर्ष में राजधानी स्वच्छता के मामले में देश में अव्वल स्थान हासिल कर सकता है।

11 देशों में वेस्ट टू मैनेजमेंट का काम देख रही कंपनी के पास कूड़ा प्रबंधन का पुराना अनुभव है। रामकी भारत सहित अमेरिका, सिंगापुर, साउथ अफ्रीका में तंजानिया, वियतनाम, ओमान, अबू धाबी और बांग्लादेश में काम कर रही है। दो महीने पहले ही जापान में काम शुरू कर दिया है। कंपनी कूड़े से बिजली बनाने के लिए हैदराबाद, दिल्ली, मुम्बई, रीवा में प्लांट लगा रही है। 3-4 वर्षों में हैदराबाद में कूड़े से 100 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। राजधानी में रामकी कम्पनी को नगर निगम के आठ में से पांच जोन में सफाई की जिम्मेदारी मिली है। मार्च से कम्पनी जोन एक के वार्डों में सफाई की जिम्मेदारी संभाल लेगी। इसके लिए मंगलवार को 150 इलेक्ट्रिक वाहन भी उतार दिए हैं। सभी पांच जोन के लिए संस्था लगभग 900 इलेक्ट्रिक वाहन उतारेगी। इससे शोर होगा, न प्रदूषण फैलेगा।

इसके अलावा डीजल चोरी का भी डर नहीं रहेगा। संस्था जोन एक, तीन, चार, छह और सात में घरों एवं प्रतिष्ठान से सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग उठाने के साथ सड़कों व पटरी की सफाई, नाली सफाई, कूडे. को ट्रांसफर स्टेशन एवं एमआरएफ स्टेशन लाने के साथ शिवरी प्लान्ट तक पहुंचाएगी। कंपनी के सीईओ मसूद मलिक ने बताया कि कर्मचारियों की भर्ती चल रही है। लगभग 8,000 कर्मचारी लगाए जाएंगे। कंपनी सफाई कर्मियों को 14,000 रुपये प्रतिमाह भुगतान करेगी। इसके अलावा ईपीएफ और ईएसआई की कटौती करेगी।

एक नजर

पुनर्वास विवि में जल्द हो सकती है कुलपति की नियुक्ति

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में रिक्त कुलपति पद के चयन को लेकर गठित कमेटी समीक्षा कर रही है।

इसको लेकर मांगे गए प्रस्ताव में 20 में से पांच लोगों को प्रमुख सूची में शामिल किया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द ही कमेटी किसी ठोस निर्णय पर पहुंचेगी। बता दें कि गत माह पूर्व भाषा विवि के कुलपति राधा कृष्ण पाल सिंह हटे थे। इनके स्थान पर कुलपति की नियुक्ति को लेकर शासन को चयन करना है। ऐसे में बीते दिन एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री और राज्यपाल कार्यालयों के जिम्मेदारों के अलावा एक्जीक्यूटिव बॉडी का एक सदस्य भी शामिल किया। इसी के बाद नाम मांगे गए। बताते हैं कि एक दो दिन के भीतर कमेटी द्वारा कुलपति की घोषणा कर दी जाएगी।

90 मिनट की होगी लखनऊ विवि की पीएचडी परीक्षा

परीक्षा समन्वयक बोले- नहीं की जाएगी निगेटिव मार्किंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली पीएचडी परीक्षाएं 90 मिनट की होंगी। प्रवेश समन्वयक का कहना है कि परीक्षा में 70 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसमें 35 प्रश्न विषय आधारित रहेंगे।

लविवि 24 और 25 फरवरी को पीएचडी परीक्षाएं आयोजित कर रहा है। इसको लेकर संस्थान अपनी तैयारियां पूरी कर चुका है। प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो. पंकज माथुर बताते हैं कि 70 प्रश्नों का प्रश्न पत्र विकल्पों पर आधारित होगा। 35 प्रश्न विषयों से जुड़े होंगे जबकि अन्य रिसर्च विषय पर आधारित। परीक्षा में सफल होने के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 35 और आरक्षित वर्ग को 33 अंक लाना अनिवार्य है। उत्तर पुस्तिकाओं में निगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी। समन्वयक बताते हैं कि 90 मिनट की परीक्षा में शामिल होने के लिए 30 मिनट पहले आना अनिवार्य है।

▸▸ 24 और 25 को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित होंगी पीएचडी की परीक्षाएं

अभ्यर्थियों को इससे मिलेगी सहायता

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र पर क्यूआर कोड अंकित किया गया है। इसके सहारे अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में सहायता मिलेगी।

मोबाइल की रहेगी नो इंट्री

प्रवेश परीक्षा में मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण लाने पर प्रतिबंध है। नीले और काले बॉल पेन व एडमिट कार्ड के अलावा मूल पहचान पत्र लाना अनिवार्य किया गया है।

छात्रों को स्केच डिजाइनर बनाने में करेंगे पारंगत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

● लखनऊ विवि के कई छात्रों को मिलेगा उद्यम और रोजगार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के हाथ में कापी- किताबों के साथ खिलौने भी होंगे। ये अच्छे डिजायनों के सहारे रोजगार अर्जित करेंगे। इन्हें सिखाने के लिए प्रख्यात प्रशिक्षक अमेरिका से लखनऊ आ गए हैं।

अमेरिका के प्रख्यात संस्थान में प्रशिक्षक पद छोड़कर घर लौटे दिलीप चौबे बताते हैं कि उन्हें प्रधानमंत्री के मेक इन इण्डिया का विजन इतना भाया कि उन्होंने नौकरी छोड़ देश के युवाओं को कुछ सिखाने का मन बनाया है। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों को चुना है। शुरुआत में इन्हें जेस्चर ड्राइंग की जानकारी दी जाएगी। फिर देसी खिलौने तैयार कराए जाएंगे, ताकि युवाओं को उद्यम और रोजगार मिल सके। कहते हैं शुरूआत में राम, हनुमान और रावण के खिलौने बाजार में लाए जाएंगे, फिर कार्य का विस्तार होगा।

कॉमिक और टॉय इंडस्ट्री के लिए अन्य राज्यों में भी तलाश

दिलीप चौबे कहते हैं कि कॉमिक, एनीमेशन और टॉय इंडस्ट्री के लिए वे अन्य राज्यों में भी प्रतिभाओं की तलाश में हैं। इसके लिए वे विश्वविद्यालयों में टॉक सेशन लगाकर प्रतिभाओं का आंकलन कर रहे हैं।

लखनवी हीरो पर कॉमिक बुक हो रही लांच

अमेरिका छोड़कर आए कॉमिक आर्टिस्ट एवं इंटरनेशनल एजुकेटर (वीडियो गेम्स एण्ड एनीमेशन) दिलीप चौबे बताते हैं कि वे राज कॉमिक्स के लिए 300 से अधिक करेक्टर डिजायन कर चुके हैं। जल्द ही लखनवी हीरो पर आधारित कॉमिक बुक गुड्डू दरोगा के पात्र से लांच करने जा रहे हैं। इसकी प्रथम सीरीज का नाम यूपी 41 होगा। इसके बाद की सीरीज यूपी 32 होगी।

तैयार किये जाने वाले खिलौने चाइनीज खिलौनों से कहीं अधिक आकर्षक और सस्ते रहेंगे। इससे बाजार में मजबूत पकड़ भी बनेगी। प्रशिक्षक कहते हैं कि अभ्यास और प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण होने पर व्यवस्थाएं आरंभ की जाएंगी, मॉडल तैयार कर लिया गया है।

राहुल गांधी ने दिया मदरसा शिक्षकों को मदद का आश्वासन

अमृत विचार, लखनऊ : शिक्षक मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एकता समिति ने मदरसा शिक्षकों ने राहुल गांधी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। राहुल गांधी ने शिक्षकों को मदद का आश्वासन दिया।

राहुल गांधी ने सरकार पर मदरसा शिक्षकों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। कहा कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 1992 में शुरू की थी। सरकार में आने पर दोबारा शुरू किया जायेगा। 21546 शिक्षकों को सात वर्षों से अधिक समय के वेतन डिमांड के बाद भी केन्द्र सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया गया है।

27 अनाथ बच्चे पा सकेंगे शिक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : अनाथ बच्चे अब अशिक्षित नहीं रहेंगे। बच्चों को कान्वेंट स्कूल में शिक्षा दिलाने के लिए फार्म भरा दिए गए हैं और शीघ्र ही 27 बच्चों का दाखिला वर्धा इंटरनेशनल एकेडमी और अवध कालीजिएट में हो जाएगा। भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत बेसहारा बच्चों को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए उनको बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से स्कूल भेजने का निर्णय लिया गया था। बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम ने बच्चों का विवरण जुटाया और उनका डाक्टरों से परीक्षण कराया। साथ बच्चों का मानसिक स्तर भी परखा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। नर्सरी से लेकर बड़ी कक्षा में बच्चों का दाखिला कराया जाएगा। वर्धा इंटरनेशन एकेडमी में 21 और अवध कालीजिएट में छह बच्चों का दाखिला कराया जाएगा। इनके फार्म भर दिए गए हैं। स्कूल में दाखिला कराने की प्रक्रिया मार्च तक चलेगी। उन्होंने बताया कि पढ़ाई पर आने वाला पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। सरकार की ओर से इनको स्कूल ड्रेस, कॉपी-किताब आदि दिलाई जाएगी।

छात्रों को सिखाए फाइलेरिया से बचाव के उपाय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रव्यापी फाइलेरिया मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में कैंप का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों को फाइलेरिया से होने वाली बीमारियां और बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान दवाओं का वितरण भी किया गया।

बुधवार को लविवि में तीन बूथ लगाए गए। कैंप का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा किया गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लिम्फैटिक फाइलेरियासिस (एलएफ) को खत्म करने के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत के छात्रों के बीच दवाओं का वितरण किया गया। कैम्प में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से आए डॉ. सोमनाथ और राज्य प्रोग्राम मैनेजर ध्रुव सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. नित्यानंद ठाकुर और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने विवि के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया संबंधी बीमारी और उससे बचाव के उपाय बताए। इस दौरान डॉ. आरके सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी की उपस्थिति में दवाओं का वितरण किया गया।

कैंप का उद्घाटन करते लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, साथ में अन्य।

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय में लगाए गए तीन कैंप

सार-संक्षेप

प्रतिभागी को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत करते कुलानुशासक। अमृत विचार

भाषा विश्वविद्यालय में हुआ उत्सव का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर साहित्य और भाषा के उत्सव वीणा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलानुशासक और मुख्य अतिथि डॉ. नीरज शुक्ला ने भाषा की समाहार क्षमता पर प्रकाश डाला। डॉ. पूनम चौधरी ने भाषा की वर्तमान आकांक्षाओं के संदर्भ में चर्चा की। डॉ. श्वेता अग्रवाल ने भाषा के मनोविज्ञान एवं उसके व्यावसायिक स्वरूप पर उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विभाग में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. मनीष महर्षि और डॉ. हिमांशु गंगवार ने अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सज्जा डॉ. आराधना अस्थाना और संचालन योगेंद्र द्वारा किया गया। छात्र गौरव शुक्ला, खुशबू रावत व पूजा राजपूत ने मातृभाषा पर अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के तमाम शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सभी को मिले मुफ्त शिक्षा व चिकित्सा की गारंटी

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय किसान यूनियन ने अपनी कई मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अलोक वर्मा ने बताया कि सरकार से हमारी मांगे है कि मूल्य वृद्धि पर नियत्रंण रखें, भोजन, दवाओं, कृषि इनपुट और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाएं, पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कमी करें। उन्होंने आगे कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों और खिलाड़ियों को रेलवे द्वारा कोविड के बहाने वापस ली गई रियायतें बहाल की जाएं। सभी के लिए मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गांरटी दी जाए एवं नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द किया जाए। किसानों को बीज, उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी बढ़ाया जाए। किसानों की उपज के लिए एमएसपी सीटू प्लस 50 की कानूनी गारंटी दी जाएं और किसानों की आत्म हत्याओं को हर कीमत पर रोका जाए। सभी कृषक परिवारों को कर्ज के जाल से मुक्त करने के लिए व्यापक ऋण माफी योजना की घोषणा की जाए। केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए लिखित आश्वासनों को लागू किया जाए।

आर्यकुल कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च कैंपस में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। सत्र में उपस्थित सदस्यों में उपनिदेशक डॉ.आदित्य सिंह, एचओडी बालकृष्ण सिंह, एचआर प्रमुख नेहा वर्मा, बी फार्मा के प्रशिक्षण प्लेसमेंट समन्वयक प्रियंका केसरवानी, डी फार्मा की ट्रेनिंग प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर डॉ.अंकिता श्रीवास्तव और प्रबंधन की ट्रेनिंग प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर व्योमा सेठ उपस्थित थीं। प्लेसमेण्ट चयन के दौरान एचआर प्रमुख पवन पांडे, शाखा प्रमुख अनिल, क्षेत्रीय व्यापार प्रमुख उपेन बजाज भी उपस्थित रहे।

आज से दर्ज करा सकते हैं आपत्तियां

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग 2024 (गेट) की उत्तर कुंजिका को लेकर आपत्तियों को लेकर साइट गुरुवार को खुलने जा रही है। आपत्ति दर्ज कराने की आखिरी तिथि 25 फरवरी तय की गई है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलोर ने इसकी जानकरी आधिकारिक वेबसाइट पर दी है। गेट के सभी विषयों की आंसर-की और क्वेशन पेपर आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। आपको बता दें कि इस परीक्षा को 3, 4, 10 और 11 फरवरी को देशभर के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया था। वहीं शेड्यूल के मुताबिक, गेट 2024 के परिणाम 16 मार्च को घोषित किए जाएंगे और स्कोरकार्ड 23 मार्च को जारी किए जाएंगे।

पुनर्वास विवि में दो दिवसीय व्याख्यान आज से

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दो दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार से आरंभ होने वाले कार्यक्रम में अमेरिका के पर्किन्स स्कूल फॉर द ब्लाइंड से जुड़े प्रशिक्षक और विशेषज्ञ भी सम्मिलित होंगे। इस दौरान व्याख्यान, शोध पत्रों की प्रस्तुति, विशेषज्ञों के मध्य चर्चा और क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों द्वारा मुख्य प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। यह सम्मेलन दृष्टिबाधित और बधिरान्ध व्यक्तियों के लिए अधिक समावेशी और सहायक वातावरण बनाने का प्रयास करेगा।

वर्गिकी के शोधों पर वैज्ञानिकों की पाठशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

▸▸ महाराष्ट्र, असम और कर्नाटक के 31 प्रतिभागी हुए शामिल, वर्गिको को लेकर हुए शोधों पर विस्तार से हुई चर्चा

अमृत विचार : सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में पादप वर्गीकरण एवं जैव वर्गिकी की पारंपरिक एवं आधुनिक पद्धतियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इंसा के विशिष्ट वैज्ञानिक डॉ. आर आर राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेषज्ञों द्वारा वर्गिकी के शोधों पर विचार प्रस्तुत किये गए। इस दौरान 31 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विजय विष्णु वाघ ने बताया कि देश में वर्गिकी के विशेषज्ञों की घटती संख्या एवं वर्गिकी के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग की आवश्यकता को देखते हुए ऐसे कार्यक्रम किये जाने आवश्यक हैं, ताकि वर्गिकी के विशेषज्ञों को तैयार किया जा सके।

डॉ. एसके तिवारी ने कार्यक्रम में शामिल 16 महिलाओं और 17 पुरुषों को बिन्दुवार जानकारियां साझा कीं। महाराष्ट्र, असम एवं कर्नाटक से आए प्रतिभागियों के बीच वर्गिकी के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं पर बल दिया।

वर्गिकी के क्षेत्र में इन बातों पर रहा फोकस

वर्गिकी परियोजनाओं को वित्तीय सहयोग में कमी आना, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्गिकी के विशेषज्ञों की कमी के कारण इस विषय को गैर विशेषज्ञों द्वारा पढाया जाना, वर्गिकी के शोध पत्रों को उच्च इम्पैक्ट फैक्टर जर्नलों में स्वीकार न किया जाना एवं शोधर्थियों आदि द्वारा इस विधा में रुझान कम होना।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

नवयुग में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवयुग कन्या महाविद्यालय में शिक्षा शास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मातृभाषा के महत्व विषय पर छात्राओं को अवगत कराया गया। शिक्षा शास्त्र विभाग की सुनीता सिंह एवं नीलम यादव ने मातृभाषा के महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता के आयोजन में सहभागिता प्रदान की। निबंध प्रतियोगिता का निर्णय हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मंजुला यादव द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को मातृभाषा के महत्व से परिचित कराया और छात्राओं को अपने मातृभाषा से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया।

अमृत भारत योजना के तहत होगा रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ आगामी 26 को प्रधानमंत्री करेंगे राष्ट्र को समर्पित

अमृत विचार : आगामी 26 फरवरी को विडियो कांफ्रेंसिंग के जरियें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भारत सरकार अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत भारत वर्ष के कुल 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास और 1500 आरयूबी और आरओबी राष्ट्र को समर्पण किया जायेगा।

जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के 13 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास और आनन्दनगर जं,बलरामपुर,बढ़नी,डालीगंज जं,गोण्डा जं, खलीलाबाद, लखीमपुर, लखनऊ सिटी, मैलानी जं, रामघाट हाल्ट, सिद्धार्थनगर, स्वामी नारायण छपिया, तुलसीपुर के साथ गोमतीनगर स्टेशन और मण्डल के 21 आरयूबी, एलएचएस का लोकार्पण होगा।

अमृत भारत योजना के अन्तर्गत विकसित भारत,विकसित रेल-2047 विषय पर मण्डल के स्टेशनों के परिक्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के लिए पेंटिंग,निबन्ध लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आनन्दनगर जं में 273,बलरामपुर में 445,बढ़नी में 375,डालीगंज जं में 100,गोंडा जं में 55,खलीलाबाद में 570,लखीमपुर में 500,लखनऊ सिटी में 220,मैलानी जं में 325,रामघाट हाल्ट में 520, सिद्धार्थनगर में 90,स्वामी नारायण छपिया में 335 और तुलसीपुर स्टेशन में 485 बच्चों ने भाग लिया।

इसी क्रम में मण्डल में विभिन्न एलएचएस,आरयूबी,आरओबी के निकटवर्ती विद्यालयों के 1170 बच्चों नें प्रतियोगिता में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को 26 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थलों पर मौजूद मुख्य अतिथि की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैं शीरीन फात्मा निवासी मन्सूर नगर लखनऊ, यह सूचित करती हूँ कि मेरे नाम की सही Spelling SHIRIN FATMA है। अतः सदैव इसे यथावत ही लिखा जाये।

सूचना

मैं अंश कश्यप पुत्र श्री शिव शंकर कश्यप निवासी 535/29 (क) सेक्टर- बी फजेहपुर अलीगंज लखनऊ उत्तर प्रदेश-226024 का निवासी हूँ। और मैं क्राइस चर्च कालेज का छात्र हूँ। मेरी यूनिक आई डी0 नं0- 8126392 है। मेरी जन्मतिथि हाईस्कूल के प्रवेश पत्र में 13 अगस्त 2008 अंकित है। परंतु मेरी वास्तविक जन्म तिथि 13 जनवरी 2008 है। जिसका वास्तविक प्रमाण मेरा आधार व जन्म प्रमाण पत्र है।

सूचना

मेरे पासपोर्ट में पत्नी का नाम शादमा लिखा है जबकि उनका नाम शादमा खातून है,जो सही है। पता 932 सिविल लाइन दर्ज है जबकि सही पता 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास है। **फरीद अहमद पुत्र रईस अहमद, 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास, फतेहपुर**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र सर्वेश कुमार के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से सर्वेश को बेदखल करता हूं। **राम प्रसाद पुत्र बाबू, ग्राम बहबलपुर, हुसेनगंज, फतेहपुर**

माँ भगवती महाविद्यालय

जी0टी0रोड, सलेमपुर, सिकन्दरपुर, कन्नौज
Email ID:- mbdegreecollege@gmail.com
Phone:- 9336851293, 8573055555

शिक्षण हेतु आवश्यकता है

बी0एस0सी0 - भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान सहा0 आचार्य की

योग्यता एंव सेवा शर्ते यू0जी0सी0 एवम् उ0प्र0 शासन के नियमानुसार

सचिन दुवे (प्रबन्धक)

सूचना

मेरे पॉलिसी संख्या-312145444 में मेरा नाम सूरज कुमार वर्मा लिखा गया है जो कि मेरा घर पर बुलाने वाला नाम है मेरे आधारकार्ड और बैंक खाते में मेरा नाम आलोक कुमार वर्मा है जो कि सत्य व सही है। सूरज कुमार वर्मा व आलोक कुमार वर्मा मेरा ही नाम है किसी अलग-अलग व्यक्ति का नाम नहीं है।

सूचना

कम्पनी के कुछ ROC वैधानिक रिकॉर्डर्स गुम हो गए हैं। मिलने वालों को उचित इनाम। सम्पर्क करें- **कनक भवन प्रसाद सेवा प्रा0लि0, कनक भवन मन्दिर मो0 रामकोट अयोध्या। मो0 : 8218830641**

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्रम सं. : 1. ई-प्रापण निविदा संख्या** : उपमु0इ0नि0-1-बीएसबी-2024-01, दिनांकः 19.02.2024 **कार्य का नाम** : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में समापर सं0 20 स्पेशल किमी0 236/4-5 स्थित कछवारोड फाटक के बदले उपरिगामी सेतु (रेलवे भाग (स्टील गर्डर को छोड़कर) + राज्य भाग में पहुंच मार्ग) एवं सीमित उंचाई के सब-वे का निर्माण कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य** : 37,58,60,426.25 **बयाना राशि (रु.)** : 20,29,300.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)** : शून्य **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 28 (अठाइस माह), • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि -29/02/2024 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि- 14.03.2024 14.30 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 14.03.2024 14.30 बजे के उपरांत • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/नि0/I/ मुजाधि/डबलू-551 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या - एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/03/2024

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते है।

निविदा सूचना सं० एवं कार्य का विवरण : एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/03/2024, कार्य का नाम :- पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बहराइच-नानपारा-नेपालगंज अमान परिवर्तन कार्य के सम्बन्ध में बहराइच-नानपारा-नेपालगंज खंड के 6 क्वैड एवं ओ ऐफ सी कम्युनिकेशन हेतु आंशिक सामान की आपूर्ति तथा आउटडोर एवं इंडोर टेलीकॉम कार्य का कार्यान्वयन। बयाना राशि (रू०) : 249100.00, अनुमानित लागत (रू०) : 19813017.44, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 माह, निविदा बन्द होने की तिथि : दिनांक 12.03.2024 को 15:00 बजे।

नोट :- ● इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नही है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। ● निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

उपमुसिदूई/निर्माण/लखनऊ
मुजाधि/सिगनल - 103

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे | अधिसूचना सं.: 15/2024 | रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिये **गोमती नगर से गोड्डा के मध्य नई गाड़ी के संचलन का शुभारम्भ** दिनांक **24-02-2024** को गोड्डा से एक उद्घाटन विशेष गाड़ी चलाकर किया जायेगा। तत्पश्चात नियमित गाड़ी का संचलन दिनांक 01-03-2024 को गोमती नगर से तथा दिनांक 02-03-2024 को गोड्डा से निम्नवत किया जायेगाः-

उद्घाटन विशेष गाड़ी का समय एवं ठहराव निम्नवत है :-

उद्घाटन विशेष गाड़ी संख्या 03403 गोड्डा से गोमती नगर दिनांक 24-02-2024 (शनिवार) को एकल मार्ग

स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
गोड्डा	--	**14:10**
हँसडीहा	14:55	15:20
मन्दार हिल	15:44	15:46
बाराहाट	16:02	16:04
भागलपुर	16:55	17:05
सुल्तानगंज	17:28	17:30
मुंगेर	18:40	18:45
बेगूसराय	19:18	19:20
बरौनी	19:45	19:55
हाजीपुर	21:15	21:20
सोनपुर	21:30	21:32
छपरा	23:10	23:20
सीवान	00:10	00:15
भटनी	00:53	00:55
देवरिया सदर	01:15	01:20
गोरखपुर	02:30	02:40
खलीलाबाद	03:16	03:18
बस्ती	03:43	03:46
मनकापुर	04:27	04:29
गोण्डा	05:10	05:15
बुढ़वल	06:06	06:08
बाराबंकी	06:46	06:48
गोमती नगर	**07:30**	-

रेक संरचनाः वातानुकुलित तृतीय-08, जनरेटर सह लगेज यान-01, एलएसएलआरडी-01, शयनयान-06, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकुलित द्वितीय-02, = कुल 22 कोच।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

नियमित गाड़ी का समय एवं ठहराव निम्नवत है :-

गाड़ी सं. 15090 गोमती नगर से दिनांक 01-03-2024 से प्रत्येक शुक्रवार को गाड़ी सं. 15089 गोड्डा से दिनांक 02-03-2024 से प्रत्येक शनिवार को

15090 गोमती नगर-गोड्डा		स्टेशन	15089 गोड्डा-गोमती नगर	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	15:35	**गोमती नगर**	**07:30**	-
16:08	16:10	बाराबंकी	06:46	06:48
16:32	16:34	बुढ़वल	06:06	06:08
17:25	17:30	गोण्डा	05:10	05:15
17:52	17:54	मनकापुर	04:27	04:29
18:45	18:48	बस्ती	03:43	03:46
19:16	19:18	खलीलाबाद	03:16	03:18
20:40	20:50	गोरखपुर	02:30	02:40
21:55	22:00	देवरिया सदर	01:15	01:20
22:21	22:23	भटनी	00:53	00:55
23:05	23:10	सीवान	00:10	00:15
00:40	00:50	छपरा	23:10	23:20
01:53	01:55	सोनपुर	21:30	21:32
02:05	02:10	हाजीपुर	21:15	21:20
04:10	04:20	बरौनी	19:45	19:55
04:38	04:40	बेगूसराय	19:18	19:20
06:00	06:05	मुंगेर	18:40	18:45
07:43	07:45	सुल्तानगंज	17:28	17:30
08:22	08:32	भागलपुर	16:55	17:05
09:26	09:28	बाराहाट	16:02	16:04
09:43	09:45	मंदार हिल	15:44	15:46
10:10	10:30	हँसडीहा	14:55	15:20
11:10	-	**गोड्डा**	-	**14:10**

रेक संरचनाः वातानुकुलित तृतीय-08, जनरेटर सह लगेज यान-01, एलएसएलआरडी-01, शयनयान-06, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकुलित द्वितीय-02, = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी-66 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

महिलाओं को मछली उद्योग देगा स्वरोजगार

अमृत विचार, लखनऊ : मिशन नवशक्ति के तहत अनुसूचित जाति की महिलाएं अब मछली उद्योग में कदम रखेंगी। जो सजावटी मछली पालन कर आजीविका चलाएंगी और सशक्त बनेंगी। बुधवार को आईसीएआर- राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो ने सजावटी मछली एक्वेरियम पाठशाला आयोजित की। इसमें सरस्वती एसएचजी, गुरुवा एसएचजी, अंबेडकर एसएचजी और एकता एसएचजी के स्वयं सहायता समूह की अनुसूचित जाति की 50 महिलाएं रहीं। जिन्होंने निदेशक डॉ. यूके सरकार व परियोजना की नोडल डॉ. पूनम जयंत सिंह के साथ गंगा एक्वेरियम और संग्रहालय का भ्रमण किया। एक्वेरियम मछली पालन और पालन में शिक्षा के माध्यम से आजीविका के अवसरों तलाशे। दल ने नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में मछली घर भी देखा। इस यात्रा में कौशल विकास और एक्वेरियम व्यवसाय में रास्ते तलाशे। इस दौरान रवि कुमार, अमित बिष्ट, उद्यमी प्रशिक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा, इंद्रमणि राजा आदि रहे।

बलरामपुर अस्पताल : सर्वर ठप होने पर मरीजों का हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में बुधवार को ओपीडी के समय सर्वर ठप हो गया। इससे मरीजों का पंजीकरण और जांच रिपोर्ट सहित कई प्रक्रिया बंद हो गईं। काउंटरों के बाहर मरीजों व तीमारदारों की लंबी कतार लग गई। काफी देर तक इंतजार के बाद भी वैकल्पिक व्यवस्था न कराए जाने से नाराज मरीजों व तीमारदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बाद अस्पताल प्रशासन ने मैनुअल पर्चा बनवाने के निर्देश दिए। तब जाकर मरीजों ने राहत की सांस ली। बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना चार से पांच हजार मरीज आ रहे हैं। बुधवार को सुबह से सर्वर डाउन हो गया। इसकी वजह से ओपीडी का पंजीकरण ठप हो गया। सैकड़ों की संख्या में मरीज काउंटर के सामने कतार में लगे रहे। आधे घंटे बाद भी जब पर्चा बनाने का काम चालू नहीं हुआ तो मरीजों का गुस्सा भड़क उठा। अफरा-तफरी मच गई। मरीज-तीमारदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। आनन-फानन अस्पताल प्रशासन ने मैनुअल पर्चा बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारियों ने मैनुअल पर्चा बनाने की प्रक्रिया शुरू की। जबकि पैथोलॉजी जांच कराने वाले सैकड़ों मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिल पाई। कर्मचारियों ने बताया कि पर्चे पर बार कोड होता है। मशीन से बार कोड पढ़कर ही रिपोर्ट मिलती थी। नए मरीजों की जांच में भी अड़चन आई। बड़ी संख्या में मरीज बिना जांच कराएं ही वापस लौट गए।

राजधानी में 134 केन्द्रों पर परीक्षाएं आज से

यूपी बोर्ड : तैयारी पूरी, 1,04,943 परीक्षार्थी होंगे शामिल, केन्द्रों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो जाएंगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। लखनऊ में 134 केंद्र बनाएं गए हैं, जहां 10वीं, 12वीं के परीक्षार्थी दो पालियों में परीक्षाए देंगे। 134 परीक्षा केन्द्रों पर होने वाली परीक्षा में 1,04,943 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, केन्द्रों पर निगरानी के लिए 5124 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि इस बार की परीक्षाओं के लिए 14 राजकीय, 63 अशासकीय, 56 वित्तविहीन व एक आदर्श कारागार को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2:00 से 5:15 बजे तक होगी। डीआईओएस ने बताया कि इस बार हाईस्कूल में 27,941 बालक परीक्षार्थी संस्थागत हैं। जबकि संस्थागत बालिकाओं की संख्या 28,332 है। वहीं, हाईस्कूल में व्यक्तिगत बालकों की संख्या 265 है, वहीं, बालिकाओं की संख्या 190 है। इस तरह से 10वीं में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 55,728 है। इंटरमीडिएट में संस्थागत परीक्षार्थी बालकों की संख्या 23,272 है। जबकि बालिकाओं की संख्या 22423 है। इसी तरह से इंटरमीडिएट में व्यक्तिगत बालक परीक्षार्थियों की संख्या 1495 है। वहीं, बालिकाओं की संख्या 1025 है। इस तरह से इंटरमीडिएट में कुल 48,215 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। डीआईओएस ने बताया कि इस बार 10वीं व 12वीं में कुल 1,04,943 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

निगरानी के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय : राजधानी में इस बार भी पिछले साल की तरह पार्क रोड स्थित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यहां पर जहां पूरे प्रदेश के केन्द्रों की निगरानी की जायेगी।

वहीं, जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में की गई है। साथ ही एक कंट्रोल रूम मंडल स्तरीय जेडी माध्यमिक कार्यालय में स्थापित किया गया है। इन तीनों कंट्रोल रूम से केन्द्रों की ऑनलाइन निगरानी की जायेगी। जिला स्तरीय केन्द्र पर प्रत्येक कम्प्यूटर पर 12 केन्द्रों की निगरानी की जायेगी। डीआईओएस ने बताया कि इसके अलावा एक हेल्पलाइन नंबर 0522-7118604 भी जारी किया गया है, जिस पर फोन कर किसी भी गड़बड़ी की सूचना दी जा सकती है। राजकीय जुबिली कॉलेज में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण राज्य पर्वक्षेक सहायक शिक्षा निदेशक (खेल) शिवानी ने किया। उन्होंने कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही, डॉयट प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक अजय कुमार ने भी केन्द्र का निरीक्षण किया।

केन्द्रों पर समय से पहुंचें परीक्षार्थी, बिचौलियों से रहें सावधान : केन्द्रों पर परीक्षा के लिए समय से परीक्षार्थी पहुंचें और किसी भी बिचौलिए के झांसे में न आयें। इस बारे में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने कहा कि केन्द्रों के आस-पास यदि कोई बिचौलिया परीक्षार्थियों से संपर्क करने का प्रयास करता है तो परीक्षार्थी विभागीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे सकते हैं। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए सलाह देते हुए कहा कि परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से करीब आधा घंटे पहले पहुंचें, ताकि चेकिंग में दिक्कत न होने पाए। उन्होंने बताया कि सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी केन्द्र पर बिना चेकिंग के परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश की अनुमति न दी जाए।

राजकीय जुबिली कॉलेज में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते राज्य पर्यवेक्षक सहायक शिक्षा निदेशक शिवानी व डीआईओएस राकेश कुमार। अमृत विचार

पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम पर मुस्तैद टीम। अमृत विचार

कैमरे की निगरानी में प्रश्न पत्र खुलते ही नोट करना होगा समय

परीक्षा केन्द्रों पर स्ट्रांग रूम में रखे प्रश्न पत्रों को कैमरे की निगरानी में खोले जाने के निर्देश हैं। वहीं, बुधवार को एक विभाग की ओर से नया आदेश जारी करते हुए कहा गया कि जैसे ही केन्द्रों पर प्रश्नपत्र के बंडल खोले जाएंगे तो उसकी एक वीडियो के साथ-साथ ऑनलाइन कंट्रोल रूम से निगरानी भी की जायेगी। इस दौरान किस केन्द्र पर कितने बजे प्रश्नपत्र खोला गया, इसका कंट्रोल रूम स्तर से समय भी नोट किया जायेगा। यदि किसी परीक्षार्थी को देरी से प्रश्नपत्र दिया जाता है तो उसके लिए केन्द्र व्यवस्थापकों पर कार्रवाई की जायेगी।

यूपी बोर्ड परीक्षा : एक नजर

- कुल परीक्षार्थी : 1,04,943
- 10वीं में परीक्षार्थी : 56,728
- 12वीं में परीक्षार्थी : 48,215
- सचल दल की संख्या : 6
- स्टैटिक मजिस्ट्रेट : 133
- केन्द्र व्यवस्थापक : 134
- वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक : 133
- कक्ष निरीक्षक : 5124
- रात्रि भ्रमण के लिए टीमों की संख्या : 23

▸▸ पहली पाली की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 से 5:15 बजे तक होगी

"परीक्षाओं को लेकर टीम में सभी की जिम्मेदारी तय की गई है। सभी छात्र-छात्राएं समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचें। जो प्रश्न उन्हें आते हैं, वह पहले हल करें। किसी के बहकावें में कोई भी परीक्षार्थी बिल्कुल न आए।

-राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक

आज इन विषयों की होगी परीक्षा

10वीं : प्रथम पाली
प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक हिंदी व प्रारंभिक हिंदी

12वीं : प्रथम पाली
प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक सैन्य विज्ञान

10वीं : दूसरी पाली
दोपहर 2:00 से शाम 5:15 तक वाणिज्य

12वीं : दूसरी पाली
दोपहर 2:00 से शाम 5:15 बजे तक हिन्दी, सामान्य हिंदी

चार सचल दल का गठन

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए लखनऊ मण्डलीय सचल दल का भी गठन हुआ है। जेडी माध्यमिक लखनऊ मण्डल डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि चार सचल दल का गठन किया गया है। जिसमें प्रथम दल के प्रभारी वह खुद हैं। बाकी दूसरे सचल दल की प्रभारी डीडीआर रेखा दिवाकर, तीसरे दल के प्रभारी मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी, चौथे मण्डलीय सचल दल के प्रभारी मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार को बनाया गया है। चारों सचल दल लखनऊ मंडल के छह जनपदों का औचक निरीक्षण करेंगे।

गणित के सवाल ध्यान से करें हल, मिलेंगे पूरे अंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 10वीं के छात्रों के सवालों का हेल्पलाइन पर हुआ समाधान

अमृत विचार : संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय में चेतना हेल्पलाइन में दूसरे दिन 10वीं के परीक्षार्थियों ने विषय विशेषज्ञों से अपने-अपने सवालों का समाधान प्राप्त किया। दूसरे दिन भी जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार, उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर व मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी के नेतृत्व में परीक्षार्थियों के 100 सवालों के उत्तर दिए गए। इसमें गणित विशेषज्ञ आयुष्मान, विज्ञान विशेषज्ञ हरीशचंद्र सिंह चौहान, सामाजिक विज्ञान विशेषज्ञ आकांक्षा पाठक, जया सिंह, हिंदी विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना सिंह ने छात्रों के सवालों का समाधान किया।

गणित विशेषज्ञ आयुष्मान ने दिए ये सुझाव : बहुविकल्पीय प्रश्नों को हल करके प्रदर्शित नहीं किया जाना है, रफ पेज पर उन्हें हल कर सकते हैं और उत्तर ओएमआर शीट में गोले को पूर्ण करके देना है। गणित हमेशा से स्कोरिंग विषय रहा है। यह अकेला विषय है, जहां नंबर सही होने पर पूरे नंबर मिलते हैं और गलत होने पर पूरे नंबर कट भी जाते हैं।

विज्ञान के विशेषज्ञ हरिश्चन्द्र ने दिए ये सुझाव : वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर ही उत्तर पुस्तिका पर लिखें, प्रश्न का क्रमांक अवश्य अंकित करें। विज्ञान में परिभाषाएं एवं सूत्र लिखकर याद करें और सूत्र पर आधारित अंकित प्रश्नों को भी हल करें। परीक्षा की तैयारी करते समय पुराने प्रश्न पत्रों को अवश्य हल करना चाहिए, जिससे परीक्षा का भय दूर होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

सामाजिक विज्ञान विशेषज्ञ आकांक्षा व जया ने दिए ये सुझाव : सामाजिक विज्ञान के प्रश्न पत्र में वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक दोनों प्रकार के प्रश्नों को तैयार करें, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए ओएमआर शीट पर ब्लैक या ब्लू बॉल पॉइंट पेन से ही गोला काला करना होगा, सामाजिक विज्ञान में मानचित्र से संबंधित 10 अंकों के प्रश्नों पर विशेष ध्यान देना होगा। कॉपी में महत्वपूर्ण तथ्यों, घटनाओं, आंकड़ों को हाइलाइट भी करना होगा।

हिंदी विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना सिंह ने दिए ये सुझाव

हिंदी विषय का प्रश्न पत्र दो खंडों में बंटा होता है। खंड अ और खंड ब। दोनों ही अनिवार्य होते हैं। खंड अ में बहुविकल्पीय प्रश्न और खंड ब में वर्णनात्मक प्रश्न आते हैं। अतः दोनों पर समान रूप से ध्यान देते हुए तैयारी करें। पाठ को पढ़ते अथवा अभ्यास के समय पेन अथवा पेंसिल से महत्वपूर्ण विषय वस्तु को रेखांकित करते चलें। प्रत्येक प्रश्न के लिए पहले से ही समय निर्धारित करें और समय के अंदर ही उन्हें पूर्ण करने का अभ्यास करें।

चेतना हेल्पलाइन पर परीक्षार्थियों के सवालों का जवाब देते जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार की टीम। अमृत विचार

रात 10 से सुबह 6 बजे तक नहीं होगा डीजे का उपयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जेसीपी ने संबंधित पुलिस अफसरों को किया निर्देशित

▸▸ मानकों के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

अमृत विचार : यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में छात्रों को परेशानी से निजात दिलाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने डीजे पर नकेल कसने की कवायद की है। इसी क्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था ने एडवाइजरी जारी करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र व डीजे बचाने के समय को निर्धारित करने के साथ ही नियंत्रित करने के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। वहीं, उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था उपेन्द्र कुमार अग्रवाल के मुताबिक, यूपी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने थानाक्षेत्र में स्थित मैरिज हॉल, बैंकेट हॉल व डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी आयोजित कर रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र व डीजे आदि का प्रयोग नहीं किया जायेगा। साथ ही, अन्य किसी प्रकार के शोर पर भी प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा अन्य समय में उच्च न्यायालय इलाहाबाद व निमित्त प्राविधानित विधिक प्राविधानों के क्रम में औद्योगिक क्षेत्र में दिन व रात के समय 75/70 डेसीबल, वाणिज्यिक क्षेत्र में 65/55 डेसीबल, रिहायशी क्षेत्र में 55/45 डेसीबल और शान्त क्षेत्र में 50/40 डेसीबल अधिकतम ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गयी है। उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जेसीपी ने बताया कि राजधानी में स्थित मैरिज हॉल, बैंकेट हॉल व डीजे संचालकों के साथ थाने स्तर पर 57 गोष्ठियां आयोजित की गयी हैं। जिनमें सम्मलित होने वाले 788 लोगों को निर्देशित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

श्री सीताराम भगवान की असीम कृपा से सप्त मोक्षदायिनी पुरियों में से एक अयोध्या में प्रथम बार
1500 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 17 दिवसीय 100 कुण्डीय विराट
श्री लक्षचण्डी महायज्ञ
प. पू. महामण्डलेश्वर स्वामी श्री प्रखरजी महाराज के सान्निध्य में
दिनांक 22 फरवरी से 09 मार्च 2024 तक
स्थान : सरयू तट, गोला घाट, अयोध्यापुरी, (उत्तर प्रदेश)



संयोजक
डॉ. स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज, अयोध्या

श्री लक्षगणपति महायज्ञ | श्रीराम यज्ञ | श्रीराम कथा | श्रीरामलीला | श्रीमद्भागवत कथा | रासलीला | संत सम्मेलन

यज्ञ में आये हुए सभी दर्शनार्थी निःशुल्क भण्डारा प्रसाद में सादर आमंत्रित हैं
From the house of TIRANGA
Sacred DEDICATED TO GOD
सेकरेड यथा नाम तथा गुणः
यह खुशबू चल रही है सबको साथ लेकर
तिरंगा अगरबत्ती देश की खुशबू
-: निवेदक :-
पं. नरेन्द्र शर्मा
निदेशक : तिरंगा अगरबत्ती
एवं पूर्व सदस्यः केन्द्रीय हिन्दी सलाहकार समिति पंचायती राज्य मंत्रालय, भारत सरकार

यज्ञ में सम्मिलित होने हेतु सम्पर्क करें: 8791584574, 9334738125, 9616703209

एक नजर

सड़क पर ठेला पलटा विक्रेता को लात-घूसों से पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद बाजार में किराया मांगने के विवाद में दबंग ने बताशा विक्रेता को ठेला सड़क पर पलट दिया। इसके बाद विक्रेता की लात-घूंसों से पिटाई कर जेब से रूपये छीन लिए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद के मुताबिक लश्करी रकाबगंज निवासी बिन्द्रा प्रसाद सोमवार को अमीनाबाद से ठेला लेकर अपने घर जा रहा था। आरोप है कि महिला कॉलेज के पास चांद उनसे ठेला का किराया मांगने लगा। इंकार करने पर आरोपी ने सड़क पर उनका ठेला पलट लिया। जिससे ठेले पर रखे मटर बताशे खराब हो गए। विरोध करने पर आरोपी ने लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

फर्जी निकला लूट के प्रयास का मामला

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व राज्यसभा सदस्य संजय सेठ के बेटे-बहू से लूट के प्रयास का मामला संदिग्ध निकला। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि कार चालक से आक्रोश में आकर उसने यह आरोप लगाया है। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक, सोमवार को संजय सेठ के बेटे कुणाल सेठ पत्नी के संग कार से जा रहे थे। कुणाल ने आरोप लगाया था कि रास्ते में अहिमामऊ के पास कार सवार युवकों ने उनका पीछा कर दिलकुशा के पास गाड़ी ओवर टेक रोक ली। फिर गाड़ी का शीशा तोड़ने का प्रयास करने लगे। उनके चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए गाड़ी गौतमपल्ली थाने में रोकी और कार सवार युवकों पर लूट के प्रयास का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले को संज्ञान लेकर पुलिस ने मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, तो सामने आया कि गाड़ी ओवर टेक करने को लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई थी। डीसीपी का कहना है कि प्रथम दृष्टया जांच में लूट के प्रयास का आरोप गलत है, उनका कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

भगवाधारी युवक के कपड़े उतरवाकर मनबढ़ों ने की पिटाई

अश्लील भाषा कैमरे में कैद, पुलिस ने की महज चालान करने की कार्रवाई

▸▸ पुलिस चौकी में पीड़ित से की गई अभद्रता, पुलिस बनी रही मौन

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

अमृत विचार : लखनऊ की एक पुलिस चौकी में भगवाधारी युवक की मनबढ़ों ने जमकर पिटाई की। पीड़ित के खिलाफ अभद्रता की गई, अश्लील भाषा का प्रयोग किया गया। घटना के समय पुलिस उदासीन व मौन बनी रही। सिर मुंडवाने की धमकी देने वाले दबंगों का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने महज चालानी कार्रवाई की है। मामला पारा थाने की हंसखेड़ा पुलिस चौकी से जुड़ा है। हालांकि, अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

भगवाधारी युवक की पिटाई करते मनबढ़। अमृत विचार

बेबसी का मजाक उड़ाते दिखे

गौरतलब है कि 19 की रात सोशल साइट एक्स पर एक वीडियो वायरल हुआ। यह वीडियो गत 10 फरवरी का पारा थाने की हंसखेड़ा पुलिस चौकी का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में तीन लोग हंसखेड़ा चौकी परिसर में भगवाधारी युवक से मारपीट करते दिखाई पड़ रहे हैं। इसके साथ ही वह समाज के एक तबके पर अमर्यादित टिप्पणी कर गालियां देते कैमरे में कैद हो गए। मारपीट के दौरान मनबढ़ भगवाधारी युवक से गले में पड़ी माला को उतारने का दबाव भी बनाते है। हालांकि, मनबढ़ों के भय वह गले में पड़ी माला उतार कर उन्हें दे देता है। दबंगों ने युवक के तन से भगवा वस्त्र भी उतरवा लिए। इसके बाद सभी उसे ढोंगी कहकर सम्बोधित करने लगे। मनबढ़ों के चंगुल में फंसा युवक उनसे विनती करता दिखाई दे रहा, लेकिन वे उसकी बेबसी का मजाक उड़ाते रहे।

सिर मुंडवाने की धमकी देकर नोंचे बाल

हैरत की बात है कि मनबढ़ों को अभद्रता करते हुए देखकर भी पुलिस उदासीन रही। वहीं, पीड़ित युवक का सिर मुंडवाने की बात कहकर मनबढ़ उसका बाल खींचते दिखाई पड़े। वायरल वीडियो में माफी मांगते भगवाधारी युवक ने अपनी पहचान उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के निवासी अरविंद के रूप बतायी। सूत्रों की मानें तो घटना के 10 दिन गुजर जाने बाद पुलिस ने मनबढ़ों पर कार्रवाई नहीं की। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने महज चालानी कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मारपीट से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमे तीन लोग भगवाधारी युवक से अभद्रता कर रहे हैं। वीडियो के आधार पर मनबढ़ों की पहचान पुरानी कांशीराम कॉलोनी निवासी श्रवण, नीशू ठाकुर और नसीर के रूप में हुई है। उन पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

लोगों का अपनी तरफ आकर्षित करते हैं ध्यान

मनोवैज्ञानिक सृष्टि श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे समाज में कुछ लोग ऐसे भी है। जो मानसिक रूप से बीमार हैं। उनमें सकारात्मक ऊर्जा की कमी होती है। वह नकारात्मक ऊर्जाओं में घिर रहते हैं। लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित के उद्देश्य से इस तरह की हरकत करते हैं। ऐसे लोग समाज के लिए एक बड़ी समस्या बन सकते हैं। इन पर ठोस कार्रवाई की जानी आवश्यक है।

अमीनाबाद में महिला के गले से छीनी चेन

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद बाजार में खरीदारी करने आई महिला के गले से चेन छीनकर लुटेरा भाग निकला। आलमबाग कोतवाली के पूरन नगर निवासी नीता बेटी दीपा के साथ मंगलवार को खरीदारी करने अमीनाबाद मार्केट आई थीं। शाम करीब साढ़े छह बजे सकरी सेंटर के पास पीछे से पैदल आए बदमाश ने झपट्टा मारकर गले में पड़ी उनकी चेन छीन ली और भागने लगा। नीता और दीपा शोर मचाते हुए उसके पीछे भागी। मां-बेटी को युवक के पीछे भागता देख खरीदारी करने आए अन्य लोग पूरा माजरा समझ गए। पब्लिक ने सतर्कता दिखाते हुए लुटेरे को घेरकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद का कहना है कि लुटेरे की पहचान सीतापुर के सिधौली निवासी मनीष कुमार उर्फ पिंटू के रूप में हुई। पिंटू सिधौली थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

घर लौट रहे व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आशियाना पुलिस ने तीन नामजद और दो अज्ञात पर दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत प्रियम क्रासिंग प्लाजा के समीप दुकान बंदकर घर लौट रहे व्यापारी पर रंजिश के चलते दबंगों ने धारदार हथियार से हमला दिया। हालांकि, पुलिस ने तीन नामजद और दो अज्ञात पर हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, रुचिखंड-एक शारदानगर निवासी कपिल शर्मा ने अजीत मिश्रा, अमित मिश्रा, अमित मिश्र के भांजे समेत दो अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित का आरोप है कि अजीत मिश्रा और अमित मिश्रा की दुकानों पर अराजकतत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, वह कई बार उन्हें टोक चुके हैं, इसको लेकर दोनों उससे रंजिश रखते है। आरोप है कि बीती 10 फरवरी को रात करीब 9.30 बजे वह घर जा रहा था। प्रियम क्रासिंग प्लाजा के पास अजीत मिश्रा अपने भाई अमित मिश्रा, भांजा व दो अन्य साथियों के साथ मिलकर रोक धारदार हथियार से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एफआईआर दर्ज की गई है।

शादी का झांसा देकर छात्रा का शोषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अन्य मामले में युवती ने प्रेमी पर लगाया गर्भपात का आरोप

▸▸ इन्दिरानगर और चौक पुलिस ने दर्ज की यौन शोषण संबंधी रिपोर्ट

अमृत विचार : इंदिरानगर थाने में एक मेडिकल छात्रा ने प्रेमी पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। छात्रा का आरोप है कि प्रेमी शादी का झांसा देकर छह वर्षों से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। वहीं, चौक कोतवाली में एक युवती ने प्रेमी पर दुष्कर्म के बाद गर्भपात कराने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

मूलरूप से आजमगढ़ की रहने वाली युवती इंदिरानगर क्षेत्र में रहकर मेडिकल की पढ़ाई करती है। वर्ष 2018 में उसकी मुलाकात अयोध्या के न्यू बैंक कालोनी खोजनपुर निवासी राहुल गौतम से हुई। राहुल आगरा में मानसिक रोग विभाग में कार्यरत है। आरोप है कि बातचीत के बाद राहुल ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा। इस पर पीड़िता ने हामी भर दी। छह वर्षों तक वह छात्रा को शारीरिक शोषण करता रहा। आरोप है कि इस दौरान राहुल से उससे दो लाख रुपये भी ऐंठ लिए। पीड़िता ने जब उस पर शादी करने का दबाव बनाया तब उसने मना कर दिया। विरोध करने पर वह छात्रा को धमकाने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

वहीं, चौक कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती की दोस्ती गाजीपुर के इंदिरानगर निवासी दीपक सिंह से हुई थी। दोनों इन्दिरानगर में किराए पर कमरा लेकर रहने लगे। आरोप है कि दीपक शादी का झांसा देकर करीब चार वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करवा दिया। शादी का दबाव बनाने पर उसने दूरी बना ली। चौक प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

सड़क पर दबंगों ने की गुंडागर्दी, प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

▸▸ मामले की जांच में जुटी पारा पुलिस

अमृत विचार : पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत बीबीखेड़ा में दर्जन भर से ज्यादा दबंगों ने दो दोस्तों की पिटाई कर उसने रुपये छीनने का प्रयास किया। हालांकि, राहगीर दबंगों की तरफ दौड़े तो वह धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। इसके बाद परिजनों ने दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

पारा के बीबीखेड़ा निवासी वीरेंद्र यादव ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8 बजे बेटा अपने दोस्त के संग राहुल यादव की दुकान पर सीमेंट का पचास हजार रुपये भुगतान करने जा रहा था। पुरानी कांशीराम कालोनी में भीड़ लगी तो तभी बेटा और उसका दोस्त वहां रुक कर देखने लगे। इसी बीच फैजू ने साथी अनुराग, दिनेश, शंकर, अभय शर्मा, शिवा, करन व कुछ अज्ञात बेटे और उसके दोस्त को पीटने लगे। आरोप है कि मारपीट के दौरान दबंगों ने बेटे से रुपये छीनने का भी प्रयास किया। हालांकि, राहगीरों के हस्तक्षेप के बाद दबंग दोनों को धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा का कहना है कि तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

पीएसी जवान की अंतिम यात्रा में शामिल पुलिस अधिकारी, इनसेट में जवान प्रभात सिंह। अमृत विचार

हार्टअटैक से पीएसी जवान की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चौक घंटाघर पार्क स्थित कैम्प में तैनात था जवान

अमृत विचार : बाराबंकी की 10वीं पीएसी बटालियन में तैनात सिपाही प्रभात कुमार सिंह (23) की बुधवार सुबह हार्टअटैक से मौत हो गई। उन्हें केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में ले जाया। जहां डॉक्टरों ने हार्टअटैक से मौत की पुष्टि की। इसके बाद आलाधिकारी ने सिपाही के परिजनों को मामले की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिम से आने के बाद पड़ा अटैक

मूलरूप से सीतापुर के सिधौली महमूदाबाद निवासी प्रभात कुमार सिंह बाराबंकी की 10वीं पीएसी बटालियन सिपाही के पद पर तैनात था। पिता अर्जुन सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में बेटे को नौकरी मिली थी। गत 7 जनवरी से बेटा चौक स्थित घंटाघर पार्क के पीएसी कैम्प में तैनात था। बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे उन्हें सूचना मिली कि बेटा जिम गया था। उसके बाद वह कैंप में आकर ब्रश कर रहा था। इसी बीच वह गश खाकर गिर पड़ा। कैंप के साथी बेटे को लेकर केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद आलाधिकारियों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को रमाबाई अम्बेडकर मैदान ले जाया गया। पीएसी जवानों ने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

बहनों की पढ़ाई की जिम्मेदारी थी

पिता अर्जुन सिंह ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करते थे। नौकरी लगने के बाद प्रभात ने उनका काम छुड़वा दिया था। घर की सारी जिम्मेदारी बेटे ने अपने कंधे पर उठा ली थी। बताया कि घटना के वक्त मां कमलेश मायके गई थी। जब उन्हें सूचना मिली तो वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने बताया कि बहन प्रज्ञा गोरखपुर के निजी संस्थान से एमबीबीएस कर रही है। जबकि छोटी बहन प्रगति कक्षा 4 की छात्रा है। बहनों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा प्रभात पर था। बीती 2 फरवरी को भी पीएसी बटालियन में तैनात दरोगा विश्वेंद्र (39) की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई थी।

सार-संक्षेप

ब्लॉक प्रमुख ने किया सड़कों का उद्घाटन

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां क्षेत्र के उतरावां के मजरा रमपुरा में बुधवार को इंटरलॉकिंग सड़क व अमवा में बनी सड़क का डामरीकरण किये जाने का उद्घाटन मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल (विंधेश्वर) ने किया। प्रमुख ने बताया कि उतरावां का मजरा रमपुरा में इंद्रपाल के घर से रामकिशोर के घर तक 200 मीटर व ग्राम पंचायत आमवा में डामर रोड बनेगी। इन दोनों मार्गों का उद्घाटन बुधवार को ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ल, खण्ड विकास अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, जेई रविंद्र कुमार ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर सदस्य क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि देवता दीन, प्रधान उतरांवा भोलानाथ, बीडीसी संगीता, सज्जन, बीडीसी राम मिलन, प्रविश तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू सहित ग्रामीण उपस्थिति रहे।

इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी की दुकान से लाखों की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : नाका हिंडोला थानाक्षेत्र अंतर्गत गुरूनानक मार्केट में देर रात चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी की दुकान का शटर काट लाखों का स्टॉक पार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, चारबाग गुरुनानक मार्केट के इलेक्ट्रानिक कारोबारी अनूप भाटिया ने मोहित सिंह और बब्लू उर्फ कट्टे पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार सुबह वह दुकान खोलने पहुंचे ता उन्हें शटर खुला मिला। भीतर जाने पर गल्ले से रुपये और बैग गायब मिला। इस पीड़ित ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तब मोहित सिंह साथी बब्लू के संग दुकान में चोरी करता दिखाई पड़ा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

कस्टमर केयर कर्मी बन खाते से निकाले 1.26 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर कोतवाली में एक युवक ने साइबर अपराधियों के खिलाफ आईटीएक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज कराई है। वजीरगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लकड़मंडी, डालीगंज निवासी सचिन यादव महानगर में एक निजी फर्म में कार्यरत है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 10 जनवरी की सुबह करीब 11:53 पर एक अनजान नंबर से मोबाइल पर कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद की पहचान बैंक के क्रेडिट कार्डकर्मी राहुल मिश्र के रूप में देते हुए उन्हें बातों में उलझाए रखा। इसके बाद मोबाइल पर लिंक भेज क्रेडिट कार्ड से जुड़ी सारी जानकारी हासिल कर 1.26 लाख रुपये ठग लिए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र ने बताया कि साइबर क्राइम यूनिट सेल की मदद से जांच की जा रही है।

रेलवे क्रॉसिंग पर मिला वेटर का शव

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर स्थित ग्वारी रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार शाम एक युवक का शव पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी में मिले फोन की मदद से परिवारीजनों से संपर्क कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडेय के मुताबिक, मृतक की शिनाख्त सीतापुर के सिधौली निवासी राजकुमार पाल (24) के रूप में हुई। भाई वीरेंद्र ने बताया कि राजकुमार पिछले आठ माह से ग्वारी इलाके में रहकर एक विपुल खंड स्थित बिल्लू तंदूरिया के रेस्टोरेंट में काम करता था। मंगलवार को रेस्टोरेंट बंद होने की वजह से राजकुमार छुट्टी पर था। छानबीन में पता चला है कि किसी से फोन बात कर रहा था। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

राजधानी के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति घंटों बाधित

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए इन दिनों अनुरक्षण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसके चलते सरोजनीनगर, बंगला बाजार, यहियागंज, जानकीपुरम, अहिबरनपुर, महानगर, गोमतीनगर समेत कई इलाकों में पांच घंटें से अधिक बिजली गुल रही। पावर कारपोरेशन चौबीसों घंटे शहर को सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए फरवरी माह को अनुरक्षण कार्य के लिए घोषित किया हैं। जिसमें हर उपकेंद्र के 33 केवी ट्रांसफार्मरों की रिपयेरिंग के साथ फीडरों के मेंटीनेंस का कार्य होने के साथ ही जर्जर तार और पेटीबॉक्स पर काम किया जा रहा हैं। अहिबरनपुर उपकेंद्र के एसडीओं ने बताया कि हर क्षेत्र में सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए अनुरक्षण कार्य हो रहा हैं। इसके चलते करीब पांच घंटे तक क्षेत्र के उपभोक्ता इससे प्रभावित रहे।

छात्रा को भगा ले गया रजिस्ट्रार

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थाने में छात्रा के परिजनों ने एक इंजीनियरिग कॉलेज के रजिस्ट्रार पर बेटी को बहला-फुसला कर भगा जाने का आरोप लगाया है। ठाकुरगंज प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, बालागंज निवासी छात्रा (23) गत 20 फरवरी को घर से इंटरव्यू देने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने खोजबीन की बावजूद इसके बेटी का कहीं सुराग नहीं मिला। इसी बीच परिजनों को भनक लगी कि एमसी सक्सेना कॉलेज का रजिस्ट्रार विकास श्रीवास्तव उनकी बेटी को अपने संग भगाकर ले गया है। परिजनों ने रजिस्ट्रार के मोबाइल पर संपर्क किया तो वह बंद जाने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रजिस्ट्रार के खिलाफ अपहरण की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है।

घर के सामने कूड़ा फेंकने का विरोध करने पर मारपीट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर उसके घर के सामने कूड़ा फेकने का विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है जानकारी होने पर जब उसका बेटा उसे बचाने दौड़ा तो आरोपियों ने उसकी भी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह बेसुध हो गया। घटना की जानकारी होने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने पीड़ित को इजाल के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे गई।

युवती के मोबाइल पर भेजे अश्लील मैसेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर एक को पकड़ा

अमृत विचार : तालकटोरा थानाक्षेत्र अंतर्गत एक शोहदे ने युवती के मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज भेजे। जबाव न मिलने पर शोहदा उसे कॉल कर परेशान करने लगा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शोहदे को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार मिश्रा के मुताबिक, राजाजीपुरम क्षेत्र की रहने वाली युवती (20) की कुछ दिन पूर्व शादी तय हुई थी। किसी कारणवश उसका रिश्ता टूट गया। मामला बढ़ने पर दोनों के बीच खुद को मीडियाकर्मी बताने वाले अमर चौधरी दोस्त रिजवान और शादाब संग पहुंचा। युवती का आरोप है कि रिजवान ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। फिर उसके वाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज भेजने लगा। जबाव न मिलने पर आरोपी उसे कॉल पर परेशान करने लगा। इस पर पीड़िता ने विरोध किया तब रिजवान के साथ अमर चौधरी और शादाब ने उसे अगवा करने की धमकी दी। युवती ने परिजनों को जानकारी देने के बाद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अमर चौधरी खुद को मीडियाकर्मी बताता है। पुलिस ने रिजवान को गिरफ्तार किया है। वहीं, फरार दोनों आरोपितों की तलाश की जा रही है।

एंबुलेंस में चोरी का माल लादकर हो जाते थे फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रतिष्ठानों और बंद मकानों का ताला गैस कटर से काट वारदात को अंजाम देने बाद एंबुलेंस में चोरी का माल लादकर शातिर फरार हो जाते। देर रात पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच शातिरों को गिरफ्तार कर लिया।

एडीसीपी नार्थ अभिजित आर शंकर के मुताबिक, गिरोह के सदस्य पुलिस को चकमा देने के लिए एम्बुलेंस का इस्तेमाल करते थे। चेक प्वाइंट आते ही चोर मरीज बनकर एम्बुलेंस में लेट जाता था। जिससे आरोपी आसानी से भाग निकलते थे। बताया कि मंगलवार रात मड़ियांव पुलिस सीतापुर मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस टीम ने शक के आधार पर मड़ियांव टैम्पो स्टैण्ड के समीप एक एम्बुलेंस में सवार पांच लोगों को रोक लिया।

पूछताछ के दौरान शातिर पुलिस का ध्यान भटकाने की कोशिश करते रहे। जिसके बाद पुलिस ने शातिरों को हिरासत में लिया। सख्ती बरतने आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए शातिरों की पहचान महिगवां निवासी सुशील कुमार, आजादनगर निवासी सैफ अली, सीतापुर मोतीपुर निवासी सचिन, सीतापुर के महमूदाबाद निवासी मनीष कुमार और मड़ियांव निवासी मो साजिद के रूप में हुई।

पुलिस की गिरफ्त में गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच सदस्य। अमृत विचार

इलेक्ट्रिक और बाइक रिपेयरिंग की दुकानों को बनाते थे निशाना

पूछताछ में गिरोह ने बताया कि वो सभी इलेक्ट्रिक और बाइक रिपेयरिंग की दुकान से चोरी करते थे। क्योंकि यहां का सामान आसानी से मार्केट में बिक जाता है। गिरोह के मास्टर माइंड सुशील ने बताया कि एंबुलेंस मो. साजिद चलाता था। जबकि सचिन और मनीष वेल्डिंग की दुकान में काम करने के चलते गैस कटर से शटर व ताले काटता था। पुलिस ने शातिरों के पास से इलेक्ट्रॉनिक तार के 168 डिब्बे, एक गीजर, पांच पावर स्विच के डिब्बे, एक यूपीएस, एक इनवर्टर, एक बैटरी, मोबिलऑयल के 92 डिब्बे, 25 चैन स्पाकिट, 6 शाकर, 15 एसेम्बल क्लच, एक गैस कटर, एक आक्सीजन सिलेण्डर और एक पैट्रो मैक्स सिलेण्डर बरामद किया है।

आक्रोश बुद्धेश्वर विकास महासभा के विरोध पर पुलिस ने कांवर भवन का खुलवाया ताला

पुजारी पर मंदिर में ताला डालने का आरोप

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार: पारा क्षेत्र स्थित बुद्धेश्वर धाम में बुधवार को उस वक्त अजीब स्थिति पैदा हो गई जब मंदिर के पुजारी रामू द्विवेदी द्वारा अचानक कांवर भवन में ताला डाल दिया गया।

गौरतलब है प्रदेश की योगी सरकार द्वारा तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार के क्रम में बड़ी धनराशि खर्च कर कांवर भवन निर्मित कराया गया है। कांवर भवन की भव्यता मंदिर में आए हुए श्रद्धालु देखना चाहते थे। परंतु भवन में ताला पड़े होने से निराश श्रद्धालुओं ने इसकी जानकारी बुद्धेश्वर विकास महासभा को दी। सूचना पर बड़ी संख्या में पहुंचे बुद्धेश्वर विकास महासभा के पदाधिकारियों ने पुजारी रामू द्विवेदी के कृत्य का विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा टीम के साथ पहुंचे और मंदिर परिसर में हो रहे हंगामे को उप जिलाधिकारी सहित प्रशासन के तमाम अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया। पारा इंस्पेक्टर के सख्त रुख से अंततः पुजारी द्वारा कांवर भवन का ताला खोल दिया गया। वहीं जब इस संबंध में बुद्धेश्वर मंदिर के पुजारी रामू द्विवेदी ने बताया कि मंदिर परिसर में कब्जा करने की नीयत से कई संगठन बन गए हैं। मंदिर परिसर पर्यटन विभाग की देख रेख में है। मंदिर परिसर में लगने वाले शिलापट्ट पर मेरा नाम नहीं जबकि मैं वर्षों से मंदिर का पुजारी हूं। मुख्य संरक्षक राम शंकर राजपूत, अजय त्रिपाठी मुन्ना, डॉक्टर घनश्याम पांडे, अध्यक्ष राजेश शुक्ला, क्षेत्रीय पार्षद धर्मेंद्र सिंह, महिला नेता ज्योति सिंह, सोनी गौतम मौके पर मौजूद रहे।

मंदिर में पड़ा ताला और मौके पर हंगामा करते लोग। अमृत विचार

मंच पर चढ़े युवक ने महिला कथावाचक को किया प्रपोज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हजरतगंज पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार: गन्ना संस्थान में आयोजित एक मोटिवेशनल कार्यक्रम के दौरान मंच पर चढ़कर एक सिरफिरे ने सुप्रसिद्ध महिला कथावाचक को प्रपोज कर दिया। इसके बाद हजरतगंज पुलिस ने सिरफिरे को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ छेड़खानी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, मंगलवार शाम देश की सुप्रसिद्ध महिला कथावाचक का गन्ना संस्थान में कार्यक्रम था। कथावाचक को सुनने के लिए लोगों की भीड़ सभागार में मौजूद थी। इसी बीच एक सिरफिरा मंच पर चढ़ गया और कथावाचक को प्यार का इजहार कर दिया। हालांकि, सुरक्षा में तैनात पुलिस ने सिरफिरे को फौरन हिरासत में लिया। फिर उसे कोतवाली लेकर आया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सिरफिरे की पहचान महाराष्ट्र के शिरडी निवासी निपेष के रूप में हुई है। पूछताछ में सिरफिरे ने बताया कि वह विज्ञापन एजेंसी में कार्यरत है। कथावाचक से शादी करना चाहता है। फिलहाल, पुलिस ने सिरफिरे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

एक नजर

ईश्वर समस्त प्राणियों के शरीर, प्राण व इन्द्रियों का स्वामी है : मुक्तिनाथानन्द

अमृत विचार, लखनऊ : निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने मठ में दिए अपने प्रवचन में कहा कि ईश्वर ही समस्त प्राणियों के शरीर, मन, प्राण व इन्द्रियों का स्वामी है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की सिवाय हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि कृष्ण ने जब वृन्दावन में यमलार्जुन का उद्धार किया तब कुबेर के दो पुत्र नलकुबेर और मणिग्रीव अपने वृक्ष शरीर के श्राप से मुक्त हो गए। उन्होंने कहा ईश्वर समस्त प्राणियों के शरीर, प्राण, अन्त :करण का स्वामी है। वह सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापक और अविनाशी है। वह हमारे शरीर और मन का स्वामी है। मानव शरीर ईश्वर के द्वारा ही नियंत्रित होता है। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर के भीतर एक प्राणमय शरीर है। ईश्वर उस प्राण शरीर का नियामक है। उसके भीतर जो अन्त :करण है उसमें मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार पर ईश्वर का ही नियंत्रण है। ईश्वर इस शरीर का परिचालक है। उसकी प्रार्थना करने से ईश्वर की कृपा होती है और मन बुद्धि ईश्वर केन्द्रित हो जाती है।

सनातन महासभा की गोमती महाआरती कल

अमृत विचार, लखनऊ : सनातन महासभा की ओर से हर महीने की पूर्णिमा पर होने वाली आदि गंगा गोमती की महाआरती का आयोजन 23 फरवरी को शाम 6 बजे गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में किया जायेगा। सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि यह 122वीं महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि विश्व में सनातन धर्म के विस्तार और भारत में धर्माचार्यों की महत्ता को लेकर सनातन महासमागम संतों और राजनेताओं की मौजूदगी में होगा। माघी पूर्णिमा के अवसर पर संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर विविध आयोजन तय किये गए हैं। इस मौके पर 12 विशिष्ट विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया जायेगा।

स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगी 14 राज्यों की महिला खिलाड़ी

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 21 से 24 तक आयोजन, 22 को होगी मुकाबलों की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 का आयोजन लखनऊ में
- प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों का किया गया वजन

अमृत विचार : पूरे देश की 400 से अधिक महिला खिलाड़ी लखनऊ में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 में दांव पर लगे 23 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेगी।

केंद्रीय खेल और युवा कल्याण मंत्रालय, खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण की देखरेख में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से आयोजित चार दिवसीय इस लीग मुकाबले 21 से 24 फरवरी तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम कें बैडमिंटन हाल में होंगे। लीग के पहले दिन 14 राज्यों की टीमों में शामिल खिलाड़ियों का वजन किया गया।

लीग के बाबत उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू और सचिव राजकुमार ने बताया कि सीनियर, जूनियर के साथ कैडेट वर्ग में होने वाली इस लीग में क्योरगी में सीनियर के आठ, जूनियर के 10 और कैडेट के 5 सहित कुल 23 भार वर्गो में मुकाबले होंगे।

सचिव राजकुमार ने बताया कि लीग में मुकाबलों की शुरुआत 22 को सुबह 9 बजे से होगी। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण मंत्री आशीष पटेल करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस लीग में 14 राज्यों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। 23 स्वर्ण, 23 रजत और 46 कांस्य सहित कुल 92 पदकों के लिए मुकाबले होंगे। इस लीग का समापन 24 को होगा। इसके साथ ही लीग के पहले फेज का आयोजन मेघालय में 14 से 17 तक कराया जा चुका हैं।

मेरठ के बलराम ने पुरुष 5000 मी. स्पर्धा में जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक क्लस्टर प्रतियोगिता

अमृत विचार : 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक क्लस्टर प्रतियोगिता के तीसरे दिन मेरठ के बलराम सिंह ने पुरुष 5000 मी. में नए रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

35वीं वाहिनी पीएसी महानगर लखनऊ की ओर सें गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में पीएसी मध्य जोन के सुनील कुमार साहनी ने आज साइकिलिंग की 50 किमी स्पर्धा में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता। पुरुष की 5000 मीटर की दौड़ में बलराम सिंह ने 14:14:07 सेकेंड के समय के साथ नया रिकार्ड बनाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में आगरा के दिग्विजय सिंह 14:24:50 सेकेंड के समय के साथ दूसरे और बरेली के शिवांग तोमर 14:41:43 सेकेंड के समय के साथ तीसरें स्थान पर रहे। पुरुष के 50 किमी.साइकिलिंग स्पर्धा में सुनील कुमार साहनी पहले, अजीत कुमार दूसरे और मेरठ जोन के जितेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहें। महिला चक्का फेंक में लखनऊ जोन की कल्पना ने स्वर्ण पदक जीता।

क्रिकेट प्रतियोगिता 25 को

अमृत विचार, लखनऊ : निशातगंज क्रिकेट क्लब की देखरेख में 25 फरवरी को क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।यह प्रतियोगिता निशातगंज के राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में खेली जायेगी। क्लब के अध्यक्ष जहीर खान ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान लोगो को कई रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन विकास खण्ड– सौरिख (कन्नौज)

पत्रांक मेमो/सचिव ग्राम पंचायत–मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर प्रकाशन/2023–2024 दिनांक 22.02.2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन विकास खण्ड सौरिख जनपद–कन्नौज के कार्यो हेतु आयकर एवं बिक्रीकृत पंजीकृत (जीएसटी नम्बर सहित) सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्मो से ईट, ईट की रोड़ी, सीमेण्ट, बालू, मौरंग, गिटटी, हयूम पाइप, टायल्स, इंटरलॉकिंग ईट, टीन सेड पाइप रिवर्ट वोल्ट हुक हैण्डपम्प रिवोर सामग्री सफाई किट हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार कुटेशन/निविदा आमन्त्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म नियमानुसार सभी कागजों सहित विज्ञप्ति प्रकाशन के एक सप्ताह तक अपने कुटेशन/निविदा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है प्राप्त निविदाएं दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह को 1:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन में सामग्री आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	योजना का नाम	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1	रामसुमरिन के घर से बड़ेलाल के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य	999189.00	मनरेगा/ केन्द्रीयवित्त	03 माह

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन
वि खण्ड सौरिख जन0 कन्नौज

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन
वि खण्ड सौरिख जन0 कन्नौज

मध्यप्रदेश के हस्तशिल्प की प्रदर्शनी आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम की ओर से अलीगंज स्थित ललित कला अकादमी में मध्य प्रदेश के 40 शिल्पी अपनी-अपनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाएंगे। 22 फरवरी को शाम 5 बजे प्रदर्शनी के उद्घाटन के लिए लखनऊ की मंडलायुक्त को आमंत्रित किया गया है। प्रदर्शनी के प्रबंधक एमएल शर्मा ने बताया कि यह प्रदर्शनी 3 मार्च तक चलेगी।

उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में 1930 के दशक की रेशम, किनार, चंदेरी, मसलिन और काटन साड़ियां विशेष रूप से लाई गई हैं। इन्हें मध्य प्रदेश के विशेष बाग प्रिंट और 12 जड़ी बूटियों से प्रिंट किया गया है। इसके अलावा हथकरघा की चादरें, जरी, जरदोजी, लकड़ी के खिलौने, मेटल की मूर्तियां और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि यहां बुनकरों की कार्यशाला, जरी-जरदोजी पर व्याख्यान, शहनाई वादन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 में भाग लेगी उत्तर प्रदेश की 46 सदस्यीय टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की 46 सदस्यीय टीम प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 में दम-खम दिखाने उतरेगी। उप्र ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम के कोच देवेंद्र कुमार सिंह और रंजीत यादव होंगे। साथ ही मैनेजर मयंक भारती और हर्षिता सिंह राठौर होंगे ।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी और अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने भी टीम में शामिल खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

उत्तर प्रदेश की ताइक्वांडो टीम

लकी प्रजापति, रिजु सिंह, खुशी कुमारी, आयुषी कुशवाहा, सना शर्मा, तनु शर्मा, अन्वेषा जैन, आभ्या जायसवाल, नव्या सिंह, अंशिका मौर्या, सृष्टि सिंह, मीनू कुमारी, आयुषी यादव, नगन परवीन, विशाखा, महक निषाद, नमिता यादव, प्रतिभा यादव, तुषिका वर्मा, रानी कुमारी, प्रांजलि सिंह, कृतिदा यादव, अक्षिता सिंह, जोया खान, नेहा यादव, शिवानी यादव, प्रियांशी जुगरान, रौनक शर्मा, श्रेया शर्मा, गार्गी कृष्णा, सोनम निषाद, भूमि, प्रिया सिंह, अनुपम, तुलसी यादव, शिवानी दीक्षित, प्रिया मौर्या, रोजी बानो, अंजू कुमारी, प्रीति जायसवाल, श्रद्धा तिवारी, स्नेहा सिंह निषाद, शिवानी गौर, दुर्गेश शर्मा, बलवंत साहनी, आरती शर्मा।

कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक– 3093/15–1/कानपुर दिनांक 21.02.2024

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर के कानपुर रेंज के अन्तर्गत सारंग वन विश्राम भवन जीर्णोद्धार हेतु निविदा दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर दीनदयाल नगर, कानपुर नगर में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट, हाथोहाथ (बाईहैण्ड) प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदादाता को निविदा के साथ पैनकार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति तथा कार्य की अनुमानित लागत (समस्त करो सहित) की बन्धक धनराशि F.D.R./T.D.R, के रूप में तदोपरान्त स्वीकृत निविदादाता को कार्यादेश निर्गत होने के 03 दिवसों के अन्दर शेष बन्धक धनराशि F.D.R./T.D.R, के रूप में तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य जो कि DIVISIONAL DIRECTOR SOCIAL FORESTRY KANPUR के नाम से जमा की जायेगी। निविदा दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कय की जा सकती है।

दिव्या
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

शबे-बरात को लेकर पीस कमेटी की बैठक

- पुलिस अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों ने शांति से त्योहार सम्पन्न कराने की बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शबेबरात के त्योहार के मद्देनजर पुराने शहर के बजाजा स्थित बारगाहे अजा में पीस कमेटी की बैठक की गई। इस बैठक में एसीपी चौक राजकुमार सिंह, थाना प्रभारी चौक नागेश उपाध्याय और शिया व सुन्नी समुदाय के जिम्मेदार लोगों ने शिरकत की। उल्लेखनीय है कि शबेबरात का त्योहार आगामी 26 को मनाया जायेगा।

बैठक के दौरान मौजूद पुलिस कर्मी व मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

इस बैठक में शबेबरात का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में पुलिस अधिकारियों ने निर्देश दिए। इस बैठक में पाटानाला और गली शाहछड़ा के चौकी प्रभारी भी शामिल हुए। बैठक में कहा गया कि इस त्योहार पर भाईचारा बना रहे और शान्ति से इसे सम्पन्न कराया जाये। बैठक में पार्षद राहुल मिश्र, मीसम रजा, नितेश श्रीवास्तव, जफर नकवी, लियाकत हुसैन और उस्मान अली सहित अन्य जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

नाटक लो आ गई वापस सोने की चिड़िया में झलका भारत की संस्कृति का योगदान

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के भारत रंग महोत्सव के 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में वास्तुकला संकाय में जन भारत रंग का आयोजन किया गया। नाट्य संस्था थियेट्रान ने वास्तुकला संकाय में नाटक लो आ गई वापस सोने की चिड़िया का मंचन किया। सुब्रत रॉय के निर्देशन में मंचित इस नाटक में हमारी संस्कृति, सभ्यता, वेद, पुराण, मूर्तिकला, वास्तुकला और विश्व धरोहरों को दिए गए हमारे योगदान पर बहुत विस्तार से रोशनी डाली गई। नाटक में सूरज कुमार, तन्मय लहरी, अविनाश श्रीवास्तव, निशा तिवारी और शुभम गौतम ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

विश्व संस्कृति का सेतु है रामकथा : सूर्य प्रसाद दीक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक स्थानीय प्रधान कार्यालय में 'भाषाओं के मध्य सांस्कृतिक विनिमयः राम-कथा के विशेष संदर्भ में' विषय पर ज्ञानवार्ता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वक्ता एवं विद्वान प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित उपस्थित रहे। सूर्य प्रसाद लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष रहे हैं। हिन्दी, अवधी एवं ब्रज भाषाओं के आधिकारिक विद्वान दीक्षित ने विभिन्न भाषाओं में राम-कथा की उपस्थिति और इसकी विभिन्न शैलियों पर क्रमिक प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल विकास अधिकारी राजेश कुमार मीणा ने अतिथि वक्ता का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया।

सूर्य प्रसाद दीक्षित को पुष्प गुच्छ देते राजेश कुमार

कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक– 3093/15–1/कानपुर दिनांक 21.02.2024

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर के बिल्हौर रेंज के अन्तर्गत नानामऊ वन विश्राम भवन जीर्णोद्धार हेतु निविदा दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर दीनदयाल नगर, कानपुर नगर में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट, हाथोहाथ (बाईहैण्ड) प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदादाता को निविदा के साथ पैनकार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति तथा कार्य की अनुमानित लागत (समस्त करो सहित) की बन्धक धनराशि F.D.R./T.D.R, के रूप में तदोपरान्त स्वीकृत निविदादाता को कार्यादेश निर्गत होने के 03 दिवसों के अन्दर शेष बन्धक धनराशि F.D.R/T.D.R, के रूप में तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य जो कि DIVISIONAL DIRECTOR SOCIAL FORESTRY KANPUR के नाम से जमा की जायेगी। निविदा दिनांक 24.02 2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कय की जा सकती है।

दिव्या
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

किसानों ने भरी हुंकार, सड़क पर लगी गाड़ियों की कतार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अपनी मांगों को लेकर चारबाग पहुंचे किसान

अमृत विचार : चारबाग में बुधवार दोपहर को भीषण जाम लगा रहा। किसान अपनी मांगों को लेकर चारबाग पहुंच गए। इसके चलते मवैया अण्डापास और कैंट से लेकर जेल रोड तक वाहनों की कतारें लग गयी। वाहन बंगला बाजार तक रेंग-रेंगकर चलते रहे।

राजधानी में बुधवार को मांगों को लेकर सैकड़ों किसान चारबाग पहुंच गए। इससे चारबाग से लेकर मवैया तक जाम लग गया। मवैया अण्डरपास ट्रैफिक के लिए प्रतिबंधित होने से केकेसी तिराहे आम दिनों में जाम की स्थिति रहती है। किसानों के चलते चारबाग की ओर से आने वाले वाहनों को केकेसी तिराहे से लगभग आधा किमी के पहले ही रुक गए, जिसके चलते कुछ ही देर में भीषण जाम लग गया। वहीं पेट्रोल पम्प पर एक एम्बुलेंस भी फंसी रही। ट्रैफिक जाम का आलम यह था कि दोपहर से लगा जाम शाम तक सुचारू होने में लग गया। हालांकि ट्रैफिक जाम को देखते हुए कैंट क्षेत्र में बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को चारबाग की ओर से प्रतिबंधित कर दिया गया। चारबाग आने वाले वाहनों को डायवर्ट कर दिया गया, जिसके चलते वाहनों चालकों काफी दूर तक घूमकर जाना पड़ा।

कार्यशाला में सिखाई गई लेखन शैलियां

- राज्य संग्रहालय और उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई पुरालेख एवं पुरालिपि कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य संग्रहालय और उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संग्रहालय के सभागार में आयोजित पुरालेख एवं पुरालिपि कार्यशाला के छठे दिन डॉ. जीएस ख्वाजा ने अरबी लिपि से परिचित कराते हुए इस्लामिक जगत की विभिन्न लेखन शैलियों के बारे विस्तार से बताया। ख्वाजा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नागपुर के सेवानिवृत्त निदेशक (पुरालेख) हैं।

उन्होंने कार्यशाला के प्रतिभागियों ने अरबी लिपि की उन लेखन शैलियों की विशेष रूप से जानकारी दी जिनका मुख्य रूप से भारत में प्रयोग किया जाता है। इसमें कूफी, नस्तालिख आदि लेखन शैलियां प्रमुख हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को अरबी भाषा में उनका नाम लिखना भी सिखाया।

कार्यशाला में राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका, उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग के कृष्ण मोहन दुबे, डॉ. अनीता चौरसिया, शारदा त्रिपाठी, अनुपमा सिंह, शशिकला राय और गायत्री गुप्ता की प्रमुख रूप से मौजूदगी रही।

कार्यशाला में अरबी लिपि का प्रशिक्षण देते डॉ. जीएस ख्वाजा व उपस्थित प्रतिभागी। अमृत विचार

आवश्यकता है

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को

उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की

वेतन :- योग्यता अनुसार

बायोडाटा भेजें:-

hr@amritvichar.com 8307111100, 8476006584

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

आयोजन | शिक्षा और राजकाज की भाषा बनाये बगैर किसी भाषा का विकास नहीं हो सकता : नरेंद्र सिंह मोंगा

मातृभाषा दिवस पर हुआ पंजाबी बोली को समर्पित कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वीआईपी रोड स्थित गुरुद्वारा भाई लालो जी के महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया हाल में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पंजाबी बोली को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। आजाद लेखक कवि सभा उत्तर प्रदेश की ओर से बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न पंजाबी समूहों और विद्यालयों के छात्रों ने नाटक, कविता और भाषण प्रस्तुत किये।

इस आयोजन में प्रो. मेजर मनमीत कौर सोढ़ी, खालसा एसेंट कॉलेज उन्नाव के चेयरमैन सरदार गुरशरण सिंह, सभा के महासचिव सरदार दविन्दर पाल सिंह बग्गा और लालोजी गुरुद्वारे के सरदार ज्ञान सिंह धंजल ने पंजाबी भाषा के इतिहास और इसके प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। सभा ने इस मौके पर हुई निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए।

सरदार सरबजीत सिंह बख्शी के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में आजाद लेखक कवि सभा के अध्यक्ष सरदार नरेंद्र सिंह मोंगा ने कहा कि केवल धार्मिक साहित्य से भाषा समृद्ध होने से ही किसी भाषा का विस्तार नहीं हो सकता। अगर ऐसा होता तो पूरे भारत में केवल एक भाषा संस्कृत का ही प्रसार होता और यह भाषा पूरे देश में बोली जाती। भाषा का विस्तार तभी होता है जब उसे शिक्षा का माध्यम बनाया जाए और वह राजकाज की भाषा बनाया जाए।

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते पंजाबी समुदाय के बच्चे। अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर जनपद कानपुर देहात

पत्रांक– 1023/न0पं0मूसा0/ ई –निविदा सूचना – सी. एम. एन.एस.वाई. /2023–24 दिनांक : 21/02/2024

ई–निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मूसानगर में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो हेतु ई–निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल पर दिनांक 22/02/2024. को आमंत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित समस्त विवरण नियम व शर्ते वेबसाइट (www.etender.up.nic.in) पर उपलब्ध है, जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागियों को किया जाना जाना अनिवार्य है ।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मूसानगर
कानपुर देहात

सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के कई कार्यों को दी मंजूरी

सड़कों के चौड़ीकरण की मंजूरी, वाराणसी मेडिकल कालेज को मिली जमीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः राज्य सरकार ने कई जिलों की सड़कों के चौड़ीकरण समेत वाराणसी में मेडिकल कालेज को जमीन देने की मंजूरी दी है। साथ ही महाकुंभ मेला कार्य का पैसा खर्च करने की वित्त विभाग से अनुमति नहीं लेनी होगी। यह निर्णय कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लिए गए हैं।

राज्य कैबिनेट मे प्रदेश के कई जिलों की सड़कों का चौड़ीकरण करने जा रही है। इसके प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी देने के साथ ही धन का आवंटन भी कर दिया गया है। प्रदेश कैबिनेट ने मुजफ्फरपुर, मेरठ व गाजियाबाद में चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग, गंग नहर की दायीं पटरी (चैनेज 51.910 से 163.400 तक) के नवनिर्माण की पुनरीक्षित लागत की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को मंजूर कर दिया। इसके अलावा जिला गोरखपुर में असुरन से मोहद्दीपुर चौराहा चारफाटक मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण होगा।

मेला में खर्च के लिए नहीं लेनी होगी वित्त विभाग से अनुमति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन महाकुंभ मेला में खर्च के लिए वित्त विभाग से अनुमति लेने की बाध्यता को समाप्त कर दिया। महाकुंभ मेला-2025 एक विशिष्ट और समयबद्ध आयोजन है। महाकुंभ के कामों के लिए नगर विकास विभाग को नोडल की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य सरकार ने इस साल 2500 करोड़ रुपये बजट आवंटित किया है। नगर विकास विभाग के पास महाकुंभ के कामों के लिए बजट आवंटन की जिम्मेदारी है। महाकुंभ मेले में होने वाले कामों की अनुमति देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 27 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। महाकुंभ के कामों को तय समय पर कराने के लिए वित्त विभाग से अनुमति की व्यवस्था से मुक्त कर दिया गया है।

गोरखपुर में ही मानीराम बालापार टिकरिया गांगी बाजार मार्ग का चार लेन में चौड़ीकरण के साथ ही मिर्जापुर को भदोही जिले से जोड़ने के लिए के लिए गंगा नदी रामघाटपुर पर दीर्घ सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण कार्य व भूमि अध्याप्ति की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति भी दी गई है। कौशांबी पर्यटन स्थल को प्रयागराज मुख्यालय वाया एयरपोर्ट से चार लेन जोड़ने के कार्य की पुनरीक्षित प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति तथा मथुरा में कोसी-नंदगांव-बरसाना-गोवर्धन-सौरव-मथुरा व मथुरा-राया मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य की पुनः पुनरीक्षित प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को भी मंजूरी दी गई है।

वाराणसी में नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बनने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अधीन मानसिक चिकित्सालय की रिक्त भूमि के अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय को चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। इस प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी गई। इस जमीन पर संस्था ब्राइट स्टार इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड को प्रशासनिक और आवासीय भवन, यूजी के लिए छात्रावास, इंटर्न पुरुष एवं महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण करना है। फिर भवन को सरकार को हस्तांतरित किया जाएगा।इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय की समस्त चल-अचल संपत्ति भी चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित होगी। इस अस्पताल के समस्त कर्मचारी भी 3 साल के लिए मेडिकल कॉलेज में प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे। इस अवधि को 5 साल तक बढ़ाया जा सकेगा।

वाराणसी में निफ्ट का केन्द्र उच्चीकृत होगा

उत्तर प्रदेश सरकार ने वाराणसी में चल रहे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी निफ्ट को उच्चीकृत करने का फैसला किया है। कैबिनेट में लाये गये प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी।

अनियमित जीवनशैली से बढ़ रहीं पाइल्स व फिशर जैसी बीमारियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खान-पान और अनियमित जीवनशैली से लोगों में पाइल्स, फिशर समेत मलद्वार से सम्बंधित कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। लोगों को ऐसी बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक होने की जरूरत है। यह जानकारी केजीएमयू जनरल सर्जरी विभाग के पूर्व डॉ. अरशद अहमद ने दी।

वह बुधवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के जनरल सर्जरी विभाग के 112वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुए सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चिंता की बात यह है कि मलद्वार से सम्बंधित बीमारी होने पर लोग शुरू में इलाज कराने में हिचकते हैं। बीमारी साझा करने में भी संकोच करते हैं। समस्या गंभीर होने पर झोलाछाप या फिर मेडिकल स्टोर में जाकर दवा लेते हैं। समय पर सही इलाज न मिलने से बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। डॉ. अरशद ने कहा कि लोग इंटरनेट पर लेजर के बारे में पढ़कर उसी से इलाज कराने का दबाव बनाते हैं। जबकि यह गलत है। सिर्फ डॉक्टर की सलाह पर ही इलाज कराना चाहिए।

▶▶ केजीएमयू के सर्जरी विभाग में आयोजित सेमिनार में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

वहीं, डॉ. संदीप वर्मा ने कहा कि मलद्वार के कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसकी बड़ी वजह रिफाइंड में पका भोजन, फास्ट फूड, मैदा आदि का सेवन है। शुरुआत में मरीज को कब्ज, डायरिया, शौच से खून आना जैसे लक्षण होते हैं। इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खान-पान पर नियंत्रण बीमारी से काफी हद तक बचा सकती हैं। केजीएमयू इंडोक्राइन सर्जरी विभाग के डॉ. कुलरंजन सिंह ने कहा कि इलाज के बावजूद ब्लड प्रेशर काबू में नहीं आ रहा है। घबराहट और सिरदर्द जैसी समस्या बनी है। तो एड्रिनल ग्लैंड की जांच कराएं।

समझौते में मिली आधा दर्जन सीटों पर 2009 में परचम लहरा चुकी है कांग्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : इंडिया गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों में से छह सीटों पर कांग्रेस 2009 में अपना परचम लहरा चुकी है। इस चुनाव को कांग्रेस जीती हुई सीटों को दिये जाने पर खासा जोर दे रही थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की 21 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इनमें अकबरपुर, अमेठी, रायबरेली, बहराइच, बाराबंकी, बरेली, धौरहरा, डुमरियागंज, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, गोंडा, झांसी, कानपुर, खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मुरादाबाद, प्रतापगढ़, श्रावस्ती, सुल्तानपुर और उन्नाव थीं। अब समझौते के तहत कांग्रेस को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कुल 17 सीटें मिली हैं। इनमें रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

एक नजर

अनुसूचित जाति एवं जनजाति पर हो रहा अत्याचार : भीम आर्मी

अमृत विचार, लखनऊ : इस समय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के ऊपर अत्याचार बढ़ रहा है। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला हो रहा है। ये बातें जिला संयोजक कमलेश बौद्ध ने कहीं। जिला संयोजक ने बताया कि आए दिन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पर हमले हो रहे हैं। भीम आर्मी ने हमले को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

लोगों की निःशुल्क जांच करेगी मारवाड़ी युवा मंच की स्वास्थ्य वैन

अमृत विचार, लखनऊ : लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उत्तर प्रदेश मारवाड़ी युवा मंच द्वारा एक नि :शुल्क स्वास्थ्य वैन बुधवार को हजरतगंज क्षेत्र से रवाना की गई। इसकी शुरुआत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने की। यह स्वास्थ्य वैन प्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण कर लोगों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। परीक्षण वैन अगले 3 दिनों तक लखनऊ के विभिन्न इलाकों में नि :शुल्क जांच करेगी। इसमें डेंटिस्ट, नेत्र विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, ईसीजी, आंखों का चश्मा एवं पैथोलॉजी से जुडे. चिकित्सक और जांच की पूरी व्यवस्था है। जांच रिपोर्ट मरीजों को आधे घंटे के उपरांत उपलब्ध करा दी जाएगी। उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, अवध शाखा के अध्यक्ष पुनीत तुलसियान एवं प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी व प्रांतीय संयोजक नीलेश अग्रवाल टाटा एवं मंच के कई सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि. (बजाज शुगर) और एवर एनवायरो प्रालि. ने उप्र. में सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) संयंत्र स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया है। एवर एनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्रालि. के एमडी.और सीईओ महेश गिरधर ने बताया, बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि. के साथ हमारी साझेदारी टिकाऊ ऊर्जा समाधान की दिशा में मील का पत्थर है। अमृत विचार

राजा भैया को साधने सपा के बाद पहुंचे भाजपा नेता

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया और कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का भाव बढ़ा हुआ है। सपा प्रदेश अध्यक्ष की ओर से पुराने गिले-सिकवे भुलाकर समझौते की कोशिश करने की घटना में 24 घंटे भी नहीं बीते कि भाजपा प्रदेश भूपेंद्र सिंह चौधरी और मंत्री जेपीएस राठौर उनसे मिलने आवास पर पहुंच गए। भाजपा राज्यसभा चुनाव में राजा भैया की पार्टी के दोनों वोट समेत लोकसभा चुनाव में भी समर्थन चाहती है। राजा के लिए भाजपा के दबाव के बाद सपा के साथ जाना मुश्किल माना जा रहा है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मंगलवार को ही कुंडा विधायक राजा भैया से मुलाक़ात की थी। इसके बाद दोनों दलों के गठबंधन को लेकर क़यास तेज़ हो गए। खासकर राज्यसभा चुनाव में सपा का तीसरे प्रत्याशी की जीत नजदीक लग रही थी। लेकिन बुधवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और मंत्री जेपीएस राठौर ने राजा भैया के घर जाकर सपा की मेहनत पर पानी फेरने की कोशिश की। कहा जा रहा है कि इसके पहले राजा भैया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिलने गए थे। भाजपा सूत्रों का कहना है कि राजा भैया की पार्टी के दोनों विधायक राज्यसभा चुनाव में 27 फरवरी के आठवें भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट करेंगे, साथ ही लोकसभा चुनाव में भी समर्थन देंगे। इसका ऐलान पार्टी अधिकृत रूप से बाद में करेगी।

लखनऊ एथलेटिक्स टीम के गठन को ट्रायल 23 को

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन की देखरेख में 58वीं उत्तर प्रदेश राज्य वार्षिक जूनियर (अंडर 20, महिला और पुरुष) एथलेटिक्स चैंपियनशिप आगामी 24 और 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में लखनऊ की टीम भी हिस्सा लेगी। लखनऊ टीम के गठन को सलेक्शन ट्रायल 23 फरवरी को मवैया स्थित ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। ट्रायल सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। ट्रायल में 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के पुरुष और महिला खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। लखनऊ एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बी आर वरुण ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का जन्म वर्ष 2005 और 2006 में हुआ है, वह इस चयन ट्रायल में में हिस्सा ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी उनके मोबाइल नंबर 94150 27942 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

50 बेड का होगा हकीम अब्दुल अजीज यूनानी चिकित्सालय

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के राजकीय तकमील उत्तिब कॉलेज एवं चिकित्सालय में नया यूनानी अस्पताल बनेगा। इस 50 बेड के अस्पताल के निर्माण के लिए 14 करोड़ से ज्यादा का बजट स्वीकृत करते हुए ढाई करोड़ की किस्त भी शासन द्वारा जारी की गई है। आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने बताया कि आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सक पद्धतियों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उक्त क्रम में यूनानी कॉलेज में मरीजों को भर्ती करने के लिए जिला यूनानी अस्पताल का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। हकीम अब्दुल अजीज के नाम से नया अस्पताल होगा। इसमें जांच के लिए पैथोलॉजी भी होगी। मालूम हो कि यूनानी कॉलेज में स्नातक व परास्नातक के छात्रों की पढ़ाई होती है। परास्नातक छात्रों की पढ़ाई मरीजों के इलाज के साथ कराई जाती है। नए अस्पताल बनने के बाद मरीजों की संख्या बढ़ेगी।

ट्रांसगोमती में कई क्षेत्रों में रही लो वोल्टेज की समस्या

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती के कई इलाकों में बुधवार को लो वोल्टज की समस्या से लोग काफी परेशान रहे। गुडम्बा, कपूरथला, ततारपुर, मेंहदी टोला,चौधरी टोला के साथ पुराने महानगर के कई इलाकों में बिजली की आवाजाही के साथ लोग लो वोल्टज की समस्या से दिन भर जूझते रहे। इस दौरान लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। समस्या के निदान के लिए उपभोक्ता उपकेंद्रों पर फोन मिलाते रहे, लेकिन आश्वासन के बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। एसडीओ निराला नगर ने बताया कि बीती रात आंधी-पानी की वजह से कई इलाकों में जर्जर तारों के टूटने और जम्फर में आई फॉल्ट के चलते लो वोल्टज की समस्या रही। जिसे कई घंटों की मरम्मत के बाद सप्लाई को सामान्य कर दिया गया।

सहकारिता सम्मेलन में लगेगा विशेष स्वास्थ्य शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 25 से 28 फरवरी तक होने वाले सहकारिता महा सम्मेलन में मेडिकल का विशेष शिविर लगेगा। शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस महा सम्मेलन में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्यों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ पूरे प्रदेश से करीब डेढ़ लाख सहकारी बंधु आयोजन में प्रतिभाग करेंगे। लिहाजा शासन के निर्देश पर आपात कालीन चिकित्सा सेवाओं का प्रबंध कैंप लगाया जाएगा। कैंप में विशेषज्ञों की टीम व अन्य पैरा मेडिकल स्टॉफ मौजूद रहेगा। इसके अलावा एम्बुलेंस भी अलर्ट रहेगी।

अलीगंज में खुलेगा 150 बेड का सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू के तहत बुधवार को राजधानी में निर्माणाधीन 150 बेडेड मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल संजीवन में वास्तु पूजन संपन्न हुआ। शंखनाद व मंत्रोचार के बीच 11 पंडितों ने विधिवत वास्तु दोष निवारण पूजन कराया। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा और एमएलसी पवन सिंह चौहान समेत तमाम लोग शामिल रहे। संजीवन हेल्थ केयर इंटरपराइजेज के प्रवीण सिंह व प्रतीक कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे अंतराष्ट्रीय स्तर की समस्त चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध होंगी। अत्याधुनिक तकनीक से युक्त इस अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सकीय सेवाएं सामान्य दर में उपलब्ध होंगी। अस्पताल की शुरुआत मई में होने की संभावना है।

नलकूप खराब, फसलों की सिंचाई में परेशानी

अमृत विचार, लखनऊ : किसान दिवस में माल ब्लॉक के किसानों ने सिंचाई का मुद्दा उठाया। क्षेत्र में नलकूप खराब होने से रबी फसलों की सिंचाई में परेशानी बताई। जिसका संबंधित विभाग के अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया। जबकि अन्य विभागों ने उन्नत खेती के साथ योजनओं की जानकारी दी। बुधवार को कैंट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर किसान दिवस आयोजित हुआ। इसमें कृषि, उद्यान, पशु पालन, सिंचाई, नलकूप आदि विभाग के अधिकारी रहे। किसानों से एक-एक करके उनकी परेशानी पूछी गई। माल ब्लॉक के किसानों ने गांव में काफी समय से नलकूप खराब होना बताया। इस कारण रबी फसलें निजी संसाधनों से सिंचाई करने की बात कही। संबंधित विभाग ने नलकूप ठीक कराने की बात कही। आयोजन के माध्यम से जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने गेहूं, धान, सरसों के साथ मोटे अनाज की पैदावार के फायदे बताए और इन फसलों को करने की वरिष्ठ कृषि विज्ञानी डॉ. अखिलेख दुबे ने विधि बताई। योजनाएं व उनका लाभ लेने की जानकारी दी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने आगे आम की फसल को देखते हुए तैयारी, देखरेख व कीटरोग आदि की रोकथाम की तकनीक बताई। दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशु पालन पर जोर दिया और नंद बाबा मिशन के अंतर्गत डेयरी लगाने की जानकारी दी। इस दौरान मोटे अनाज पर गोष्ठी भी गई। जिलेभर से 100 किसान व पशु पालक शामिल हुए।

केजीएमयू में प्रभावित रहा सर्वर

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में तीसरे दिन बुधवार को भी सर्वर प्रभावित रहा। मरीज पर्चा बनवाने और जांच रिपोर्ट के लिए परेशान होते रहे। संस्थान में सोमवार से सर्वर की समस्या बनी हुई है। हालांकि, संस्थान प्रशासन ने मरीजों की समस्या को देखते हुए मैनुअल कार्य शुरू कराकर राहत दिलाई।

सुरक्षित है फाइलेरिया रोधी दवा खुद से सेवन करें : ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचारः उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर बनी है और पूरी तरह सुरक्षित है। दवा जब अपना कार्य शुरू करती है तो कुछ देर के लिए जी मितलाना, सर दर्द या चक्कर आना जैसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक हैं, जो कि कुछ ही देर में स्वतः समाप्त हो जाती हैं, यह दवा के सकरात्मक प्रभाव हैं। इसलिए लोगों को स्वतः दवा मंगाकर सेवन करना चाहिये।

उप मुख्यमंत्री, बुधवार को सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मात्र 10 दिन में एक करोड़ 91 लाख 50 हजार लोगों ने दवा सेवन किया है। यह फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक प्रयास है। इस अभियान में कुल तीन करोड़ 54 लाख 59 हजार 457 लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर दिन अभियान का आंकड़ा ई-कवच पोर्टल पर अवश्य दर्ज कराएं।

▶▶ पिछले 10 दिनों में 17 जिलों के करीब दो करोड़ लोगों ने खाई दवा

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में वैभव को गोल्ड मेडल

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के कक्षा-8 के मेधावी छात्र वैभव श्रीवास्तव ने अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह ओलम्पियाड हिन्दी ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर हिन्दी ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन किया। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरिओम शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीएमएस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने शानदार प्रदर्शन से साबित कर दिया कि आज के युग में सफल होने के लिए देश के प्रत्येक छात्र को अपनी मातृ भाषा एवं राष्ट्र भाषा का उत्कृष्ट ज्ञान होना आवश्यक है, साथ ही साथ हिन्दी भाषा का ज्ञान छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास के लिए भी अपरिहार्य है।

वैभव श्रीवास्तव

मानसिक रोगियों की काउंसिलिंग के लिए मिलेगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : जनमानस को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए टेली मानस सेल में कार्यरत काउंसलरों ने विशेष प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया है। बुधवार को केजीएमयू के कलाम सेंटर में शुरू होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण में गोरखपुर व आगरा के काउंसलर शामिल रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेंगलूर के निमहंस और केजीएमयू के मनोचिकित्सकों ने प्रशिक्षण दे रहे हैं। मनोचिकित्सक डॉ.वंदना गुप्ता ने बताया कि टोल फ्री नंबर-14416 पर कोई भी व्यक्ति 24 घंटे में कभी भी कॉल कर निः शुल्क परामर्श प्राप्त कर सकता है। विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं हेतु परामर्श के लिए कॉल करने वाले मरीज की सूचना गोपनीय रखी जाती है। प्रशिक्षण देने वालों में केजीएमयू के डॉ. अमित सिंह के साथ निमहंस की मनोरोग विशेषज्ञों की छः सदस्यीय टीम एवं डॉ. नीतू शुक्ला समेत कई अधिकारी मौजूद रहें।

मालूम हो कि उप्र टेली मानस अंतर्गत गोरखपुर, वाराणसी, बरेली एवं आगरा में टेली मानस सेल की स्थापना की गई है, जिसमे मानसिक समस्याओं के समाधान हेतु निःशुल्क काउंसलिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

▶▶ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिलेगा निशुल्क परामर्श

▶▶ मानसिक रोगियों के लिए टोल फ्री नंबर-14416 और 1800 891 4416 जारी

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांकः 1562 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांकः 23/01/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती रामश्री पत्नी रामकिशोर गुप्ता	श्री पंकज कुमार पुत्र रामगोपाल सोनी	बुधौलियाना -1	16	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

अदालती नोटिस

हेतु सन्दर्भित करने की सूचना/ साधारण प्रारूप बअदालत न्यायालय श्रीमान जिला मानसिक स्वास्थ्य पुर्नविलोकन बोर्ड, लखनऊ

वाद सं0-20/2023 ता0पेशी- 23.02.2024

राना जैदी आयु लगभग 41 वर्ष पत्नी यूसुफ अख्तर जैदी निवासिनी मकान सं0- 182/9 मशकगंज थाना वजीरगंज, जनपद लखनऊ, उ0प्र0

प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम

(1) श्रीमान जिलाधिकारी लखनऊ, (2) युसुफ अख्तर जैदी (मानसिक द्विव्यांग) पुत्र स्व0 सैय्यद हुसैन जैदी, (3) बहार अख्तर जैदी उर्फ सैय्यद बहार अख्तर जैदी पुत्र स्व0 सैय्यद हुसैन जैदी, (4) फरज़ाना जैदी पत्नी स्व0 अली अख्तर जैदी पुत्रवधु स्व0 सैय्यद हुसैन जैदी, उपरोक्त निवासीगण- म0नं0- 182/9 मशकगंज, थाना- वजीरगंज, लखनऊ। (5) श्रीमती तरंनुम पुत्री स्व0 सैय्यद हुसैन जैदी पत्नी, जोहा निवासिनी अस्थायी पता- अहमद नगर कालोनी, कहारो का अड्डा, रायबरेली। स्थायी पता- म0नं0- 182/9 मशकगंज थाना वजीरगंज, लखनऊ।

विपक्षीगण

जनसामान्य को सूचनार्थः- चूंकि उरोक्त नामांकित प्रार्थिनी/वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र वास्ते, संरक्षकता प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु अन्तर्गत धारा- 14 व 73 मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधि0- 2017 हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिये 23.02.2024 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 06.02.2024 के दिवस को दिखायी गयी।

दस्तखत हाकिम
मोहर अदालत

कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सीतापुर

पत्रांकः 5859/प्रो0बे0का0/जि0बा0सं0इ0/विज्ञापन/2023-24 दिनांकः 20.02.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है दिनांक 13.02.2024 को थाना मानपुर क्षेत्रान्तर्गत एक नवजात शिशु (बालिका) रौव्वापुर मजरा उलरा में इस्लामुद्दीन के गेहू के खेत में लावारिस अवस्था में पायी गयी है, जिसको स्वस्थ्य होने के उपरांत मां काली सेवा संस्थान विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण गोला रोड लखीमपुर खीरी में आवासित कराया गया।
उपर्युक्त लावारिस नवजात शिशु (बालिका) के माता-पिता अथवा कोई रिस्तेदार विज्ञापन प्रकाशन पुनर्विचार की अवधि 30 दिन के अन्दर अपनी दावेदारी ठोस साक्ष्यों सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय / जिला बाल संरक्षण इकाई सीतापुर अथवा अध्यक्ष / सदस्य बाल कल्याण समिति, सीतापुर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्तानुसार निर्धारित पुनर्विचार अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत बाल कल्याण समिति, सीतापुर के द्वारा उक्त नवजात शिशु (बालिका) को दत्तक ग्रहण हेतु स्वतन्त्र घोषित कर अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी और उक्त नवजात शिशु (बालिका) के संबंध में किसी भी व्यक्ति की कोई भी दावेदारी मान्य नही होगी।

(प्रिया पटेल)
जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर।

कार्यालय ग्राम पंचायत पन्ना टिकरी, वि0ख0 भदैंया, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-21.02.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पन्ना टिकरी, वि0ख0 भदैंया, सुलतानपुर में 15वां वित्त/मनरेगा योजना अन्र्तगत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पन्ना टिकरी पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 27.02.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	त्रियुगी पाठक के घर से बाबा के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। माप-150 मीटर।	5,34,153 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईट व अन्य सामग्री।
2.	छोटेलाल के घर से पंकज दूबे के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। माप-50 मीटर।	2,52,426 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईट व अन्य सामग्री।

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान सचिव

ग्रा0पं0- पन्ना टिकरी, वि0ख0- भदैंया जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर, वि0ख0 भदैंया, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-21.02.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोपालपुर, वि0ख0 भदैंया, सुलतानपुर में 15वां वित्त/मनरेगा योजना अन्र्तगत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 27.02.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	नहर की पुलिया से दिलीप पाण्डेय के घर से होते हुए नन्हेलाल पाण्डेय के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। माप-200 मीटर।	9,06,900 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईट व अन्य सामग्री।

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान सचिव

ग्रा0पं0- गोपालपुर, वि0ख0- भदैंया जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय नगर पंचायत महोली-सीतापुर

पत्रांक-2210/न0पं0म0/सार्व0सूचना/2023-24 दिनांक - 21.02.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रार्थना पत्र दाखिल-खारिज हेतु कार्यालय नगर पंचायत महोली को प्राप्त हुए है, जिसके सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्तियों लिखित रूप से कार्यालय नगर पंचायत महोली में दे सकते हैं। बाद मियाद यह समझा जायेगा कि उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति नही है और दाखिल-खारिज की कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र. सं.	वार्ड संख्या	मोहल्ला/वार्ड का नाम	मकान संख्या/ गाटा संख्या	प्रार्थना पत्र देने वाले का नाम	आधार	किससे प्राप्त किया	मकान/ प्लाट
1		मो0 शक्ति नगर (भट्ठा)	429,431	अनिल पुत्र बुद्धा	बैनामा	अजय कुमार पुत्र गुरमुखदास दीनानाथ पुत्र तिलकराम	प्लाट
2		मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी	380	कु0 नेहा वर्मा पुत्री दाताराम	बैनामा	शत्रोहन सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह	प्लाट
3		मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी	201	त्रिभुवन पुत्र रामचन्द्र	वशीहत	छोटकन्नी पत्नी स्व0 जगदीश	प्लाट
4		मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी	380	श्रीमती कामिनी रस्तोगी पत्नी विनोद कुमार रस्तोगी	बैनामा	शत्रोहन सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह	प्लाट
5		मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी	99	श्रीमती प्रेम कुमारी पत्नी श्रीराम	बैनामा	देवेन्द्र पुत्र लछिमन	प्लाट
6		मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी	15	नीतू देवी पत्नी दिलीप कुमार	बैनामा	सर्वेश गुप्ता उर्फ रामगुलाम पुत्र मनोहरलाल	प्लाट
7		मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी	15	कमलेशवरी पत्नी सुधीर कुमार मिश्रा	बैनामा	सर्वेश गुप्ता उर्फ रामगुलाम पुत्र मनोहरलाल	प्लाट
8		मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी	49	सन्तोष कुमार पुत्र जुगुल किशोर	बैनामा	चन्द्र शेखर पुत्र राम लाल	प्लाट
9		मो0 आजाद नगर	125	मुन्नी देवी पत्नी पूरन	बैनामा	गौरव शुक्ला पुत्र रमेश चन्द्र शुक्ला	प्लाट
10		मो0 आजाद नगर	–	श्राजरानी पत्नी अखिलेश	बैनामा	उमाकान्त मिश्रा पुत्र दुर्गा प्रसाद	प्लाट

आदित्य प्रकाश
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोली
सीतापुर

महादेवा कॉरिडोर की जमीन के मुआवजे को चाहिए 50 करोड़

योजना

▸▸ जिलाधिकारी ने भेजा प्रस्ताव अभी तक नहीं मिली मंजूरी

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

महादेव मंदिर और उसका मुख्य द्वार।

अमृत विचार

अमृत विचार : बहुचर्चित महादेवा कॉरिडोर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने के प्रस्ताव को शासन ने हरी झंडी दे दी है लेकिन अभी तक आवश्यक बजट आवंटित नहीं किया गया है। कॉरिडोर की जमीन का मुआवजा देने के लिए भी जिला प्रशासन को 50 करोड़ रुपये की दरकार है। हालांकि, अभी भी दावा यही किया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना सूचना जारी होने से पहले ही इस पर काम शुरू होगा।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने महादेवा कॉरिडोर के लिए 11 एकड़ जमीन चिन्हित की है। इसमें 167 मकान भी शामिल हैं। इसके लिए जिलाधिकारी ने शासन से 50 करोड़ रुपये मांगे हैं। इस रकम से भू-स्वामियों को मुआवजा दिया जाएगा। प्रस्ताव को शासन की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। कैबिनेट की मोहर लगने के बाद ही वित्तीय स्वीकृति मिलने की संभावना है। वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद ही काम शुरू हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद महादेव में जलाभिषेक के बाद यहां कॉरिडोर बनाने की इच्छा जताई थी। सक्रिय हुए प्रशासन ने जमीन चिन्हित करने का कार्य प्रारंभ किया। भू और भवन स्वामियों से कॉरिडोर निर्माण के लिए जमीन देने के संदर्भ में सहमति पत्र लिया जा चुका है। इसमें कोई कानूनी व्यवधान आने की संभावना नहीं है। काशी काशी विश्वनाथ मंदिर के कॉरिडोर की तर्ज पर ही इसका भी नक्शा और प्लान तैयार किया गया है। योजना को धरातल पर उतरने के लिए मुआवजे की 50 करोड़ की रकम का इंतजार जिला प्रशासन कर रहा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। सबसे पहले उन लोगों को मुआवजा दिया जाना है जिनकी जमीन इस कॉरिडोर में सम्मिलित की जानी है। इसके लिए शासन से 50 करोड़ रुपये की मांग की गई है। इस कॉरिडोर के निर्माण पर आने वाले खर्च के लिए अनुमानित इस्टीमेट तैयार कराया जा रहा है।

सड़क हादसों में चौकीदार की मौत, बाइक सवार घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को दो जगह हुए सड़क हादसों में चौकीदार की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पहला सड़क हादसा कोतवाली क्षेत्र में हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर नैपुरा के पास हुआ। यहां के बहादुरपुर गांव निवासी हरिशंकर रावत कोतवाली का चौकीदार था। बुधवार की सुबह करीब 5 बजे वह घर से शौच करने जा रहा था। सड़क पार करते समय किसी वाहन ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कई वाहन उसके ऊपर से गुजर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं, लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर नहर कॉलोनी के निकट बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में रायबरेली के महाराजगंज थाना क्षेत्र के भैयापुर गांव निवासी 35 वर्षीय रमेश चंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

एक नजर

एचटी लाइन से जली गन्ने की फसल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : तहसील के इंद्रपुर गांव निवासी रवि प्रकाश सिंह के खेतों के ऊपर से 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन गुजरी है जिसके तार नीचे लटके हुए हैं। तेज हवा के कारण विद्युत लाइन गन्ने की फसल से टकरा गई जिससे आग लग गई। रवि के खेत में लगा दो बिस्वा गन्ना जल गया।

मां- बेटी को पीटा, केस दर्ज

रामसनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार : खेत में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे मवेशियों को लेकर विरोध करने पर दबंग ने मां-बेटी की पिटाई कर दी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली के पूर शुक्ल मजरे महुलारा का है। यहां के निवासी श्रवण कुमार की पत्नी शक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के अखिलेश, कुमाई की पत्नि ओर पुत्री पर्वता ने मवेशियों और सुअरों के झुंड को खेत में छोड़ दिया। जानवर उसकी फसल चरा रहे थे। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी और बेटी की पिटाई कर दी।

रास्ता पूछने पर पीटा

रामसनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली के वीर चौराहा पर बुधवार को रास्ता पूछने को लेकर ट्रक चालक और ग्रामीण में मारपीट हो गई। उमरापुर रायसाहब गांव निवासी दीन दयाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वीर चौराहे पर इटावा के ट्रक चालक नीरज ने रास्ता पूछा। बताने के बाद बिना कारण गाली देने लगा। गांव के राम आशीष ने विरोध किया तो चालक ने पिटाई कर दी।

जल्द ही अपने पुरातत्व स्वरूप में दिखेगा नैमिषारण्य: सीएम योगी

सीतापुर में राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में पहुंचे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: नैमिषारण्य अपने जल्द ही पुरातन स्वरूप में स्थापित होगा जिससे हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार नैमिष में ही मिल सकेगा। अयोध्या राम मंदिर निर्माण के दौरान लोगों की नकारात्मक देखने को मिली थी, लेकिन राम मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या के व्यापारियों में व्यापार तीस गुना तक बढ़ गया है। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष स्थित स्कंदाश्रम स्थित जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान कहीं। सीएम ने आयोध्या का उदहारण देते हुए नैमिष विकास पर अधिक जोर दिया।

88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य में बुधवार को सीएम योगी ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चित्तशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। पूजन के दौरान मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे। मंदिर में पूजन के बाद मंच पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष के इतिहास पर बोलते हुए कहा कि नैमिष की परम्परा अपार है। सीएम योगी नैमिष में पहली बार विरोधियों पर निशाना साधे। साथ ही नैमिषारण्य को तीर्थ स्तर पर स्थापित करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के क्षेत्र काशी विश्वनाथ जब कोई जाता था तो संकरी गालियां मिलती थी। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भव्य काशी के रूप में विराजमान है। अयोध्या राम मंदिर पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि न्यायालाय के फैसले पर जिस तरह से भारत के नागरिकों ने शांति का परिचय दिया है वह एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि 500 साल बाद यह रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए है। समाज और सरकार जब देश का विकास करती है तो देश की सूरत बदल जाती है।

जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में पूजन करते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

सनातन धर्म को बचाना होगा

नैमिषारण्य में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए सीएम ने कहा कि देश का नागरिक और सरकार दोनों जब जागरूक होंगे तो भारत दुनिया का सबसे ताकतवर देश होगा। सीएम योगी ने कहा कि शास्त्र कहता है कि धर्म से ही व्यक्ति व पशु में अंतर नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि जब तक सनातन धर्म है, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। सीएम ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना होगा तो सबसे पहले सनातन धर्म पर खतरा आएगा। इसलिए सनातन को बचाना होगा। सनातन धर्म का मूल यज्ञ है। नैमिष क्षेत्र में नई कड़ी और नई मणि जुड़ने जा रही है।

नैमिष में ही मिलेगा लोगों को रोजगार

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मंच से सीएम योगी ने कहा कि नैमिषारण्य पुरातन वैभव का स्वरूप है इसे फिर से उसी स्वरूप में लाने का प्रयास किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि यहां का पुरातन वैभव पुर्नस्थापित हो जाता है तो स्थानीय हजारों नौजवानों को रोजगार प्राप्त होगा। सीएम ने अयोध्या के विकास कार्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि वह जब राम मंदिर का कार्य चल रहा था तो कुछ व्यापारियों में नकारात्मकता देखने को मिली। सीएम ने कहा कि जब वह प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहले सप्ताह में दो-तीन बार गये, तो व्यापारियों से पूछा कि कुछ लाभ भी हो रहा है या सिर्फ भीड़ ही आ रही है तो उन्होंने बताया कि हमारा व्यापार एक सप्ताह में तीस गुना बढ़ गया है। सीएम ने अयोध्या का उदाहरण देकर नैमिष विकास में बाधा को दूर करने का इशारा किया।

ज्ञान प्राप्त करने में सहायक होगा स्मार्टफोन

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : स्मार्टफोन आपको भी स्मार्ट बनाएगा लेकिन ध्यान रहे कि इसका गलत उपयोग न हो। आधुनिक तकनीक व ज्ञान प्राप्त करने में स्मार्टफोन सहायक साबित होगा। देश में विकसित क्यूआर कोड पूरे विश्व के लिए एक अमूल्य देन है जो यहां के युवाओं द्वारा विकसित किया गया है। युवा भविष्य का नियंता व दृष्ट है। भारतीय युवा को सुपर स्मार्ट बनने में यह स्मार्टफोन एक बड़ा कदम साबित होगा।

उक्त विचार विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने बुधवार को साईं पीजी कॉलेज में आयोजित स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

स्मार्टफोन प्राप्त करने के बाद विधायक साकेंद्र प्रताप के साथ छात्र-छात्राएं।

उन्होंने कहा कि भारतीय युवा विश्व को अपने ज्ञान का लोहासभी क्षेत्रों में आज के समय में मानव रहे हैं, आप लोग अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए स्मार्टफोन का सहयोग लें लेकिन दुरुपयोग से बचें। कार्यक्रम का संचालन दीपक वर्मा ने किया। इस दौरान प्रबंधक विपिन राठौर, हेमंत दास, प्राचार्य डॉ. आशुतोष राव, प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला, अंशुवेंद्र मोहन जायसवाल, दिग्विजय सिंह, कंचन गुप्ता, केके वर्मा, अखिलेश प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, विवेक वर्मा, सतपाल यादव, अनीश वर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहीं।

दुपट्टे से लटका मिला युवक का शव

हरख, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत 25 वर्षीय व्यक्ति का शव थाना क्षेत्र के ही हेतमापुर गांव के समीप एक आम के पेड में दुपट्टे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी सतरिख पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के दियानतगर गांव निवासी शिवा (25) पुत्र सहजराम बुधवार सुबह पत्नी चांदनी के साथ सतरिख थाना अंतर्गत हेतमापुर गांव के समीप शिव मंदिर जाने के लिए घर से पैदल निकाला था। दोपहर को चांदनी ने अपने ससुर सहजराम को सूचना दी कि शिवा ने मंदिर के पास आत्महत्या कर ली है।

सार-संक्षेप

सनातन धर्म का हिस्सा है संस्कृति

जूना अखाड़े के संत जीत गिरी जी महाराज का स्वागत करते आयोजक।

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : संस्कार सामाजिक समरसता तो संस्कृति सनातन धर्म का हिस्सा है। उक्त बातें जूना अखाड़ा के संत जीत गिरी महाराज ने रामनगर कस्बा स्थित अटौटा में चल रही सात दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं भागवत कथा के समापन अवसर पर आयोजित भंडारे व सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर कही। विहिप के विभाग मंत्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संस्कारवान युवा ही समृद्धवान प्राचीन सनातन धर्म संस्कृति को संजोकर धर्मांतरण, लव जिहाद जैसी धर्म विरोधी घटनाओं को रोक सकते हैं। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। संगठन के जिला मंत्री राहुल वर्मा के संचालन, आयोजक रामवती वर्मा व संचालक बबलू वर्मा ने संभ्रांतों को सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. राम खेलावन, निर्मल, मनीष, हिमांशु, रजनीश सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे। वहीं, गाजे-बाजे के साथ भक्तों ने रामपुर महासिंह स्थित राजा साहब के तालाब में प्रतिमाएं विसर्जित की। विसर्जन के दौरान पर पुलिस बल मौजूद रहा।

पति व पत्नी एक-दूसरे के पूरक

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठें दिन बुधवार को ग्राम पंचायत जरौली में पूर्व प्रधानाध्यापक शिवदास तिवारी के निवास पर अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य दिव्यांशु महाराज ने श्रीकृष्ण से रुक्मिणी के विवाह की बहुत ही मनोरम कथा सुनाई जिसे सुनकर श्रोता भक्ति रस में डूबे रहे। उन्होंने कहा कि प्रेम चिरंतन होता है, उसे स्थायित्व भक्ति और श्रद्धा से ही मिलती है। आचार्य प्रवर के अनुसार पति और पत्नी एक-दूसरे के पूरक हैं। महारानी रुक्मिणी के मन की एकाग्रता ही उन्हें श्रीकृष्ण के सानिध्य में ले जा सकी। कथा में विशेसर तिवारी, ओमशंकर तिवारी विकास पाठक, राहुल तिवारी, अजीत तिवारी, अखिलेश शुक्ला सहित क्षेत्र के कई गांव के कई लोग रहे। आयोजन में श्रीकृष्ण के विवाह की झांकी देखकर लोग आनंद में नाचने-गाने लगे।

प्रेस क्लब का स्थापना दिवस मनाया

वन रेंजर संतोष मिश्रा को स्मृति चिन्ह प्रदान करते प्रेस क्लब के सदस्य।

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : भारतीय अवध प्रेस क्लब का स्थापना दिवस तहसील रामसनेही घाट के राम जानकी मंदिर प्रांगण में मनाया गया। मुख्य अतिथि वन विभाग रेंजर संतोष मिश्रा का अध्यक्ष सूर्यमणि पांडेय ने स्वागत किया। इस दौरान भोला नाथ मिश्रा, दिनेश तिवारी, फायर ब्रिगेड प्रभारी चंद्र भूषण शुक्ला, मुकेश कुमार, राम नारायण मिश्रा, सूरज सिंह, डॉ. भष्मा मिश्रा, डॉ. एम एल साहू, राकेश वर्मा, राम कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक मणि तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मां की ममता, नवजात को गोद और परिवार को मिला न्याय

बाराबंकी, अमृत विचार : जैदपुर थाना अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र में जून माह में एक मानसिक मंदित मां ने एक शिशु (बालक) को जन्म दिया। शिशु पर कुछ लोगों ने अपना अनाधिकृत दावा कर छीनने की कोशिश की जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. राजेश शुक्ला और रचना श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर पुलिस की मदद से जच्चा-बच्चा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, राजकीय महिला शरणालय अयोध्या में आश्रय दिलाया। मनोचिकित्सक की रिपोर्ट के अनुसार मां की मानसिक स्थिति से बच्चे को खतरा होने पर न्यायालय बाल कल्याण समिति के आदेश से शिशु को राजकीय बाल गृह (शिशु) और मां को मानसिक मंदित अपना घर आश्रम मोतीनगर लखनऊ भेजा गया। मां की लगातार कई बार की काउंसिलिंग और समिति के निरीक्षण व तत्परता से तार से तार जोड़कर मां द्वारा बताए गए पते का समस्तीपुर पुलिस प्रशासन और जिला बाल संरक्षण इकाई से सहयोग लेकर जानकारी प्राप्त की गई। नवजात शिशु की बड़ी बहन और अन्य परिजन उपस्थित होकर नवजात शिशु व मां को अपने साथ ले जाने का अनुरोध किया। तीन सदस्यीय न्यायपीठ/ बाल कल्याण समिति बाराबंकी की न्यायिक सदस्य रचना श्रीवास्तव, राजेश शुक्ला व दीपशिखा श्रीवास्तव ने सर्वसम्मति से निर्णय में कहा कि मां और शिशु को बड़ी बहन के संरक्षण में अस्थाई सुपुर्द करते हुए क्षेत्राधिकार वाले समस्तीपुर सीडब्ल्यूसी को प्रकरण को अंतिम निस्तारण के लिए स्थानांतरित कर दिया जाए। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई व विशेष किशोर पुलिस को आदेशित किया है कि मां-बच्चे को आश्रय गृह से स्वतंत्र/ मुक्त कराकर बाल कल्याण समिति/न्यायपीठ समस्तीपुर के समक्ष परिजन सहित उपस्थित करा स्थाई संरक्षण करा आख्या उपलब्ध कराए।

राइट टू एजुकेशन से शिक्षा पा रहे 2493 बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : 'दिशा' राज्य स्तरीय समिति के सदस्य राजू बाल्मीकि ने बुधवार को यहां कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने के लिए अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को समन्वय बनाने की आवश्यकता है। मानवीय दृष्टिकोण बनाकर यदि अधिकारी कार्य करेंगे तो और बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। बाराबंकी में राइट टू एजुकेशन से 2493 बच्चे शिक्षा पा रहे हैं। वे विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और उनसे सुझाव भी मांगे।

इस दौरान परियोजना अधिकारी डूडा ने अवगत कराया कि जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष 104 फीसदी पात्र लाभार्थियों को संतृप्त किया गया है। समित के सदस्य ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ दिलाया जाएं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। हम अपने दैनिक दिनचर्या में जिन-जिन लोगों से विभिन्न सेवाएं लेते हैं, जैसे नाई, टेलर, घर में कार्य करने वाली महिलाएं आदि, उन्हें विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करें। जो व्यक्ति स्वनिधि योजना से छूट गए हैं, उनका चिन्हांकन करके उन्हें भी स्वनिधि योजना से जोड़ा जाए। संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर पात्रों को आयुष्मान योजना से संतृप्त करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय से कोटेदारों को प्रशिक्षित कर आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उन्हें बताया कि राइट टू एजुकेशन के अंतर्गत इस समय जनपद में 2493 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इस सत्र के लिए प्रथम चरण में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 1216 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

बैठक को संबोधित करते 'दिशा' राज्य स्तरीय समिति के सदस्य राजू वाल्मीकि।

लोन दिलाने के नाम पर 70 हजार की ठगी

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : बिना ब्याज के लोन दिलाने के नाम पर साइबर ठगों ने एक बेरोजगार युवक से 70 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

मामला मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र कुतलुपुर गांव का है। यहां के निवासी सौरभ मौर्या ने पुलिस का दी तहरीर में बताया कि 31 जनवरी को उसने फेसबुक पर मुफ्त ब्याज का विज्ञापन देखने बाद दिए गए लिंक पर जाकर लोन के लिए आवेदन कर दिया। इसके बाद उसके नंबर पर एक फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताकर फाइल चार्ज के नाम पर 1250 रुपये गुगल-पे करा लिए। उसके बाद मोबाइल पर मेल आई। इसमें फिर 3830 रुपये ट्रांसफर करने को कहा। एक के बाद एक लोन चार्ज के नाम पर जालसाजों ने पांच बार में 70,610 रुपये की ऑनलाइन ठगी की।

हरदोई में बाग में लटके मिले प्रेमी युगल के शव

रहस्य गहराया

▸▸ युवक बी-कॉम तो युवती 10वीं की कर रही थी पढ़ाई

हरदोई, अमृत विचार: बी-काम कर रहा प्रेमी और 10 वीं की पढ़ाई कर रही प्रेमिका ने बाग में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मामला सण्डीला कोतवाली के तकिया मजरा मीरनगर अजिगंवा का बताया जा रहा है। घटना के बाद से क्षेत्र में हलचल बढ़ गई। लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

सण्डीला कोतवाली के तकिया मजरा मीर नगर अजिगंवा गांव में बुधवार की दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर एक बाग में पेड़ से युवक और युवती के शव रस्सी से फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखे गए। वहां लोगों की भीड़ लग गई। शवों की पहचान गांव के 21 वर्षीय विपिन पाल और 18 वर्षीय नयनशी पाल के रूप में की गई। विपिन बी-कॉम कर रहा था, जबकि नयनशी पाल 10वीं की पढ़ाई कर रही थी। विपिन के चाचा के मुताबिक दोनों के बीच जान पहचान की जानकारी तो परिजनों को थी लेकिन जब उनके बीच नजदीकियों की जानकारी हुई तो सख्ती की गई। चार दिन पहले दोनों को समझाया भी गया था। उसके बाद विपिन सण्डीला में रहने लगा। बताते हैं कि विपिन और नयनशी पाल आपस में इतने करीब हो गए होंगे, इससे दोनों के घर वाले बे-खबर रहे। विपिन कब गांव आया था, इस बारे में कोई कुछ नहीं जानता था। लोगों में इस तरह की अटकलें लग रहीं है कि दोनों बालिग हो चुके थे और एक-दूसरे को पसंद भी करते थे, दोनों एक ही जाति-बिरादरी के थे लेकिन इसके बाद भी वाले परिवार खिलाफ थे।

सुविधा उत्पादन शुरु होने के एक दो साल बाद मिलेगी अनुदान की राशि, निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन करेंगे आवेदन

उद्यम स्थापना के बाद सब्सिडी से लाभान्वित होंगे निवेशक

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद उद्यम लगाने वाले निवेशकों को अब योजना के अनुसार सब्सिडी की धनराशि मिलेगी। उत्पादन शुरू होने के एक या दो साल बाद उनके खातों में धनराशि भेजी जाएगी। इस धनराशि से निवेशक अपने उद्यम को और आगे बढ़ाने के साथ बुंलदियों तक पहुंचाएंगे। निवेश मित्र पोर्टल पर अनुदान पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था बनाई गई है।

प्रदेश सरकार ने एमओयू पर विभिन्न उद्यमों की स्थापना करने के लिए निवेशकों को ऋण पर सब्सिडी देने की व्यवस्था की है। इसके लिए पहले निवेशकों को अपनी धनराशि खर्च करके सामग्री व मशीनरी खरीदने का निर्देश दिया गया था। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान अपने उद्यम का संचालन करने वाले निवेशकों को जहां योजना पर छूट दिलाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है, वहीं अन्य उद्यम लगने के साथ उनमें उत्पादन शुरू होने के एक या दो साल बाद ओडीओपी, एमईएसमी, डेरी, फूड प्रोसेसिंग समेत अलग-अलग योजनाओं में करोड़ों की अनुदान राशि मिलेगी। लाभ पाने के लिए निवेशक कागजात तैयार करा निवेश सारथी और निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करेंगे। आवेदन के बाद विभिन्न विभागों की मंडल व राज्यस्तरीय टीम के अनुमोदन के बाद निवेशकों को सब्सिडी की राशि मिल सकेगी। विभाग के मुताबिक, सब्सिडी की राशि मिलने पर संचालित सेवा व निर्माण उद्यमों के कार्य में और तेजी आएगी। बताते चलें कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद जिले में 11 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 214 इकाईयां लग रही हैं। इनमें से 56 में उत्पादन भी शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री उद्योग मित्र रहमान अंसारी ने बताया कि निवेशकों को योजनाओं के अनुसार सब्सिडी मिलेगी। इसके लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

शिलान्यास का पत्थर।

कार्यस्थल पर लगेंगे लोकार्पण के पत्थर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 फरवरी को लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में इकाईयां लगाने से पहले भूमि पूजन किया था। इसके बाद सभी जिलों के जिला उद्योग केंद्र को भूमि पूजन के पत्थरों की खेप उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत जिले की 214 इकाईयों पर लगाने के लिए ये पत्थर दिए गए हैं। इनका वितरण विभाग द्वारा निवेशकों को कराया जा रहा है। इस पत्थर पर जीबीसी का लोगो समेत पीएम व सीएम के साथ विभागीय मंत्री का नाम भी दर्शाया गया है।

अभी तक किसी का नहीं हुआ आवेदन

ऑनलाइन आवेदन होते ही निवेशकों को सब्सिडी की राशि जल्द दिला दी जाएगी। अभी तक किसी निवेशक का ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर नहीं हो सका है। जिले में 11 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 214 इकाईयां लगने जा रही हैं जिनका भूमि पूजन प्रधानमंत्री ने हाल ही में किया था। **-आशुतोष श्रीवास्तव**, उपायुक्त, जिला उद्योग केंद्र

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

संपादकीय

पाकिस्तान में चुनौतियां

पड़ोसी देश पाकिस्तान की राजनीति में दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दलों ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की है। पाकिस्तान में 2024 चुनाव के नतीजे राजनीति में अस्थिरता के साथ आर्थिक परेशानी और आतंकवाद बढ़ाने की ओर इशारा कर रहे थे। परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र में सरकार बनाने में देरी चिंता का कारण बन रही थी। क्योंकि पाकिस्तान में धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति, बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच निर्णय लेने के लिए अधिकार संपन्न के साथ एक स्थिर प्रशासन की आवश्यकता हमेशा रही है। आखिरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। पीएमएल-एन 79 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है और पीपीपी 54 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। कहा जा रहा है 8 फरवरी को घोषित चुनाव परिणामों के बाद पाकिस्तान जिस राजनीतिक गतिरोध का सामना कर रहा था, उन पर फिलहाल विराम लगा है।

हालांकि देश में बनने वाली नई सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसमें देश का खराब आर्थिक विकास, महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती है। देश का आंतरिक और बाह्य कर्ज का बोझ है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती उसके विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी है। 2023 की शुरुआत में उसका विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से गिरकर केवल 3.19 अरब डॉलर रह गया था। ये रकम केवल दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान के आयात का बिल अदा कर सकने लायक़ थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सुझाए गए न्यूनतम तीन महीने के भंडार के भी नीचे चली गई थी। पाकिस्तान द्वारा लिए गए तमाम क़र्ज़ों में से 73 अरब डॉलर को 2025 तक चुकाने की चुनौती से ये नाजुक हालात और भी बिगड़ गए। पाकिस्तान पर लदे कर्ज के बोझ में से ज्यादातर हिस्सा चीन और सऊदी अरब का है। पिछले 60 वर्षों के दौरान पाकिस्तान, खुद को संकट से उबारने के लिए आईएमएफ से 22 बार मदद की गुहार लगा चुका है। अब देखना होगा कि सरकार किस तरह सबसे बड़ी चुनौती से निपटती है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि गठबंधन सरकार, अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कठिन निर्णय लेने में अन्य सहयोगी दलों का समर्थन जुटा पाएगी या नहीं।

सबसे बड़ा मुद्दा बन गया राज्य बहाली का दर्जा

प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जनप्रतिनिधियों और जनता की जब-तब की जाने वाली राज्य के दर्जे की मांग लद्दाख में भी मुद्दा बन गई है। एक महीने से ज्यादा समय से लेह और कारगिल के लोग खुद को छठी अनुसूची में शामिल करते हुए विशेष दर्जे के की मांग के साथ अपनी विधानसभा, लोकसभा सीटें दो करने और पृथक लोकसेवा आयोग के लिए आंदोलित हैं। लद्दाख अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों ने 19 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से इस बारे में बैठकर बात की। इस बावत दोनों पक्ष कुछ बता नहीं रहे है,लेकिन विचार-विमर्श आगे भी जारी रहना तय हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले किसी भी मांग पर फैसला होने के आसार नहीं हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में छह लोकसभा सीटें हैं और राज्य बहाली की मांग चुनाव पर असर डालेगी। हालांकि केंद्र में सरकार बनने-बिगड़ने पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा फिर भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति अछूती नहीं रहेगी। 2014 से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए है, वहीं लद्दाख में विधानसभा खत्म ही कर दी गई है। पांच अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर स्वायत्तशासी और पूर्ण राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

विपक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों के लिए केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से राज्य बनाने की मांग महज चुनावी मुद्दा नहीं है। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना भी इससे जुड़ी है। लद्दाख के लोग नवंबर 2022 में भी अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के अलावा अन्य सभी दल राज्य के दर्जा हासिल करने के लिए किसी ने किसी रूप में एकजुटता जताते रहते हैं। जनता के बीच राज्य के मुद्दे पर जद्दोजहद नहीं है। साफ मांग भाजपा के लिए बड़ी चुनावी चुनौती

छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है।

है। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का आश्वासन अनुच्छेद-370 हटाने के तुरंत बाद से लगातार दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

अनुच्छेद-370 हटाने को जायज ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के थोड़े समय बाद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरके माथुर के बाद लद्दाख में पूर्व सेनाधिकारी बीडी मिश्र को जिम्मेदारी सौंपना हो या फिर नौकरशाह गिरीश चंद्र मुर्मू के हाथ से कमान लेकर राजनीतिज्ञ मनोज सिन्हा को दिया जाना रणनीतिक पहल रहा है। इसके अलावा सियासी समीकरण साधने के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है। स्थानीय निकाय चुनाव में अति पिछड़ों और विधानसभा में और पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जातियों में आरक्षण देना भी इसी का हिस्सा है। चूंकि लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। तीन फरवरी को लद्दाख में बड़ा प्रदर्शन तब हुआ था,जब 16 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे गए मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया था। इस पर लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांगा त्सेरिंग नामग्याल, भाजपा के ही पूर्व सांसद थुपस्तान छेवांग और शिक्षा व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के कड़े रूख अपनाए जाने के बाद दिल्ली में वार्ता की सहमति बनी। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए,उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को इसमें शामिल कर लिया था,लेकिन शांतपूर्ण-अपराधमुक्त और पर्यटन के लिए विख्यात लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया।

वोहरा 2003 में वार्ताकार बनाए गए और 2008 में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे सामरिक महत्व के लद्दाख के लोग पूरी शिद्दत से चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। जब तक यह संभव न हो,संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन के समय लद्दाख के लोग बहुत खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में उन्होंने यह सोचना भी मुनासिब नहीं समझा कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर की 87 सदस्यीय विधानसभा में लद्दाख के दो जिले लेह और कारगिल से चार विधायक चुने जाते थे। सरकार किसी भी पार्टी की हो, एक मंत्री अनिवार्य तौर पर रहता था। यहां के लोगों के हक-हकूक के लिए नए सिरे से एकजुट होने से नहीं लगता कि ये सिलसिला कुछ हासिल किए बिना खत्म होगा।

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के कार्यकाल में लद्दाख को अलग मंडल बनाया गया था। इससे पहले लेह और कारगिल के लोगों को श्रीनगर के चक्कर काटने पड़ते थे। यही नहीं,पहली बार हुए आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जा रही है। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि,रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। लद्दाख की जनसंख्या सवा तीन लाख है। आंदोलनकारी चाहते हैं कि क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में सिर्फ लद्दाख के युवाओं को ही नियुक्ति देने के अलावा लद्दाख के अलावा लेह और कारगिल को अलग-अलग संसदीय सीट बनाना भी उनकी मांग है। बीते दिनों उन्होंने संसदीय सीटों की मांग को विस्तार देते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को भारत में शामिल कर लोकसभा की सीटें दो करने का सुझाव दिया है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है,जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। संभावना है कि आने वाले दिनों में लेह और कारगिल के अलावा नुब्रा और जांस्कार को भी जिला बनाया जा सकता है। नुब्रा और जांस्कार पहले विधानसभा सीटें थीं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं। इस बीच लद्दाख की लगातार लड़ाई ने जम्मू-कश्मीर के अवाम को ही नहीं,नेताओं को भी अहसास करा दिया है कि राज्य के अपने अधिकार के प्रति उनकी थोड़ी सी अनदेखी वर्षों तक उनके वजूद को बदनीयती के दायरे में ले आएगा। बुनियाद की मजबूती के लिए वोट भी बड़ा हथियार है। लग रहा है कि चुनाव में मतदाता सबसे पहले अपनी मंशा पर ही मुहर लगाएंगे।

प्रसंगवश

न अदालत की परवाह और न ही जनता की चिंता

20 फरवरी को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने धरना-प्रदर्शन को नागरिक का अधिकार तो कहा, लेकिन ट्रेक्टर लेकर राजमार्ग पर आने को गलत बताया। इसके बावजूद 21 फरवरी को हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर कई जगह किसानों के मोर्चे हजारों ट्रकों के साथ लगे थे।

हालांकि किसानों का धरना दिल्ली से कोई 247 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब की सीमा पर है,लेकिन पिछले कड़वे अनुभवों से सीख लेकर सरकार ने दिल्ली की जो किलेबंदी की है,उससे आम लोग बहुत परेशान हैं। हर दिन दफ्तर जाने वाले हों या रेल,हवाई जहाज से यात्रा करने वाले या बोर्ड के इम्तहान के लिए जा रहे बच्चे या अस्पताल जा रहे बीमार,तीमारदार एहतीयतन उठाए गए कदमों से सड़कों पर लग रहे जाम ने आवागमन का समय और परेशानी दोनों बढ़ा दी है। हालांकि भारत के कानून में दर्ज की ऐसे प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत सड़क या रेल को रोकना दंडनीय अपराध है,लेकिन भीड़ को किसी कानून की परवाह होती ही कहां है। हाल ही में देश भर की सड़कों,राज्यों के राजमार्ग को लंबे समय तक धरना प्रदर्शन या किसी अन्य तरीकों से बाधित किए जाने की घटना से निपटने के लिए विधि आयोग ने केंद्र सरकार के समुचित कानून बनाने की सिफारिश की है। समझना होगा कि परिवहन और संचार में किसी भी तरह का व्यवधान देश की विकास गति में अवरोध होता है।

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आयोग ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़कों को बाधित करने वालों से निपटने के लिए समुचित कानून या फिर भारतीय दंड विधान या हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन करके प्रावधान करने की जरूरत है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली समिति ने अपनी 284 वीं रिपोर्ट में सरकार से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बाधित किया जाता है तो इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 है और रेलवे लाइनों को बाधित करने पर रेलवे अधिनियम 1989 है और इसमें दंडात्मक प्रावधान पहले से है,लेकिन समय की मांग है कि ऐसे कानून और कड़े बनाए जाएं। लोकतंत्र में निर्णय जनता के हाथों होता है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि लोकतंत्र जनता के हाथों में खेलता है। चुनाव वह समय होता है जब जनता अपनी अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वालों को कुर्सी से नीचे उतार फेंकती है,लेकिन आज हालात तो अराजकता की ओर इशारा कर रहे हैं। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए सड़क पर आ जाओ, जाम कर दो, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाओ, प्रशासन तंत्र को बंधक बनाओ।

सरकारी आंकड़े गवाह हैं कि हमारे देश में हर साल सड़कों पर हंगामें की 56 हजार छोटी-बड़ी घटनाएं होती हैं। इनकी चपेट में आकर कोई पचास हजार वाहन बर्बाद हो जाते हैं जिनमें 10 हजार बस या ट्रक होते हैं। इस प्रकार के रोज-रोज के बंद, धरने, प्रदर्शन, जाम से आम आदमी आजिज आ चुका है। इन अराजकताओं के कारण समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत होने,परीक्षा छूट जाने, नौकरी का इंटरव्यू न दे पाने जैसे किस्से अब आम हो चुके हैं और सरकार इतने गंभीर विषय पर संवेदनहीन बनी हुई है।

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस का काम सुचारु यातायात बनाए रखना है, लेकिन जब पच्चीस,पचास लोग नारे लगाते हुए चौराहों पर लेट जाते हैं तो पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है,इंतजार करती है,लंबे ट्रैफिक जाम का या फिर स्थिति बिगड़ने का और उसके बाद अपनी चरम कार्यवाही यानी बल प्रयोग पर उतारू हो जाती है। साफ दिखता है कि पुलिस का प्रशिक्षण ऐसे हालातों से निपटने के नाम पर शून्य है। अब समय आ गया है कि विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नई बन रही भारतीय न्याय संहिता में देश के विकास में व्यवधान बनी ऐसी हरकतों को सख्ती से रोकने के लिए प्रावधान किए जाएं और इसमें संबंधित अधिकारियों को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए। इस तरह की हरकतों में शामिल राजनेताओं पर भी कुछ पाबंदियां हों।

भू-माफिया कीट चट कर रहे खेती की जमीन

असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

नाबार्ड की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है।

मौजूदा वक्त में उपजाऊ कृषि भूमि के रकबे का घटते जाना बढ़ती आबादी के लिए खाद्य आपूर्ति के मार्ग में खतरे की घंटी है। पिछले साल के मुकाबले में इस साल सरकारी भंडार में 1.38 करोड़ कम गेहूं हैं। यही नहीं 2023-24 में गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन कम रहने का अनुमान है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक गेहूं बुआई के रकबे में पिछले साल के मुकाबले 4.7 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है। पिछले साल 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पानी की कमी के कारण किसानों ने गेहूं की खेती कम कर दी है। केवल गेहूं का ही नहीं,धान और दालों की बुवाई का भी रकबा कम हुआ है। चिंता की बात यह भी है कि जनसंख्या के मुकाबले में खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि दर कम है।

आजादी के बाद देश की जनता को भरपेट भोजन मुहैय्या कराने की ज्वलंत चुनौती थी। देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारते हुए महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने 1960 में हरित क्रांति नारा दिया। इसका आगाज तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) के नैनीताल जिले (वर्तमान में उधम सिंह नगर) के तराई भूभाग में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के रूप में हुआ। इसके साथ ही बांध बनाए गए,उत्तम गुणवत्ता के बीच एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और बीज निगमों की स्थापना की गई। इन बहुआयामी प्रयासों से न केवल देश खाद्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन गया,बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में आ गया। 1991 में नई आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद औद्योगिक क्रांति ने कृषि क्रांति को निगलना शुरू कर दिया। भू माफियाओं एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अंधाधुंध कमाई चक्कर में खादों के असंतुलित प्रयोग एवं अन्य माध्यमों से जमीन,पानी और हवा को प्रदूषित करने के साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि की प्लॉटिंग कर भूखंड और कुकुरमुत्तों की तरह आवासीय कॉलोनियां उगाकर करोड़ों की धंधेबाजी शुरू कर दी। उधर पारिवारिक बंटवारे के बाद छोटी होती जोतों, कर्ज और खेती में घाटे के दबाव में आत्महत्या का ग्राफ बढ़ने लगा।

इससे मुक्ति पाने के लिए विवश होकर किसान भूमाफियाओं को खेत बेचने लगे। वर्तमान में पूरे देश में कॉलोनाइजर्स द्वारा बनाई जा रही कॉलोनियां हर साल हजारों हेक्टेयर कृषि उपजाऊ भूमि लीलती जा रही है। शायद ही कोई प्रांत,कोई शहर और कोई गांव इस त्रासदी से अछूता हो। इस संबंध में एक लचर दलील यह दी जाती है कि भूमि की खरीद-फरोख्त से रेवेन्यू जेनेरेट होता है। सवाल है,क्या खाद्यान्न के स्थान पर नोट खाए जा सकते हैं? विकास तो होना ही चाहिए,लेकिन खेती भी बचना चाहिए। आवासों, कारखानों एवं सड़कों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के बजाए बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है। भला हो वैज्ञानिकों एवं किसानों का जोकि अपने शोध एवं तकनीकों और परिश्रम से बढ़ती आबादी का पेट भर रहे हैं,लेकिन आखिर कब तक? कृषि उपज पर अब चौतरफा मार पड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थिति ये है कि एक ओर दिनोंदिन खेती की जमीन सिकुड़ती रही है और उधर आबादी थमने का नाम नहीं ले रही। 2015 में 60.43 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का रकबा आज घट कर 51.43 प्रतिशत रह गया है और जो कृषि भूमि बची भी है,उसकी उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है, साथ ही बहुरुपिए मौसम की धोखेबाजी भी एक बड़े दुश्मन के रूप में सामने आ रही है और प्रदूषण की मार अलग से है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है। नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक एक किसान परिवार को खेती से केवल 3798 रुपये मासिक आय होती है। बहुत कम आमदनी होने के कारण लोग खेती ही नहीं,वरन् रोजगार के लिए गांव भी छोड़ रहे हैं। 1962 में गांवों में जो आबादी 82 प्रतिशत थी,आज घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। कृषि पर निर्भर रहने वालों का प्रतिशत 70 से घटकर 47 रह गया है। नतीजतन जीडीपी में भी कृषि का योगदान आजादी के समय के 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 15 प्रतिशत रह गया है। उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं एवं भवन निर्माण व्यक्तियों एवं कंपनियों का कब्जा होता जा रहा है। ऐसे में अगर उपजाऊ कृषि भूमि यूं ही इनकी भेंट चढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से देश की जनता का पेट भरने के लिए दूसरे देशों की मोहताजी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से मंथन करना होगा।

सोशल फोरम

गुलजार और ज्ञानपीठ

आदमी परंपरा से ग्रहण करता है और उसमें अपनी तरफ से कुछ जोड़ता भी है,जो वह जोड़ता है,वह उसकी देन है। इसकी कद्र होनी चाहिए। मिसाल हैं शेक्सपियर,जिन्होंने अपनी सारी कहानियां अपने पूर्ववर्ती रचनाकारों से लीं,लेकिन उन कहानियों के माध्यम से मानव मनोविज्ञान का और जीवन तथा जगत की समस्याओं का इतना गहन और सम्यक विश्लेषण किया कि वे आज अंग्रेजी साहित्य के, बल्कि विश्व साहित्य के, महानतम नाटककार के रूप में समादृत हैं।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी तरह से, वाल्मीकि ने अपनी रामायण लिखी,बाद में इस रामायण को और राम कथा को आधार बनाकर दर्जनों कृतियों की रचना हुई और उन सभी कृतियों का अपने आप में महत्व है। इधर चर्चा चल पड़ी है कि गुलजार ने अपने बहुतेरे गीतों की पंक्तियों को यहां वहां से लिया है,(कुछ लोगों के अनुसार 'चुराया' है)। दूसरे लेखकों के विचारों या पंक्तियों को अपनी रचना में स्थान देना या प्रयोग करना एक सुनियोजित सिद्धांत और सोच के चलते भी होता है। इसमें कोई बुरी बात भी नहीं है। असली बात यह देखना है कि रचनाकार ने अपनी तरफ से इसमें क्या जोड़ा? गुलजार ने अगर अपनी रचनाओं में यहां वहां से पंक्तियां ली हैं तो यह साहित्यिक रचना-प्रक्रिया का स्वाभाविक अंग माना जाना चाहिए, न कि इसे नकल या चोरी कहना चाहिए। इस तरह की बातें उनके ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ही इधर शुरू हुई हैं, पहले मैंने कभी नहीं सुना। भाजपा की नीतियों के प्रति अपनी असहमति और विरोध को किसी सम्मानित लेखक के खिलाफ ले जाना कहां तक वांछित है।

चर्चा को यही तक सीमित रख रहा हूं,क्योंकि गुलजार को मैंने लगभग नहीं के बराबर पढ़ा है। विशेष परिचय तो उनको पढ़ने वाले ही दे सकते हैं। बॉब डायलन को अगर नोबेल प्राइज मिल सकता है तो गुलजार को ज्ञानपीठ क्यों नहीं? वैसे भी चुनावों का मौसम है। इस साल इतने सारे भारत रत्न पैदा हुए हैं तो बहुत सारे ज्ञानपीठ लेखक भी पैदा हो सकते हैं। कौन जाने दो चार दिन बाद कुछ और लोगों के नाम घोषित हो जाए। शैलेंद्र और साहिर दो इसके सबसे बड़े हकदार हैं।

-फेसबुक वॉल से

क्या थे वे दिन, गीतमाला वाले

उन दिनों अमूमन अखबारों के दफ्तर में देर शाम फोन की घंटी बजती थी (तब मोबाइल नहीं जन्मा था), तो अंदेशा होता था कि 'कुछ तो हुआ होग'। मसलन ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (तड़के तीन बजे), जान कैनेडी की हत्या (आधी रात), याहया खान द्वारा भारतीय वायुसेना स्थलों पर बांग्लादेश युद्ध पर प्रथम रात वाला हवाई हमला, इत्यादि।

उस रात (दिसंबर,1966) दफ्तर में अचानक फोन की घंटी बजी। तीसरी मंजिल के रिपोर्टर कक्ष में बैठा,मैंने फोन उठाया। कोई पूछ रहा था : 'सिटी डायरी' के लिए फलां कार्यक्रम भेजा था छाप दीजिएगा'। खोजकर मैंने उन्हें बताया कि आइटम दे दिया है। उधर से वह व्यक्ति अपना नाम बताने ही वाला था कि बीच में मैंने टोका। कह दिया : 'आपको कौन नहीं पहचानता? आपकी आवाज ही आपकी पहचान है'। वे थे अमीन सयानी। उनकी दिलकश वाणी सुनकर ही मेरी स्कूली पीढ़ी वयस्क हुई थी। तभी रेडियो सीलोन पर बिनाका गीतमाला शुरू हो गई थी। बुधवार की शाम हुई कि आठ बजते-बजते रेडियो से सभी कान सटाकर बैठते थे। 'भाइयों और बहनों,'अमीन सयानी...।' उनकी उद्घोषणा का अंदाज भी निराला था। मानो श्रोता के सामने बैठकर संवाद कर रहे हों। बीन बजा रहे हों! एकदा बॉलीवुड में किस्मत आजमाने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो उद्घोषक बनना चाहते थे। इसके लिए वह 'ऑल इंडिया रेडियो' के मुंबई के स्टूडियो में अमीन सयानी के पास ऑडिशन देने भी गए थे। तब अमिताभ से मिलने का समय उनके पास नहीं था,क्योंकि इस युवक ने अमीन सयानी जी से वॉयस ऑडिशन के लिए पहले से समय नहीं लिया था। अमीन सयानी को याद कभी हुआ कि 'जब मैं एक हफ्ते में 20 कार्यक्रम करता था तो हर दिन मेरा अधिकतर समय साउंड स्टूडियो में गुजरता था। मैं रेडियो प्रोग्रामिंग की हर प्रक्रिया में शामिल रहता था।'

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सयानी याद करते हैं कि एक दिन अमिताभ बच्चन नाम का एक युवक बिना समय लिए वॉयस ऑडिशन देने आया। मेरे पास उस पतले-दुबले व्यक्ति के लिए बिल्कुल समय नहीं था। उसने इंतजार किया और लौट गया। इसके बाद भी वह कई बार आया,लेकिन मैं उससे नहीं मिल पाया और रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से यह कहता रहा कि वह पहले समय लें,फिर आएं।' हालांकि 1970 के दशक में निजी टीवी चैनलों के आने और फिल्मी गीतों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के कारण गीतमाला ने अपनी चमक खोनी शुरू कर दी थी। विविध भारती की जो चमक रही है,उसमें भी अमीन सयानी को ही श्रेय देना चाहिए। आकाशवाणी के संचालक समझ गए कि फिल्मी गीत धनोपार्जन का अजेय स्रोत हैं। उसे परिमार्जित कर चलाया गया। आज वह शीर्ष पर है।

अब संकल्प दिवस की आस

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न देने के बाद संसदीय संकल्प पूरा होने की आस बढ़ गई है। भारत की जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नीति के संदर्भ में भारतीय संसद द्वारा 22 फरवरी 1994 को पारित प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दस्तावेज है।

इसके अनुसार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा,जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। सदन का मानना है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों को हथियारों और धन की आपूर्ति के साथ-साथ आतंकियों को भारत में घुसपैठ करने में मदद दी जा रही है। सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हर संभव प्रयास करेगा। भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता और संकल्प है कि वह उन नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब दे,जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हो और मांग करता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों को खाली करे, जिसे उसने कब्जाया हुआ है। 22 फरवरी के संकल्प की भारतीय संसद को आवश्यकता क्यों पड़ी,इसके लिए पाकिस्तान अधिक्रांत भूभाग की स्थिति को समझना आवश्यक है। पाक अधिकृत भूभाग के लोग बार-बार अपने साथ उत्पीड़न की घटनाओं को विभिन्न माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखते रहे थे। पाकिस्तान की सेना पश्चिमी ताकतों के इशारे पर वहां के खनिज और प्राकृतिक संपदा का निरंतर दोहन कर रही है। वहां न सिर्फ भौगोलिक स्थिति से छेड़छाड़ की जा रही है,बल्कि सामाजिक संरचना को भी अस्त व्यस्त किया जा रहा है। यदि इतिहास में लौटें तो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद कमजोर हो चुके ब्रिटिश अब ज्यादा समय भारत को अपने आधीन रखने की स्थिति में नहीं थे। ब्रिटेन के साथ उसका सहयोगी अमेरिका अपनी जर्जर हो चुकी आर्थिक व्यवस्था के बीच एशिया में ऐसे ठिकानों की तलाश में थे,जहां से वह अपने दुश्मन सोवियत संघ और चीन पर काबू रख सकें। जम्मू कश्मीर भूभाग उनकी इन दोनों जरूरतों पर खरा उतरता था। तत्कालीन परिस्थिति, षड्यंत्रकारी ब्रिटिश सोच और अमेरिका के आर्थिक हितों के बीच पाकिस्तान उन्हें एक मोहरे की तरह मिल गया। यदि समग्रता के साथ देखें 1947 में इस भारतीय भूभाग का ब्रिटिश और अमेरिका द्वारा तत्कालीन सोवियत संघ और चीन को नियंत्रित करने के लिए विवाद बताकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण किया गया,अब वर्तमान में चीन और पाकिस्तान मिलकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस भारतीय क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं।

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

नए भारत के नए राजा आपको जीने नहीं देंगे : राहुल

न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे राहुल युवाओं से बोले- जितना चिल्लाना हो चिल्लाओ रोजगार नहीं मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : अंबानी, अडानी, टाटा और बिरला जैसे चंद उद्योगपति आज नए भारत के राजा-महाराजा बनकर देश पर राज कर रहे हैं। आपको सताया जा रहा है। आप लोग इनकी कंपनियों में खून-पसीना देते हो, लेकिन नौकरी से आपको ही निकाला जाता है। यह बात बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घंटाघर में एकत्र जन समूह को संबोधित करते हुए कही।

राहुल गांधी लखनऊ से उन्नाव होते हुए शुक्लागंज पुल के रास्ते यात्रा लेकर सुबह 11.45 बजे कानपुर पहुंचे। झाड़ी बाबा पड़ाव पर स्वागत के बाद पनचक्की, नरौना चौराहा, घसियारी मंडी और हूलागंज चौराहा होते हुए यात्रा घंटाघर पहुंची। यहां भारत माता मंदिर पर राहुल गांधी ने जैसे ही जनसभा को संबोधित करना शुरू कर दिया, एक कोने में एकत्र कुछ युवाओं ने रोजगार को लेकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जितना चिल्लाना है, चिल्लाओ लेकिन मोदी सरकार में आपको रोजगार नहीं मिलेगा। नौकरी के नाम पर पहले भर्ती निकाली जाती है, फिर पेपर लीक कराए जाते हैं। पिछड़े और दलित लोगों की सबसे ज्यादा भर्ती सेना में होती थी। लेकिन अग्निवीर योजना लागू कर यह रास्ता भी बंद कर दिया है।

कानपुर में यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी।

- घंटाघर पर सभा में चंद उद्योगपतियों पर साधा निशाना

आज पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी समाज को कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। इसका सबसे कारण संसाधनों और संस्थानों में उनकी आबादी के मुताबिक भागीदारी नहीं होना है। जनसंख्या के लिहाज से पिछड़े 50 फीसदी, दलित 15, अल्पसंख्यक 15 और आदिवासी आठ फीसदी हैं। यह आबादी करीब 90 प्रतिशत होने के बावजूद देश की 200 बड़ी कंपनियों में इनकी संख्या जीरो, ब्यूरोक्रेसी में जीरो, मीडिया संस्थानों और न्याय पालिका तक में जीरो है। ऐसे में जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है।

मोबाइल पर आया मैसेज और अलायंस हुआ मैनेज

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

- घंटाघर में सभा से पहले राहुल गांधी ने मोबाइल पर सपा से सीटों के समझौते को लेकर दिल्ली से आए संदेश को किया ओके
- यात्रा में अखिलेश के शामिल नहीं होने व कमजोर संगठन के कारण अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने से चिंतित था कांग्रेस हाईकमान

अमृत विचार। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस और सपा के बीच उत्तर प्रदेश में बिखरती गठबंधन की बात को कानपुर की जमीन ने संजीवनी देकर मुहर लगा दी। हुआ यह कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ जैसे ही घंटाघर पहुंचे और अभी वह संबोधन शुरू करने का उपक्रम कर ही रहे थे कि अचानक उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया। राहुल ने जेब से फोन निकाला। मैसेज पढ़ा। इसके बाद दो शब्दों का जवाब लिखा और बटन दबाकर चिरपरिचित अंदाज में मुस्कराते हुए मोबाइल जेब में रख लिया। पता चला कि मैसेज दिल्ली से आया था और सपा के साथ प्रदेश में सीटों के बंटवारे से संबंधित था। इस घटना के डेढ़ घंटे बाद ही मीडिया में सपा अध्यक्ष अखिलेश का बयान चलने लगा कि कांग्रेस के साथ पार्टी का गठबंधन हो गया है।

प्रदेश में कुल 80 लोकसभा सीटें हैं। कांग्रेस और सपा के बीच तीन सीटों पर दावेदारी को लेकर पेच फंस जाने से मंगलवार को गठबंधन की बातचीत टूट गई थी। यह लगभग तय हो गया था कि दोनों दल अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं। लेकिन जिस तरह राहुल गांधी ने मंगलवार देर शाम अंतिम समय में अपनी न्याय यात्रा का कानपुर में रूट सीमित किया और दोपहर में ही चकेरी एयरपोर्ट से दिल्ली जाने का कार्यक्रम बनाया, उससे साफ हो गया था कि कांग्रेस हाईकमान उत्तर प्रदेश में घोषणा के बाद भी न्याय यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शामिल नहीं होने को गंभीरता से ले रहा है। दरअसल, इस यात्रा के जरिए दोनों दलों के पास एकजुटता दिखाने का मौका था जो उनके हाथ से फिसल गया।

अंबेडकरनगर में किशोरी से तीन दोस्तों ने किया गैंगरेप

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

दुस्साहस

- पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज, एक आरोपी किया गया गिरफ्तार फरार दो अभियुक्तों की तलाश में छापेमारी जारी

अमृत विचार: जिले में एक किशोरी से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो फरार आरोपियों की तलाश है।

पुलिस के अनुसार महरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार दोपहर बाद एक नाबालिग किशोरी को गांव के ही एक लड़के ने शादी का झांसा देकर फोन से खेतों की तरफ बुलाया। किशोरी के खेत में पहुंचने पर लड़के के साथ उसके दो दोस्त भी वहां छिपकर बैठे थे। किशोरी के आते ही तीनो दोस्तों ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद किशोरी को उसके घर के पास यह कहकर छोड़कर चले गए कि शादी करेंगे। किशोरी घर पहुंची और सारी आपबीती मां को बताई। इस पर पीड़िता की मां उसे लेकर थाने पहुंची और तीनों लड़कों के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया। पुलिस ने पीड़ित किशोरी को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा। इसके बाद पुलिस ने एक आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर लिया। दिनेश और गोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध गैंगरेप व पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार दो आरोपियों की तलाश में टीम दबिश दे रही है। घटना के बाद से पीड़ित व उसके परिजन दहशत में हैं।

अपहरण व दुराचार के दोषी को 10 साल की सजा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर : अमेठी जिले के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र एक गांव में 14 साल पूर्व नाबालिग किशोरी के अपहरण दुराचार करने के दोषी दिनेश उर्फ गिन्नी को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने बुधवार को 10 साल की कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 35 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी दानबहादुर वर्मा के मुताबिक शौच के लिए गई किशोरी का अपहरण व दुष्कर्म आरोपी ने 11 दिसंबर 2009 को किया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहो के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

छेड़छाड़ के आरोपी ने किया सरेंडर

संवाददाता, सुलतानपुर: थाना क्षेत्र बंधुआ कला थाना क्षेत्र में बीते साल किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी इमरान ने पॉक्सो कोर्ट की विशेष अदालत में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने आरोपी को राहत देते हुए जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया आरोपी को कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी जिसकी नियमित जमानत पर सुनवाई हुई। बीते साल इमरान, आशीष पांडेय और शिवम पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था।

साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी: गोसाईगंज, सुलतानपुर : थाना क्षेत्र के आरोपियो पर चार साल पूर्व किशोरी के साथ दिल्ली में छेड़छाड़, मारपीट व धमकी देने केस में अभियोजन आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा।

वृद्ध माता-पिता को बोझ न समझें बच्चे : कुलपति

अयोध्या कार्यालय। बच्चे माता-पिता को कभी बोझ न समझे बल्कि उनके बुढ़ापे का सहारा बने। इस भौतिकवादी युग में वृद्ध माता-पिता अपने बच्चों पर बोझ बनते जा रहे है। ऐसे में उन्हें अपनों से दूर रहकर कठिन जीवन वृद्धा आश्रम में गुजारना पड़ता है। ये अवध विश्वविद्यालय की बातें कुलपति प्रो. गोयल ने बुधवार को कहीं। वो विश्वविद्यालय की ओर से मणि पर्वत व नया घाट स्थित वृद्धा आश्रम अयोध्या में बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अनुभूति एक प्रयास तहत अयोध्या के वृद्धा आश्रम विश्वविद्यालय से जोड़े गए है। शिविर में 75 से अधिक वृद्धजनों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस अवसर पर पंजाब सरकार के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रेम भूषण गोयल, विश्वविद्यालय की चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा चौधरी, डॉ. दीपशा दूबे, आश्रम के परमानंद यादव, प्रद्युम्न मिश्रा, रीमा मिश्रा आदि रहीं।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, कोहराम

सिद्धार्थनगर: डुमरियागंज थाना क्षेत्र के हल्लौर कस्बा निवासी युवक की गाजीपुर परीक्षा देने के लिए जाते समय बीती रात ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। 30 वर्षीय मृतक का नाम अब्बास मेंहदी बताया गया है।

हल्लौर निवासी अब्बास मेहंदी रिजवी पुत्र मोहम्मद मेहंदी बीएड की परीक्षा देने के लिए वह गाजीपुर रवाना हुए थे। वह शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन से गाजीपुर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि गाजीपुर से पहले सादात स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय वह असंतुलित होकर रेलवे ट्रैक पर गिर गए।

भैरव दास कुट्टी मंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या

राजीचौराहा, बहराइच

अमृत विचार : जनपद के मकरंदपुर गांव में स्थित भैरव दास कुट्टी मंदिर के पुजारी की अज्ञात लोगों ने हाथ बांधकर निर्मम हत्या कर दी। बुधवार शाम को खेत गए एक ग्रामीण ने शव देखा तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। एएसपी ग्रामीण ने फोरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंच कर निरीक्षण किया है।

रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी काशीराम आर्य (70) खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुर में स्थित भैरव दास कुट्टी मंदिर में पुजारी थे। वह लगभग छह वर्ष से मंदिर में रहकर पूजा पाठ करते थे। मंदिर में ही निवास करते थे। बुधवार शाम को गांव निवासी राम किशुन पुत्र समयदीन अपने खेत को गए और पानी पीने के लिए भैरव दास कुट्टी चले गए। यहां पर बाबा को बिस्तर पर मृत पड़ा देखा। साथ ही उनका हाथ रस्सी से बांधा मिला। चेहरे से खून निकल रहा था।

सीतापुर में घर से निकला छात्र लापता

महमूदाबाद, सीतापुर: पिछले कुछ माह पहले थाना क्षेत्र में युवक और तांत्रिक के अपहरण की गुत्थी महमूदाबाद पुलिस सुलझा भी नहीं पाई थी, कि अब एक और किशोर के गायब होने से पुलिस बुरी तरह उलझ गई है। पुलिस की सांस पिछली गुत्थी सुलझाने में ही अभी तक फूल रही है।

ऐसे अब एक और गुमशुदा किशोर को तलाशने की चुनौती भी पुलिस के सामने आ गई है। मंगलवार देर शाम से कोतवाली क्षेत्र के मोतीपुर चैराहा स्थित अस्थाई रूप से किराए पर रह रहे सुनील कुमार का 12 वर्षीय पुत्र सुधाकर सिंह यादव घर शाम चार बजे के करीब दोस्तों संग निकला था।

मार्च में शुरू होगा सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में बुधवार को अंतिम शिखर बनाए जाने के साथ परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण शुरू करने पर मंथन हुआ। इन कार्यों को मार्च के पहले सप्ताह से शुरू करने की तैयारी है। बैठक से पूर्व समिति के अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण किया।

समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि दो दिवसीय बैठक में मंदिर के प्रथम तल और तृतीय तल पर बचे कार्यों को तत्काल शुरू करने व परकोटे का निर्माण भी समय से पूरा करने के लक्ष्य पर मंथन हुआ है। अगले 15 दिनों में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। एलएनटी और टाटा कंसलटिंग और हमारे सभी ट्रस्ट के लोग एकजुट होकर के प्रयास करेंगे कि मंदिर का निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 में पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रामकथा संग्रहालय का संचालन जल्द शुरू करने की तैयारी है। इसके स्वरूप को लेकर मंथन हो रहा है।

रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण करते मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि परिसर के अंदर जो रखरखाव की व्यवस्था होगी। उसके लिए एक विश्वस्तरीय एजेंसी चयनित करने की जिम्मेदारी टाटा कसंल्टेंसी को सौंपी गई है। बिजली, पानी, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, लिफ्ट आदि का ऑपरेशन व मेंटनेंस करने वाली कौन सी संस्था होगी, इस पर विचार हुआ। वहीं रिजर्व बैंक की संस्था मिंट के साथ ट्रस्ट का अनुबंध हुआ है। दान में मिलने वाली सोना-चांदी व अन्य धातुओं के रखरखाव की जिम्मेदारी ट्रस्ट के निर्देशानुसार मिंट को ही करनी है। ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से भी एक अनुबंध बुधवार को हुआ है। परिसर में जितने भी दान काउंटर हैं उसके रखरखाव के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को चुना गया है। बैठक में राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राममंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव आदि मौजूद रहे।

लखनऊ और देवीपाटन मंडल अंतिम आठ में

अयोध्या कार्यालय: प्रदेशीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में सर्वाधिक अंक हासिल कर अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मुरादाबाद, देवीपाटन, मेरठ बरेली व आजमगढ़ मंडल टीमों ने बुधवार को क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। आज गुरुवार को मेरठ व मुरादाबाद, बरेली व वाराणसी, लखनऊ व बरेली तथा देवीपाटन व आजमगढ़ मंडल टीमों के बीच सेमीफाइनल के लिए मुकाबला होगा। प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में बुधवार को अयोध्या ने मुरादाबाद पर आसान जीत दर्ज की। अन्य मुकाबले में अयोध्या ने अलीगढ़ को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर स्थिति मजबूत की। आगरा ने अलीगढ़ पर एकतरफा शानदार जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में आगरा ने मुरादाबाद को हराया। बरेली ने बस्ती. को पराजित किया। मिर्जापुर ने प्रयागराज को पराजित किया। देवीपाटन ने गोरखपुर को शिकस्त दी। मेरठ मण्डल ने वाराणसी मण्डल पर जीत दर्ज कराई। दूसरे मुकाबले में मेरठ मण्डल ने झांसी मण्डल पर जीत हासिल की।

रुपये दोगुने करने को लेकर ठगे 40 हजार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव: अचलगंज थानांतर्गत अपने को तांत्रिक बताकर रुपए दुगने करने का झांसा देकर एक दुकानदार से 40 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस आरोपी को पकड़कर पूछताछ कर रही है। शुक्लागंज निवासी विमलेश ने बताया कि हड़हा निवासी राजीव उर्फ बंगाली बाबा ने उससे कहा कि वह तंत्रमंत्र से रुपए दोगुने करने की विद्या जानता है। जिस पर कथित तांत्रिक को घर बुलाकर 500-500 रुपए के 80 नोट दिए। बंगाली बाबा ने उसके सामने कागज के टुकड़े लगा बंडल बनाकर वापस करते हुए कहा कि इसे बक्से में रख दो। सुबह सभी कागज के टुकड़े नोट में बदल जाएंगे।

हाईवे पर डीसीएम चालक को बंधक बना लूटा 127 गत्ते पान मसाला

बड़ागांव अयोध्या

- जाँच में जुटी पुलिस, सीसीटीवी में खंगाला जा रहा सुराग

अमृत विचार : लखनऊ रास्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र में एक डीसीएम चालक को बंधक बना उस पर लदा 127 गत्ता पान मसला और जर्दा लूट लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। वारदात को दूसरी डीसीएम सवार लोगों ने अंजाम दिया। पुलिस पड़ताल में जुटी है।

एक डीसीएम यूपी 77 एटी 6254 का चालक अभिलाष पान मसाला और जर्दा की खेप अपने वाहन पर लोड कर कानपुर से गोरखपुर जा रहा था। चालक अभिलाष का कहना है कि बाराबंकी के रामसनेहीघाट से मंगलवार मध्य रात्रि के बाद एक डीसीएम सवार लोगों ने उसका पीछा किया। मौसम खराब था और हल्की बरसात हो रही थी। वह रौनाही थाना क्षेत्र के बरई कला गांव के पास पहुंचा तो पीछा कर रहे डीसीएम सवार लोगों ने ओवरटेक कर रोक लिया। उसको बंधक बना लिया। डीसीएम पर लदा पान मसाला और जर्दा के गत्ते अपने डीसीएम पर लादकर गोरखपुर की ओर भाग निकले। इसके बाद उसने मामले की जानकारी पुलिस तथा ट्रांसपोर्टर आदि को दी।

हाईवे पर लूट की खबर के बाद रौनाही और रामसनेहीघाट थाना पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी। आसपास के ढाबों पर लगे सीसीटीवी फुटेज में डीसीएम सुबह पांच बजे के बाद गोरखपुर की ओर जाती दिखी है, लेकिन वहां रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं रिकॉर्ड हो पाया। जिसके चलते हाईवे के विभिन्न टोल प्लाजा पर भी पड़ताल कराई। मौके पर बचे माल को पलटी कराने पहुंचे इसी कंपनी के डीसीएम चालक मो. सलमान ने बताया कि एक डीसीएम पर लगभग 225 गत्ता लोड होता है। बदमाश 29 गत्ता जर्दा और 69 गत्ता पान मसाला छोड़ गए हैं, बाकी का माल ले गए हैं। एक गत्ते मसाले की कीमत 40 हजार है।

सार-संक्षेप

भारत और नेपाल क्रॉस बॉर्डर बस सेवा आज से

गोंडा कार्यालय : देवी पाटन मंडल क्षेत्र से नेपाल जाने वाले यात्रियों की राह रोडवेज ने असान कर दी है। जो राह निर्माणाधीन ब्रॉड गेज रेलवे ट्रैक के चलते डेढ़ साल के लिए अवरुद्ध हो चुका है, आने वाले दिनों मे यात्रियों की मुश्किलें रोडवेज की इस कदम से दूर हो जाएंगी। देवी पाटन क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर विकास ने बताया कि गुरुवार सुबह एक भव्य कार्यक्रम के दौरान इसका शुभारंभ कर दिया जाएगा। रुपईडीह से फ़िलहाल जिन 15 रूटों के लिए विभागीय परमिट दी गई है उनमे से दो दो बसें गोंडा और बलरामपुर डिपो से भी हैं। गोंडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल देव ने बताया कि गोंडा डिपो की दो बसें, चार चालकों और चार परिचालकों को रुपईडीह के लिए रिलीव किया जा चुका है। इसी प्रकार बलरामपुर डिपो की दो बसें, आठ चालकों और चार परिचालकों समेत रिलीव किए जा चुके हैं। आरएम अंकुर विकास के अनुसार यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत देवीपाटन क्षेत्र के अधीन भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर सीमा स्थित रुपईडीह डिपो की बसों का संचालन नेपालगंज स्थित डिपो के लिए आवागमन गुरुवार से शुरू हो जाएगा।

हत्या के प्रयास में दो भाइयों को सात वर्ष कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर : थाना सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक मोहल्ले में करीब 20 साल पूर्व पुरानी रंजिश में एक व्यक्ति पर तमंचा से गोली मारकर घायल करने के मामले में दो भाइयों को अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। वहीं अभियुक्तों पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ला व सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक में पिछले 19 नवंबर 2004 को इदरीश खान अपने भाई सुभान के साथ बाजार से घर जा रहा था। तभी उसके पड़ोसी अभियुक्त राजू उर्फ बलवान सिंह व उसके भाई इंदल सिंह पुत्र रणधीर सिंह ने भूरेलाल के मकान के सामने तमंचा से गोली चलाई। गोली लगने से इदरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि आरोपी पक्ष ने उनके खिलाफ झूठी डकैती का मुकदमा एसीजेएम कोर्ट में दाखिल किया था। जिस पर उन लोगों ने रिवीजन दायर किया जिसके चलते उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी।

किशोरी से छेड़छाड़ करने के दोषी को 52 महीने की सजा

उन्नाव : नाबालिग साली को घर से ले जाकर छेड़छाड़ करने के आरोपी जीजा को पाक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए 52 माह की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 13 हजार का जुर्माना भी लगाया है। अचलगंज थानांतर्गत एक गांव निवासी पिता ने 25 सितम्बर-2019 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को उसका दामाद अकील निवासी आजाद नगर पहलवान पुरवा थाना नवाबगंज जिला कानपुर नगर अपने साथ ले गया था। आरोप था कि बेटी अपने साथ घर में रखे जेवर व 80 हजार रुपये भी ले गई थी।

ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार किसान को रौंदा, मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव : गंगाघाट कोतवाली के मिर्जापुर के मजरा भटपुरवा निवासी एक किसान सहजनी शंकरपुर मार्ग से बाइक से घर जा रहा था, तभी शंकरपुर गांव के पास एक साइकिल सवार अचानक निकल पड़ा। जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर जा गिरा। तभी उसे ईंटा लदी ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिये ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। भटपुरवा निवासी किसान संतराम वर्मा (50) पुत्र कालिका बुधवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे पेट्रोल भरवाने के बाद बाइक से एक अन्य बाइक सवार से बाते करते हुये घर की ओर आ रहे थे, तभी शंकरपुर के पास एक साइकिल सवार निकला। जिससे वह टकरा गये।

स्मृति की कार ने छात्रा को मारी टक्कर

प्रतापगढ़ को जाने वाले मार्ग पर उदयपुर के मंगापुर तिराहे के पास हुआ हादसा

संवाददाता, प्रतापगढ़: अमेठी से उदयपुर थाना अंतर्गत अटेहा क्षेत्र से प्रतापगढ़ जाने वाले मार्ग पर मंगापुर तिराहे के पास सड़क पर साइकिल से स्कूल जा रही एक छात्रा को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। उसे आनन-फानन में पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।

दरअसल, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बुधवार सुबह करीब 11: 30 बजे रायबरेली जिले के परशदेपुर स्थित मटियारा चौराहा पर आयोजित जनसभा में जाना था। वह बुधवार सुबह जब अमेठी से अपने घर से परशदेपुर के लिए निकलीं। केंद्रीय मंत्री का काफिला जैसे ही प्रतापगढ़ को जाने वाले मार्ग पर उदयपुर के मंगापुर तिराहे के पास पहुंचा कि दांयी साइड से साइकिल से आ रही चकिया राजापुर निवासी रामलाल की पुत्री सुमन को मंत्री की कार ने अचानक टक्कर मार दी। ठोकर लगने के बाद छात्रा गिर गयी। मौजूद लोगों ने जब तक छात्रा को उठाया तब तक स्मृति ने गाड़ी रुकवाई और छात्रा से कुशलक्षेम पूछा।

स्मृति ईरानी की कार का सीसीटीवी फुटेज। अमृत विचार

राहुल के बयान पर किया पलटवार

अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर बुधवार को एक बार फिर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनसे हम माफी की अपेक्षा नहीं करते हैं, माफी वो मांगता है जिसमें शर्म हो। प्रयागराज जाते समय स्मृति ईरानी ने कहा किस भ्रम की स्थिति में राहुल गांधी घूम रहे है ये मैं नहीं जानती लेकिन, उन्हें कोई अधिकार नहीं कि काशी, काशीवासियों और यूपी के नौजवानों का अपमान करे। उन्होंने कहा कि कल मैंने सोशल मीडिया पर भी अपनी बात रखी है कि उत्तर प्रदेश की युवा पीढ़ी मेहनती है। राहुल गांधी के मन में उत्तर प्रदेश के लिए विषभरा है, ये उनकी ही टिप्पणी से पता चलता है। उन्होंने इसके बाद कहा कि इस प्रदेश का युवा लगातार तरक्की कर रहा है। प्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। डबल इजंन की सरकार में प्रदेश ने कई कीर्तिमान बनाए हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तारीफ के काबिल है।

कानपुर में अध्यापक ने छात्रा को बेरहमी से पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। यशोदा नगर में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में गणित की कॉपी न लाने पर शिक्षिक ने कक्षा एक की छात्रा की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे छात्रा के हाथ में चोट आ गई। छात्रा की मां ने नौबस्ता थाने में स्कूल संचालक के खिलाफ शिकायत की।

यशोदा नगर निवासी सुलेखा कुमारी ने बताया कि उनकी छह वर्षीय बेटी क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है। बताया कि बीते सोमवार को बेटी गणित की कॉपी ले जाना भूल गई थी। इससे नाराज शिक्षिका ने छात्रा की जमकर पिटाई कर दी।

छात्रा के हाथ में चोट आई। अमृत विचार

कमलनाथ के गढ़ से कई कांग्रेसी नेता भाजपा में हुए शामिल

एजेंसी, छिंदवाड़ा

कांग्रेस के दिग्गज नेता कमल नाथ के अगले राजनीतिक कदम पर संशय के बीच, उनके गढ़ छिंदवाड़ा जिले से पार्टी के कई नेता बुधवार को भाजपा में शामिल हो गये।

भाजपा में उनका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कई लोग चिंतित महसूस कर रहे हैं और वे अंततः आने वाले दिनों में भाजपा में शामिल होंगे। यादव की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेसियों में प्रदेश कांग्रेस महासचिव उज्ज्वल सिंह चौहान, पार्षद, सरपंच, जनपद सदस्य और कार्यकर्ता शामिल थे। कांग्रेस के

▸▸ मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव भी हुए भाजपाई

एक प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भगोड़ों से प्रभावित नहीं होती है। मुख्यमंत्री ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत से लोग चिंतित महसूस कर रहे हैं। आज नहीं तो कल, वे भाजपा परिवार में शामिल होंगे। दुनिया में कोई भी ऐसा होने से नहीं रोक पाएगा। उन्होंने लोगों से छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की भी अपील की। छिंदवाड़ा का प्रतिनिधित्व पूर्व में नौ बार कमल नाथ ने किया है, लेकिन वर्तमान में यह सीट उनके बेटे नकुल नाथ के पास है। यह एकमात्र ऐसा निर्वाचन क्षेत्र है जिसे भाजपा 2019 के चुनावों में कांग्रेस से छीनने में विफल रही। उस चुनाव में भाजपा ने 29 में से 28 सीट जीतकर मध्य प्रदेश में जीत हासिल की। छिंदवाड़ा जिला भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि नव निर्मित पांढुर्णा जिले के 700 से अधिक कार्यकर्ताओं समेत 1,500 कांग्रेसी भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में नए शामिल होने वालों में पांढुर्ना नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, नगर पालिका पार्षद, पांढुर्ना जिला जनपद सदस्य, 16 सरपंच और अन्य शामिल हैं। पांढुर्णा छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक है।

टिहरी : कार खाई में गिरी, छह लोगों की मौत

ब्यूरो, टिहरी

अमृत विचार : उत्तराखंड के टिहरी जिले में एक कार के यमुना नदी में गिर जाने से इसमें सवार एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, यह हादसा बुधवार देर रात एक बजे दिल्ली-यमुनोत्री राजमार्ग पर अगलार पुल के पास हुआ। कार में सवार लोगों से जब उनके परिजनों का संपर्क नहीं हो सका तो इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। उपजिलाधिकारी (नैनबाग) मंजू राजपूत ने कहा कि कार में सवार लोगों के मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार को शाम करीब चार बजे नदी किनारे देखा गया। राजपूत

दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार। : अमृत विचार

ने कहा कि कार उत्तरकाशी जिले के मोरी से एक युवक को इलाज के लिए देहरादून ले जा रही थी और यह सड़क से 250 मीटर नीचे यमुना नदी में गिर गयी। अधिकारियों के अनुसार, चूंकि यह हादसा देर रात हुआ, इसलिए अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि यह कैसे हुआ। सुबह जब घर वालों का कार सवार लोगों से संपर्क नहीं हो सका तो उन्होंने पूर्वाह्न 11 बजे

● बीमार सदस्य को इलाज के लिए ले जा रहे थे देहरादून

कैंपटी थाने को इस बारे में सूचना दी। पुलिस ने कार में सवार लोगों की मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाशी अभियान चलाया और शाम करीब चार बजे वाहन को ढूंढ़ लिया। नैनबाग के तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद ममगाईं ने बताया कि क्षतिग्रस्त कार अगलार पुल के पास नदी किनारे पड़ी थी और जब तक पुलिस, राजस्व पुलिस तथा राज्य आपदा मोचन बल की टीम मौके पर पहुंचीं, तब तक कार में सवार सभी लोगों की मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान प्रताप (30) और राजपाल (28), राजपाल की पत्नी जसीला (25), वीरेंद्र (28) और चालक विनोद (35) के रूप में हुई है। ये सभी मौताद मोरी गांव के रहने वाले थे, जबकि मुन्ना (38) देवत्री गांव के रहने वाले थे।

पिता-पुत्र सिंचाई नहर में पड़े मिले, पिता की मौत

रामनगर। गुरुवार को पिता और पुत्र सिंचाई नहर में गंभीर अवस्था में पड़े मिले। पिता की मृत्यु हो गई जबकि बेटे को गंभीर हालत में रेफर किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। अफजलगढ़ बिजनौर निवासी शरीफ (50) पुत्र अब्दुल रसीद और उनका बेटा अब्दुल कादिर बुधवार को बाइक से दवा लेने पवलगढ़ जा रहे थे। दोपहर में ग्रामीणों ने सिंचाई नहर से शरीफ का शव बरामद किया। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल पड़ा था। बैलपड़ाव पुलिस ने घायल कादिर और उसके पिता को शव को रामनगर अस्पताल भेजा।

चुनाव वंशवादी राजनीति और विकास के बीच होगा : नड्डा

मुंबई यात्रा के दौरान पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया संबोधित

एजेंसी, मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव एक तरफ वंशवादी राजनीति एवं भ्रष्टाचार तथा दूसरी तरफ विकास के बीच का मुकाबला होगा।

मुंबई की अपनी यात्रा के दौरान नड्डा ने यहां पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भाजपा विरोधी दलों पर प्रहार करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वे या तो वंशवादी हैं या भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। नड्डा ने कहा कि (केंद्र में भाजपा के लिए) नया जनादेश हासिल करने के लिए आपको मतदाताओं तक पहुंचना है और उनसे समर्थन मांगना है। पिछले दस साल में पहली बार के मतदाताओं ने पिछली सरकारों की भांति भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि सिर्फ विकास देखा है। वह 2014 में सत्ता में आई मोदी सरकार के 10 साल के शासनकाल का जिक्र कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई में संभवतः होने वाला चुनाव एक तरफ वंशवादी राजनीति एवं

▸▸ सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाएं कार्यकर्ता

भ्रष्टाचार तथा दूसरी तरफ विकास के बीच का मुकाबला होगा। नड्डा ने भाजपा के विकास एजेंडे को प्रमुखता से सामने रखते हुए कहा कि वंशवादी राजनीति और भ्रष्टाचार बर्बादी की ओर ले जाएंगे। इससे पहले दिन में नड्डा ने मुंबई के सभी 36 विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों तथा सांसदों एवं विधायकों से भेंट की। वह मुंबई की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में मुंबई के भाजपा नेताओं से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि भाजपा की विचारधारा समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने उनसे भाजपा और इसकी सरकार पर विपक्ष के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की भी अपील की।

नड्डा ने भाजपा नेताओं को सोशल मीडिया का काफी इस्तेमाल करने और जनहित के मुद्दों पर प्रमुख हस्तियों का समर्थन हासिल करने की कोशिश करने की सलाह दी। उन्होंने मुंबई के सभी छह लोकसभा क्षेत्रों की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठकों की भी अध्यक्षता की। साल 2019 के आम चुनाव में भाजपा और उसकी तत्कालीन सहयोगी अविभाजित शिवसेना ने मुंबई में तीन-तीन सीट जीती थीं। उसी साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शहर की 36 सीट में से 16 जीती थीं जबकि शिवसेना 14 पर विजयी रही थी। तब से राज्य का राजनीतिक परिदृश्य काफी बदल चुका है। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विभाजित हो चुकी हैं। भाजपा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना तथा अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के साथ राज्य में सत्तासीन है।

सिक्किम : सेना ने नाथुला में फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को बचाया

गंगटोक : सेना ने सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर नाथुला में भारी बर्फबारी के कारण फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को बुधवार को बचा लिया। अचानक हुई बर्फबारी के बाद त्रिशक्ति कोर के जवानों को बचाव के लिए वहां भेजा गया और उन्होंने फंसे हुए पर्यटकों को मदद प्रदान की। बयान में कहा गया है कि पर्यटकों को गर्म भोजन और त्वरित चिकित्सा प्रदान की गई व उन्हें सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराया गया।

पानी न मिलने पर किसान परेशान

▸▸ गौलापार के किसानों ने एसडीएम कार्यालय में किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौलापार के किसानों ने बुधवार को नहर से पानी न मिलने पर एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया और समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि नहर से पानी न मिलने से उनकी फसल खराब हो रही है।

बता दें कि गौलापार की क्षतिग्रस्त मुख्य नहर का इन दिनों मरम्मतीकरण चल रहा है जिसके लिए सिंचाई विभाग ने नहर से पानी की आपूर्ति बंद की है जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहा है। किसानों का कहना है कि

एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन करते गौलापार के किसान। ● अमृत विचार

सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से गेहूं, प्याज, लहसुन, टमाटर, चारा आदि सूखने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग को पानी की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। किसानों ने विभाग से जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इधर, सिंचाई विभाग के ईई बीसी नैनवाल ने बताया कि उन्होंने समाचार पत्रों के माध्यम से किसानों को नहर से पानी की आपूर्ति बाधित होने से अवगत कराया था। कहा कि एक सप्ताह के भीतर नहर से पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। इस दौरान पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह बिष्ट, हरीश चंद्र पलड़िया, सुरेंद्र सिंह, आन सिंह आदि मौजूद रहे।

चाचा को जिताने के लिए कमर कस लें : धर्मेन्द्र

संवाददाता, बिसौली(बदायूं)

▸▸ सपा नेता ने बिसौली में पीडीए सम्मेलन को किया संबोधित

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की। जिसमें पूर्व सांसद व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव की बजाय चाचा शिवपाल सिंह को बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। जिसके बाद पूर्व सांसद ने बुधवार को बिसौली क्षेत्र में आयोजित पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) सम्मेलन को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि निराशा छोड़कर सपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कमर कस लें। बुजुर्गों की गरिमा को गिरने दोगे तो लड़कों को संस्कारी कौन कहेगा। बदायूं लोकसभा से टिकट कटने के बाद भी पूर्व सांसद लोगों के बीच गए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निराशा छोड़कर सपा प्रत्याशी को जिताने का काम करें। कमर कस लें। कहा कि अगर घर के बड़े लोग चुनाव मैदान में आएंगे तो क्या उनके गरिमा गिरने दोगे। प्रत्याशी कोई भी हो सकता है। यह चुनाव धर्मेंद्र यादव या शिवपाल सिंह चाचा लड़ें। समाजवादी पार्टी को जीत दिलाना ही मकसद होना चाहिए।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद आक्रमणकारियों की गलतियों को सुधार रहा है : नकवी

एजेंसी, मथुरा

वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को कहा कि भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विदेशी आक्रमणकारियों के सांप्रदायिक, क्रूर और आपराधिक कृत्यों को सुधार रहा है। नकवी ने कहा कि भारत सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पावरहाउस है और यह संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता के मजबूत संकल्प के साथ एक भारत, श्रेष्ठ भारत की यात्रा पर आगे बढ़ रहा है।

यहां संस्कृति विश्वविद्यालय में बृज साहित्य उत्सव के अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व केंद्रीय मंत्री

▸▸ संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बिना अधूरी

नकवी ने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र देश है जहां सभी धर्मों के धर्मावलंबी और किसी भी धर्म को नहीं मानने वाले लोग साथ-साथ रहते हैं और फलते-फूलते हैं। नकवी ने कहा कि कुछ विदेशी आक्रमणकारियों के आपराधिक, सांप्रदायिक और क्रूर कृत्यों को भी इस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दृढ़ शक्ति के माध्यम से ठीक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बिना अधूरी है, जो विविधता में एकता का सशक्त वाहक है। उन्होंने कहा कि साहित्यिक उत्सव जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत और पहचान को मजबूत करते हैं। इस कार्यक्रम में ब्रज कला केंद्र के अध्यक्ष विष्णु गोयल, प्रसिद्ध लेखक-कवि अशोक चक्रधर और संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सचिन गुप्ता शामिल हुए।

बर्क को देखने अस्पताल पहुंचे अखिलेश यादव

मुरादाबाद, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव महानगर के कांठ रोड स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती सम्भल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को देखने पहुंचे और उनके स्वास्थ्य का हाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

इसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश व प्रदेश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। कहा कि आपने देखा कि सीसीटीवी कैमरे के सामने बैलेट की लूट हो गई। जो लोकतंत्र में बैलेट लूट रहे है, उनसे बड़ा लुटेरा कौन हो सकता है।

हाई कोर्ट ने पूछा, सरकार बताए अवैध खनन पर क्या किया

विधि संवाददाता, नैनीताल

▸▸ पिथौरागढ़ में पट्टाधारक के खिलाफ दायर याचिका सुनी

अमृत विचार : हाई कोर्ट ने पिथौरागढ़ के कानड़ी गांव में खनन सामग्री को लाने व ले जाने के लिए पट्टाधारक द्वारा अवैध रूप से सड़क निर्माण करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खण्डपीठ ने जनहित याचिका के क्षेत्र को विस्तृत करते हुए राज्य सरकार से कहा है कि प्रदेश में जहां-जहां अवैध खनन हो रहा है, उन शिकायतों पर सरकार ने क्या कदम उठाए हैं। इस सम्बन्ध में छः सप्ताह के भीतर एक विस्तृत जवाब पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 22 मई की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार पिथौरागढ़ के कानड़ी गांव निवासी नीमा वल्दिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके गांव में नदी के किनारे सरकार ने खनन हेतु 2022 में पट्टा लीज पर दिया था। शुरू में पट्टाधारक ने मजदूर लगाकर खनन कार्य किया। बाद में खनन समाग्री को लाने व ले जाने के लिए उसने बिना अनुमति के वहां सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया।

सड़क निर्माण के दौरान पट्टाधारक ने 100 से अधिक खैर व साल के पेड़ काट दिए। जब ग्राम वासियों ने इसका विरोध किया तो कुछ समय के लिए उसने सड़क निर्माण का कार्य बंद कर दिया। विरोध के शांत होते ही उसने फिर से सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया। जिला प्रसाशन ने भी उनकी शिकायत पर कोई निर्णय नही लिया। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि अवैध रूप से बन रही सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए।

गांव में बिछी पाइपलाइन लेकिन नहीं मिला पानी

गौरव जोशी, नैनीताल

▸▸ करोड़ों की लागत से बनाए गए पानी के टैंक बने मात्र शोपीस

अमृत विचार : दशकों से पानी की दुश्वारियां झेलने वाले देवीधुरा व कूण के ग्रामीणों को गांव में पेयजल लाइन बिछने के बाद भी पानी नहीं मिल पाया है। 2021 से कार्य होने के बावजूद अब तक गांव में पानी नहीं पहुंच पाया है। अब पंप हाउस में पंप लगने के बाद बिजली की लाइन पड़ने का इंतजार हो रहा है। लेकिन ऊर्जा निगम की ओर से अब कार्य शुरू किया गया है।

17 सितंबर 2021 को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व पूर्व विधायक संजीव आर्य ने ऐपाल देवता इंटर कालेज में 189.38 लाख की देवीधुरा कूण पेयजल पंपिंग योजना का शिलान्यास किया था। इसके बाद जल निगम ने पंपिंग योजना का काम शुरू कर दिया था। योजना के तहत सौलिया में मुख्य टैंक, फिल्टर प्लांट के साथ ही देवीधुरा तक दो इंच की पाइप लाइन बिछा दी गई थी। साथ ही कूण गांव के ऊपरी क्षेत्र में टैंक के लिए जगह बना दी गई थी। लेकिन बीते वर्ष अतिवृष्टि के कारण भूस्खलन की चपेट में आकर 800 मीटर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। लाइन में 15 लाख रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ था। वहीं कूण के ऊपरी क्षेत्र में टैंक के लिए बनाई

> पानी की लाइन व पंप लगा दिया गया है। जैसे ही लाइट की लाइन पंप तक पहुंच जाएगी। वह लाइन में पानी चलाकर एक बार लाइन की जांच कर लेंगे। इसके बाद ग्रामीणों को पानी मिलना शुरू हो जाएगा।
>
> –विवेक भट्ट, अपर सहायक अभियंता जल निगम नैनीताल

गई जगह के नीचे भी भूस्खलन हो गया था। इसके चलते वन विभाग की आपत्ति के बाद पेयजल योजना का काम रुक गया था। बाद में वन विभाग की सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद जल निगम ने एक बार फिर पेयजल लाइन का काम शुरू कर बल्दियाखान व देवीधुरा में टैंक बनाया गया। कूण व देवीधूरा में घर घर पेयजल लाइन बिछाने के साथ अब पंप भी लगा दिया है। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि जून 2023 आखिरी तक देवीधुरा में पानी पहुंच जाएगा। लेकिन 2024 के तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया है। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र रावत समेत ग्रामीणों ने डीएम को शिकायत कर काम में तेजी लाने की मांग की है। उधर, विभागीय अधिकारी एक दूसरे विभागों के ऊपर काम में देरी होने का आरोप लगा रहे हैं। जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है उनके द्वारा काम पूरा कर दिया गया है पंप हाउस बिजली कनेक्शन न होने के चलते पंप शुरू नहीं हुआ है।

आरोप सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट डालकर दंगे को और भड़काया, रोक के बावजूद पहुंचा हल्द्वानी

रडार पर हैदराबाद से हल्द्वानी पहुंचा सलमान, बैग भरकर बांटे रुपये

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में दंगा भड़कते ही हैदराबाद में बैठा सलमान खान हल्द्वानी के लिए निकल पड़ा। सोशल मीडिया पर मिशन हल्द्वानी के नाम से डाला वीडियो देखते ही पुलिस ने उसे रोका। वो रुक भी गया, लेकिन हालत सुधरते ही वो नोटों से भरा बैग लेकर हल्द्वानी पहुंच गया। बनभूलपुरा में नोटों की गड्डियां बांटने का वीडियो वायरल हो गया। नोटों से भरा बैग और इंस्टाग्राम पर डाले भड़काऊ वीडियो अब पुलिस की नजर में हैं। पुलिस ने सलमान से पूछताछ भी शुरू कर दी है।

हैदराबाद का सलमान खान हैदराबाद यूथ कांग्रेस के नाम से इंस्टाग्राम पर एकाउंट चलाता है। 8 फरवरी को दंगे की खबर फैली तो सलमान ने मिशन हल्द्वानी लिखकर अपने एकाउंट पर वीडियो डाला और हल्द्वानी के निकल पड़ा। माहौल न बिगड़े तो पुलिस ने उसे हल्द्वानी नहीं आने दिया, लेकिन जैसे ही हालात सामान्य हुए तो सलमान साथियों के साथ नोटों से भरा बैग लेकर हल्द्वानी पहुंच गया। बनभूलपुरा में उसने नोटों की गड्डियां बांटी और वीडियो बनाकर अपने एकाउंट डाला। सलमान चार दिन तक बनभूलपुरा की गलियों में घूमता, लोगों से हमदर्दी दिखाता और उन्हें भड़काता रहा। खबर लगी तो पुलिस ने सलमान से पूछताछ शुरू कर दी। सबसे पहला सवाल यही था कि उसके पास इतना कैश कहां से आया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि बांटे गई नगदी के सोर्स और सलमान द्वारा सोशल मीडिया एकाउंट पर डाले वीडियो की जांच कराई जा रही है।

प्रशासन की कार्रवाई 'एक्शन', दंगाइयों के उत्पात 'री-एक्शन'

हल्द्वानी : दंगे से दिन सलमान हल्द्वानी तो नहीं आ पाया, लेकिन घटना से जुड़े एकतरफा वीडियो उस तक पहुंचाए गए। ऐसा ही एक वीडियो उसने अपने एकाउंट पर डाला। जिसका टाइटल उसने एक्शन का री-एक्शन रखा। वीडियो में एक तरफ जेसीबी से अवैध मदरसे को ढहाते और दूसरी ओर दंगाइयों द्वारा फूंके गए सरकारी वाहनों को दिखाया गया। मदरसे के ऊपर उसने एक्शन लिखा और दंगाइयों की हरकत को री-एक्शन करार दिया। साथ ही ये भी संदेश देने की कोशिश की कि प्रशासन की कार्रवाई पर लोगों ने जो भी किया ठीक किया।

बैग से नोट निकालकर बांटता आरोपी।

हवाई जहाज से कैसे आया बैग भरकर कैश, हल्द्वानी कनेक्शन

हल्द्वानी : सलमान अपने साथियों के साथ हवाई जहाज पर सवार होकर हैदराबाद से निकला। जाहिर है हवाई जहाज में इतना कैश ले जाना संभव नहीं है। बावजूद इसके अगर वो हवाई जहाज से ही इतना कैश लेकर आया तो फिर हवाई अड्डे पर पकड़ा क्यों नहीं गया। अगर इन दोनों ही संभावनाओं को खारिज कर दिया जाए तो सवाल यह है कि क्या सलमान का कोई मददगार हल्द्वानी में भी है, जिसने बेहद कम समय में इतनी बड़ी मात्रा में सलमान को कैश मुहैया कराया। पुलिस सलमान से हल्द्वानी कैश कनेक्शन की जांच भी कर रही है।

आदि कैलाश यात्रा पर आने वालों को सुविधाएं मिलें

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में बुधवार को आदि कैलाश की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाओं और कनेक्टिविटी मजबूत करने के सम्बन्ध में पर्यटन विभाग के साथ बैठक की। बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप पर्यटन विभाग द्वारा पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में स्थित आदि कैलाश अथवा छोटा कैलाश, ओम पर्वत, पार्वती सरोवर पवित्र धार्मिक स्थलां के दर्शनों के लिए हैली सेवाएं प्रारम्भ की जा रही हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग को आदि कैलाश क्षेत्र में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित करने की कार्ययोजना पर गम्भीरता व तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

मोदी वाराणसी से करेंगे चुनावी शंखनाद

▸▸ 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की देंगे सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक एक महीने बाद 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। इस दौरान उनके भव्य स्वागत की तैयारी है। लोकसभा चुनाव का शंखनाद करने के साथ वे 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। चुनाव की घोषणा से पहले यह उनके दूसरे कार्यकाल का आखिरी दौरा होगा।

प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्लू अतिथि गृह पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वाराणसी के पिंडरा में नवनिर्मित अमूल बनास डेयरी के इसी प्लांट का उद्घाटन करेंगे। : एजेंसी

उनकी अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्रधानमंत्री 23 फ़रवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23 योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्य रूप से 23 फरवरी को तीन कार्यक्रम भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरक़त करेंगे। संत शिरोमणि रविदास के जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

अमूल के सबसे बड़े प्लांट का करेंगे उद्घाटन

23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमूल के सबसे बड़े प्लांट बनास डेयरी का उद्घाटन करेंगे। परियोजना से करीब एक लाख लोगो को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके शुरू होने से पूर्वांचल के किसानों व गो पालकों की आय भी दोगुनी होगी। लोग दूध के साथ मिठाई, आइसक्रीम, पनीर, खोआ, घी और अन्य मिल्क प्रोडक्ट का स्वाद चख सकेंगे। इसमें बनारस का ख़ास लौंगलता और लाल पेड़ा भी होगा। 622 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 दिसंबर 2021 को किया था। बनास डेयरी अमूल इंडस्ट्रियल एरिया का निर्माण करखियांव, एग्रो पार्क में 30 एकड़ में हुआ है।

महिला ने दो बेटियों के साथ तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

एजेंसी, नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर- 49 थाना क्षेत्र के बरौला गांव में एक महिला ने बुधवार को अपनी दो मासूम बच्चियों के साथ तीसरी मंजिल से कथित तौर पर नीचे छलांग लगा दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि तीनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया जहां महिला और चार साल की एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक उसने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और पति एवं पड़ोसियों से मामले में पूछताछ कर रही है। थाना के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि सरिता देवी (32 वर्ष) अपनी तीन बेटियों और पति के साथ बरौला गांव में रहती थी और उनका पति एक निजी अस्पताल में काम करता है। उन्होंने बताया कि बुधवार दोपहर सरिता बेटी दिव्या (4) और कृतिका (3) के साथ अपने मकान की तीसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने दिव्या को मृत घोषित कर दिया। थोड़ी देर बाद उपचार के दौरान सरिता की भी मौत हो गई। सैनी के मुताबिक कृतिका की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों के अनुसार महिला ने छत से छलांग लगाई है, मामले में महिला के पति से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ लोगों ने महिला को छत से धक्का देने का दावा किया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

▸▸ महिला और एक बच्ची की मौत दूसरी की हालत गंभीर

तय तारीखों पर वकील की अनुपस्थिति पेशेवर कदाचार

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने विभिन्न आपराधिक मामलों में तय तारीखों पर वकीलों के अनुउपस्थित होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अपने क्लाइंट के लिए अधिवक्ता की गैर- उपस्थिति पेशेवर कदाचार की श्रेणी में आता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने वर्ष 2019 में एक आरोपी द्वारा दाखिल अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि आवेदक को बिना किसी उचित स्पष्टीकरण के बार-बार न्यायिक कार्यवाही से अनुपस्थित रहकर न्याय की धारा को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अंत में कोर्ट ने बताया कि सीआरपीसी की धारा 438 के अनुसार विधायिका ने अग्रिम जमानत आवेदन के निपटारे के लिए 30 दिनों की एक सीमा अवधि तय की है। उक्त नियम केवल अग्रिम जमानत आवेदन के लंबितता से बचने के लिए है। मौजूदा मामले में आवेदक द्वारा जांच में भाग न लेकर तत्काल आवेदन के लंबित रहने का अनुचित लाभ उठाने की संभावना को देखते हुए न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया।

मुजफ्फरनगर में किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

▸▸ राकेश टिकैत ने जिलाधिकारी कार्यालय में दिया धरना, सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप

एजेंसी, मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर जिले में धरना स्थल के पास बुधवार को एक किसान ने कथित तौर पर खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि, साथी आंदोलनकारियों ने समय रहते आग बुझा दी और उसे मुजफ्फरनगर के एक अस्पताल में ले जाया गया। अस्पताल पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि आंदोलनकारी का चेहरा मामूली रूप से झुलस गया है और उन्हें तुरंत चिकित्सा उपलब्ध करायी गयी है। कश्यप ने कहा कि उन्हें बताया गया कि किसान की ऋण संबंधी समस्या है जिसे जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि किसान बृजपाल ने अपनी समस्या का कोई समाधान न होने के कारण आत्महत्या का प्रयास किया है। बैंक से कर्ज न मिलने के बावजूद वह पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) बैंक से कर्ज का नोटिस मिलने से परेशान था। बृजपाल जिले के गांव जीतपुर गढ़ी के रहने वाले हैं। मुजफ्फरनगर से मिली खबर के अनुसार भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) नेता नरेश टिकैत ने समर्थकों से अपनी मांगों पर दबाव बनाने के लिए 26 और 27 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च में शामिल होने का आह्वान किया है। नरेश टिकैत ने हरियाणा और पंजाब में किसानों पर हो रहे अत्याचार की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार किसानों के मुद्दों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान सरकार के साथ टकराव नहीं चाहते हैं लेकिन सरकार को उनकी मांगों पर विचार करना चाहिए। वह जिलाधिकारी कार्यालय में किसानों को संबोधित कर रहे थे। धरने में शामिल होने के लिए जिले के विभिन्न हिस्सों से किसान ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे। भाकियू प्रवक्ता ने भाजपा सरकार को उद्योगपतियों की सरकार बताते हुए कहा कि अगर यह किसानों की सरकार होती तो एमएसपी की गारंटी देने का कानून कब का बन चुका होता। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने अगर किसानों की मांगे नहीं मानी तो देशभर में आंदोलन होगा। किसान एकजुट होकर आंदोलन के लिए तैयार रहे। गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक होगी जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

हम चुनाव में उनको भी गांव नहीं आने देंगे : टिकैत

मेरठ : भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ताराकेश टिकैत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली जा रहे किसानों को रोके जाने पर बुधवार को कहा कि अगर वे (सरकार) किसानों को दिल्ली नहीं आने दे रहे हैं तो चुनाव में किसान भी उन्हें गांव में नहीं आने देंगे। एमएसपी की कानूनी गारंटी, बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मेरठ में भाकियू की ओर से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। टिकैत स्वयं ट्रैक्टर चलाते हुए किसानों के साथ कचहरी पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए कई जगह अवरोधक भी लगाये थे, मगर किसान उन्हें जबरन रास्ते से हटाते हुए आगे बढ़ गए। टिकैत ने कहा कि बुधवार को भाकियू की तरफ से एमएसपी के साथ ही गन्ना मूल्य वृद्धि और स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू किए जाने की मांग को लेकर मेरठ समेत देशभर से ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजे जाएंगे।

पत्नी के नाम पर खरीदी संपत्ति पर बेटे का समान अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ उपहार में दी गई संपत्ति पर पूर्ण अधिकार का निर्धारण केवल साक्ष्यों के आधार पर : कोर्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संपत्ति विवाद के एक मामले में अति महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि हिंदू पति द्वारा अपनी गृहिणी पत्नी, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है, उसके नाम पर खरीदी गई संपत्ति पारिवारिक संपत्ति मानी जाएगी। बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धारा 2(9)(बी) के प्रावधान (iii) के अनुसार पति द्वारा अपनी पत्नी या बच्चों के नाम पर खरीदी गई संपत्ति को बेनामी संपत्ति नहीं कहा जा सकता है।

कोर्ट ने आगे कहा कि जब तक यह साबित ना हो जाए कि संपत्ति पत्नी द्वारा अर्जित आय से खरीदी गई थी, तब तक संपत्ति पर पूरे परिवार का अधिकार माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण सिंह देशवाल की पीठ ने मृत पिता की संपत्ति पर स्वामित्व के अधिकार के लिए अपीलकर्ता की अपील को स्वीकार कर विपक्षी के लिए निषेधाज्ञा जारी करते हुए पारित किया। दरअसल मौजूदा मामले में अपीलकर्ता/बेटे ने अपने पिता की संपत्ति के 1/4 हिस्से पर अधिकार के लिए जिला अदालत में दाखिल आवेदन खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में दाखिल अपील में अपीलकर्ता ने तर्क दिया कि चूंकि संपत्ति उसके मृत पिता ने अपनी आय से खरीद कर मां को उपहार स्वरूप दी थी। अतः मां के साथ-साथ बेटे का भी संपत्ति पर बराबर का अधिकार होगा, क्योंकि इसे मां ने अपनी आय से नहीं खरीदा तो यह उनकी निजी संपत्ति नहीं हुई, इसलिए वह इसे किसी तीसरे पक्ष

हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुकदमे की स्थिति और समापन में देरी के कारण के विषय में ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजी गई रिपोर्ट पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि इस न्यायालय द्वारा पारित सरल आदेशों को अगर ट्रायल कोर्ट और प्रभारी जिला न्यायाधीश नहीं समझ पा रहे हैं तो यह चिंता जनक है। इसके समाधान के लिए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल पूर्वादेशों की शर्तों को उपरोक्त न्यायिक अधिकारियों के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समझाएंगे, साथ ही उदाहरण के तौर पर जिला न्यायाधीश, कानपुर द्वारा भेजी गई अनुपालन रिपोर्ट का एक प्रारूप भी भेजेंगे, जिससे उक्त अधिकारियों को इस न्यायालय के आदेशों को समझने में सुविधा होगी। इसके अलावा रजिस्ट्रार जनरल अगर आवश्यकता महसूस करें तो विभिन्न ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजी गई अनुपालन रिपोर्ट की एक प्रति भी अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते हैं। दरअसल न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ ने मोहम्मद असलम के खिलाफ पुलिस स्टेशन मोगर्रा, मथुरा में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 के तहत दर्ज मुकदमे में ट्रायल कोर्ट से स्टेटस रिपोर्ट मांगा था, जिसे सारणीबद्ध रूप में नहीं भेजा गया। इस पर कोर्ट ने दोनों उक्त अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उपरोक्त टिप्पणी की। मामले की अगली सुनवाई आगामी 29 फरवरी को सुनिश्चित की गई है।

अनुबंधात्मक विवादों में न्यायिक हस्तक्षेप सार्वजनिक हित में नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने टेंडर समाप्ति के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अनुबंध के मामलों में न्यायिक समीक्षा की शक्ति लागू करने में कुछ विशेषताओं को ध्यान में रखा जाता है। यदि अनुबंध देने से संबंधित निर्णय प्रमाणिक है और सार्वजनिक हित में है तो अदालतें न्यायिक समीक्षा की शक्ति का प्रयोग करते हुए इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती हैं।

शिकायतकर्ता ठेकेदार सिविल अदालत में क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है, लेकिन काल्पनिक शिकायतों या अभिमान की पूर्ति और व्यावसायिक प्रतिद्वंदिता के साथ प्रक्रियात्मक उल्लंघन और स्वयं के प्रति कुछ पूर्वाग्रह की बात करके न्यायिक समीक्षा की शक्ति का प्रयोग करने के लिए अदालतों को मनाने के प्रयासों का विरोध होना चाहिए, क्योंकि इस तरह के हस्तक्षेप सार्वजनिक कार्यों को वर्षों तक रोक सकते हैं और परियोजना की लागत को कई गुना बढ़ा सकते हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने एनर्जो कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक हित की कीमत पर निजी हित की रक्षा के लिए या अनुबंधात्मक विवादों का निर्णय करने के लिए न्यायिक समीक्षा की शक्ति को लागू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जबकि उसमें किसी भी प्रकार के दुर्भावना या पूर्वाग्रह की संभावना होने पर न्यायिक हस्तक्षेप संभव है। वर्तमान मामले में कोर्ट ने माना कि याची की बोली सही रूप से खारिज की गई है। ऐसे में कानूनी हस्तक्षेप की संभावना नहीं रह जाती है, क्योंकि याची ने हलफनामे में गलत जानकारी दी थी कि उसे कभी काली सूची में नहीं डाला गया है।

▸▸ टेंडर समाप्ति के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर हाई कोर्ट ने सुनाया आदेश

वर्ग पहेली-350

बाएं से दाएं

3.1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4.1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गडुआ।

7.1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।

8.1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

ऊपर से नीचे

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



वर्ग पहेली - 349 का हल

1 बें	च	■	2 घ	■	■
■	■	3 तु	ड़	वा	4 ना
5 छ	ठी	■	घ	■	ली
ल	■	■	ड़ा	■	क
6 का	रा	गृ	ह	■	■
री	■	■	7 ट	कु	ली
■	8 ज	ड़ी	■	■	■

साक्षी मिश्रा ने अब लगाया ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ चार साल पहले परिवार से बगावत कर की थी अंतर्जातीय शादी, पूरे देश में हुई थी चर्चा

▸▸ ससुर ने कहा- मकान पर कब्जा करना चाहते हैं बेटा-बहू, फर्जी आरोप दबाव में लेने की साजिश

अमृत विचार : चार साल पहले परिवार से बगावत कर अंतर्जातीय प्रेमविवाह करके चर्चा में आई साक्षी मिश्रा ने अब अपने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। बुधवार को पति के साथ पुलिस ऑफिस पहुंची साक्षी ने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनके ससुराल वाले उनसे दस लाख रुपये और कार की मांग कर रहे हैं। उनसे मारपीट भी की गई है, इससे वह सदमे में हैं।

उधर, साक्षी के ससुर का कहना है कि उनके बेटे-बहू पूरे मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्हें दबाव में लेने के लिए फर्जी आरोप लगाए गए हैं।

एक वरिष्ठ नेता की बेटी साक्षी मिश्रा के चार साल पहले अनुसूचित जाति के अजितेश के साथ प्रेमविवाह करना आरोप-प्रत्यारोप की वजह से देश भर में काफी चर्चा में रहा था। काफी समय तक साक्षी टीवी मीडिया में छाई रही थीं। अब उन्होंने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर अपने ससुर, सौतेली सास, ननद, जेठ और जेठानी समेत सभी ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है। साक्षी के मुताबिक ससुराल वाले काफी समय से दहेज में कार और 10 लाख रुपये लाने की मांग करते हुए उन्हें परेशान कर रहे हैं। प्रार्थनापत्र में कहा गया है कि जब उनका प्रसव होने वाला था, तब भी उन्हें परेशान किया गया। 18 फरवरी को उसके सुरक्षाकर्मी खाना खाने गए थे तो मौके का फायदा उठाकर ससुराल वालों ने दहेज लाने के लिए दबाव डाला और इन्कार करने पर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने 19 फरवरी को थाना इज्जतनगर थाने में तहरीर भी दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की।

ससुर बोले, हम पहले ही कर चुके हैं शिकायत

साक्षी मिश्रा के ससुर हरीश नायक ने बताया कि उनका बेटा अजितेश पत्नी के साथ पूरे परिवार को परेशान कर रहा है। वह उनके खर्च पर रह रहा है, फिर भी मकान को लेकर विवाद खड़े कर रहा है। ऐसा ही व्यवहार अपने पिता के साथ किया था। उन्हें तो उनके प्रेमविवाह के बारे में भी पता नहीं था।

सुडोकू-67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		6		8			1	
5			1		6		4	
9					7			2
		8	3					6
		2				9		
4			6		5	7		
			9		2			5
	7							3
	6			1		2		

सुडोकू - 66 का हल

5	6	1	9	8	3	7	2	4
4	2	8	6	5	7	3	1	9
9	7	3	4	1	2	5	6	8
1	9	5	3	2	8	6	4	7
3	4	2	7	9	6	8	5	1
6	8	7	5	4	1	9	3	2
2	1	9	8	3	5	4	7	6
7	3	4	2	6	9	1	8	5
8	5	6	1	7	4	2	9	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 13.21 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 16.43 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

मेष — आज अफवाहों के आधार पर राय न बनाएं। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग आपकी बातों का विरोध करेंगे। कारोबार में बदलाव का विचार कर सकते हैं। सोच-विचार कर के ही कोई निर्णय लें।

वृष — आज अपनी व्यवहार-कुशलता से अटके हुए कार्य निपटा लेंगे। पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। नए प्रेम प्रसंग पल्लवित हो सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। घर के माहौल से काफी प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन — आज घर में किसी निर्माण कार्य की रूपरेखा बन सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहने वाला है। परिवार का माहौल अच्छा और सन्तोषजनक रहेगा।

कर्क — आज परिवार के लोगों के मध्य सद्भाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के रवैये से काफी प्रसन्न रहेंगे। मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे। काफी ऊर्जावान रहने वाले हैं। रुके हुए कार्य सहजता से पूरे होंगे। जॉब में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

सिंह — आज संपत्ति से जुड़े विवाद उपज सकते हैं। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। रोजगार को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करने से बचें। बीमारियों में धन खर्च होगा। यात्रा सफल रहेगी।

कन्या — आज शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा। उच्चाधिकारी से आपकी काफी प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

तुला — आज नौकरी और व्यवसाय में अच्छे नतीजे मिलेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा सुगम और बाधारहित रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक — आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक विचारों से प्रभावित रहेंगे। बुजुर्गों के आशीर्वाद से अभिभूत रहेंगे। काम को लेकर भागदौड़ रहेगी। पुराने प्रयास लाभ देंगे। व्यस्तता पूर्ण दिन बीतेगा।

धनु — आज रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शानदार रहने वाला है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। मन में बेवजह की चिंता हो सकती है। कुसंगति से दूर रहें वरना आपको हानि हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

मकर — आज आपको समाज में काफी सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। जीवनसाथी से गिले-शिकवे को दूर करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार को लेकर कुछ विशेष योजना बना सकते हैं।

कुंभ — आज काम पर आपका ध्यान बढ़ेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। आपकी स्थिति काफी मजबूत रहेगी। पुराने रोग समाप्त होंगे। व्यापार में लाभ का प्रबल योग है।

मीन — आज जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। बिजनेस पार्टनर्स से साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। प्रेमी जन के प्रति आकर्षित रहेंगे। संतान की उन्नति होने से प्रफुल्लित रहेंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। संपर्क लाभकारी साबित होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- परदेसी बाबू — सुबह : 10.00
- सीता और गीता — रात : 07.00

SONY SMAX
- बेफिक्रे — सुबह : 09.00
- स्ट्रीट डांसर थ्री डी — रात : 07.00

SONY PIX
- इट — सुबह : 11.29
- स्पाइडर मैन-2 — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- एक : द पावर ऑफ वन — सुबह : 10.30
- टॉयलेट - एक प्रेम कथा — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- खूबसूरत — दोपहर : 12.09
- मद्रास कैफे — रात : 10.28

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक में काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,623.09	22,055.05
नुकसान	434.31	141.90
प्रतिशत में	0.59	0.64

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 22 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 980 फ्लैग 1100 डीएमओ 865 बोल्ड 1135, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

एफएसडीसी की 28वीं बैठक को सीतारमण ने किया संबोधित

ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिअ अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

महिला किसानों की आजीविका बनेगी प्राकृतिक खेती

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि सखी 54 जिलों में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगी। जो कम लागत पर गुणवत्तायुक्त फसल के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने में मददगार बनेंगी।

फसल की तैयारी करना, बीज व मृदा परीक्षण करना, जैविक खाद नीम ऑयल बनाना, फसल का बचाव करना आदि तौर-तरीके सिखाएंगी और बुआई से कटाई तक का उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगी। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और महिला किसानों की आय बढ़ेगी। कृषि मंत्रालय की इस योजना में सखियों को हैदराबाद के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा जिलों पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा।

बढ़ेगी आय

- हैदराबाद का राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान सखियों को देगा प्रशिक्षण
- 54 जिलों में 9368 आजीविका सखी महिला किसानों को सिखाएंगी खेती के गुर

अब पशु व कृषि सखी बनी आजीविका सखी: पहले पशु व कृषि सखी अलग-अलग होती थीं। दोनों को समायोजित करके आजीविका सखी नाम दिया गया है। इन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अपने स्तर से प्रशिक्षित करता था। लेकिन, और बेहतरी के लिए अब कृषि विभाग विशेष प्रशिक्षण दिलाएगा। यह प्राकृतिक खेती के साथ पशु पालन की दिशा में भी काम करेंगी। क्योंकि ज्यादातर किसान पशु पालन करते हैं। प्रदेश में करीब 3300 आजीविका सखी हैं। मिशन 54 जिलों के लिए 9368 आजीविका सखी को एक सप्ताह में चयनित करेगा।

ये होंगे मुख्य कार्य

- मृदा प्रबंधन की जानकारी देना।
- स्वास्थ्य व केसीसी कार्ड बनवाना।
- एकीकृत पोषण प्रबंधन पर जागरूक करना।
- कृषि यंत्रीकरण व बीज उत्पादन कराना।
- मौसम व रोग-कीट से फसलों का बचाव।

केंद्र की योजना में ये जिले: बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, बिजनौर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महोबा, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, झांसी, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संभल, संत रविदास नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी।

> देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे
>
> -दीपा रंजन, मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,900
गिन्नी (प्रति नग)	47,600-47,800
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	63,400
चांदी पक्की	723 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	73,000।

भारत का एक अपना मोबाइल ब्रांड विकसित करने की तैयारी में सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हम कर रहे हैं काम

दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि सरकार देश में मोबाइल विनिर्माण की व्यापक सफलता से सीख लेकर एक भारतीय मोबाइल फोन ब्रांड विकसित करने पर काम कर रही है।

वैष्णव ने भुगतान सेवा प्रदाता फोनपे की तरफ से इंडस ऐप स्टोर को पेश करते हुए कहा कि सरकार बहुत जल्द दो-तीन सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्रों को मंजूरी दे सकती है। इस मौके पर वैष्णव ने कहा कि हम अपना खुद का भारतीय मोबाइल फोन ब्रांड विकसित करने की दिशा में काम करेंगे। हम देश में संपूर्ण हैंडसेट पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर काम करेंगे। वैष्णव ने कहा कि बड़े पैमाने पर मोबाइल विनिर्माण की हमारी शुरुआती सफलता ने हमें बहुत अच्छी सीख दी है। इसने उद्योग को बहुत आत्मविश्वास दिया है। इसने पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों को भारत आने के लिए प्रोत्साहन दिया है। अगले पांच वर्षों में यह सफर तय किया जाएगा।

जीडीपी वृद्धि कम होकर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सितंबर तिमाही के 7.6 प्रतिशत की तुलना में नरम पड़कर छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में यह सुस्ती आने की आशंका है। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि छह प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है।

भारत को हर साल 9-10 % की वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत बोले

जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।'' फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, ''भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कांत ने कहा कि पश्चिमी देशों में सारे नवाचार गूगल, फेसबुक, अमेजन और एप्पल जैसी कंपनियों से आए। इसके उलट भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाया है।

राष्ट्रीय

किसान की मौत के बाद हरियाणा पर भड़के भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा-पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि वह पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक युवा किसान की मौत से दुखी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। किसान की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। साथही उन्होंने कहा कि वह और उनकी सरकार व पार्टी किसानों के साथ खड़ी है।

संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में बुधवार को पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प के दौरान शुभकरण सिंह (21) नामक एक किसान की मौत हो गई। पंजाब-हरियाणा सीमा पर शुभकरण सिंह की मौत के साथ ही कुछ अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने अपना 'दिल्ली चलो' आंदोलन फिर से शुरू किया और हरियाणा पुलिस ने शंभू तथा खनौरी सीमा पर अवरोधक तोड़ने के प्रयासों को विफल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुभकरण की मौत पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, पंजाब के नौजवान शुभकरण की मौत बेहद दुखदाई है। क्या इसी दिन के लिए हमने आजादी की लड़ाई लड़ी थी कि एक दिन अपने ही देश में हमारे द्वारा चुनी हुई सरकारें हमारे ही बेटों को अंग्रेजों की तरह शहीद कर देंगी? उन्होंने कहा-हम पूरी तरह से शुभकरण के साथ हैं और उनके कातिलों को कड़ी सजा दिलवाएंगे। मान ने कहा कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। हालांकि उन्होंने खनौरी की घटना के संदर्भ में हरियाणा पुलिस पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि किसान अपनी मांगों को लेकर राजधानी क्यों नहीं जा सकते।

इतिहास एक दिन किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खनौरी बॉर्डर पर गोलीबारी में एक किसान की मौत की घटना पर बुधवार को दुख जताया और दावा किया कि इतिहास एक दिन भाजपा से किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा। वहीं, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 10 साल किसानों के लिए "पीठ पर लात और पेट पर लात" की तरह रहे हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण सिंह की फायरिंग में मौत की खबर हृदयविदारक है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

निर्णायक कदम के लिए संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक 22 को

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा' (एसकेएम) ने किसान की मौत पर शोक व्यक्त किया और आरोप लगाया कि सरकार वर्तमान संकट और हताहतों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। किसान संगठन ने स्थिति पर चर्चा करने और संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने के लिए 22 फरवरी को अपनी राष्ट्रीय समन्वय समिति और आम सभा की बैठक (जीबीएम) बुलाई। किसान संगठन ने कहा, उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस की दमनकारी कार्रवाई में लगभग पंद्रह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह किसान परिवारों के लिए रोजी-रोटी अर्जित करने वालों पर उस वक्त किया गया क्रूर हमला है, जब वे प्रधानमंत्री के लिखित वादों का कार्यान्वयन न किए जाने का विरोध कर रहे थे।

खाने के पैकेट में लंदन भेजा जा रहा था मादक पदार्थ

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

मेफेड्रोन जब्ती मामला

- शीर्ष अधिकारी ने बताया कूरियर फर्म के माध्यम से की जा रही थी तस्करी

पुणे पुलिस द्वारा मेफेड्रोन की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मामले की जांच से पता चला है कि इस मादक पदार्थ को खाने के पैकेट में छिपाकर दिल्ली की एक कूरियर फर्म के माध्यम से लंदन में तस्करी की जाती थी। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि पुलिस ने अब तक पुणे और दिल्ली के कुछ स्थानों से लगभग 1,700 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है। इस सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके संबंधों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ''जारी तलाशी अभियान में, हमारी टीम ने पुणे में 720 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है, जिसमें से लगभग 600 किलोग्राम शहर के बाहरी इलाके में पुणे-सोलापुर रोड पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित एक उत्पादन इकाई से बरामद किया गया।'' कुमार ने कहा, ''दिल्ली में जारी अभियान में अब तक 970 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया जा चुका है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कीमत 3,000 करोड़ रुपये से 3,500 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।''

उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई बरामदगी में एक कूरियर फर्म का नाम सामने आया है। दिल्ली और पुणे पुलिस ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय राजधानी के कोटला मुबारकपुर और हौज खास इलाकों में छापेमारी की। कुमार ने कहा, ''हमें पता चला है कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ पैकेट में छिपाकर कुछ प्रतिबंधित पदार्थ दिल्ली स्थित एक कूरियर कंपनी के माध्यम से लंदन भेजा गया था।'' उन्होंने कहा कि इस कूरियर कंपनी के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। कुमार ने कहा कि मेफेड्रोन का उत्पादन कुरकुंभ एमआईडीसी स्थित इकाई में किया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली और पुणे के अभियान के अलावा, एक और कार्रवाई महाराष्ट्र के सांगली में की जा रही है जहां कुछ मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''अब तक, हमने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। मामले के सिलसिले में पुणे पुलिस की कई टीम को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा गया है।'' इस बीच, मामले के दो मुख्य आरोपियों - भीमाजी सबाले (उत्पादन इकाई का मालिक) और युवराज भुजबल (केमिकल इंजीनियर) को एक स्थानीय अदालत ने 29 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

एक नजर

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से खोला गया

जम्मू। रामबन जिले में एक के बाद एक भूस्खलन की वजह से पिछले दो दिनों से बंद 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न यातायात एक तरफ से बहाल कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद सोमवार सुबह राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था।

बिहार में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

लखीसराय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे

जयपुर, एजेंसी

- भजनलाल शर्मा ने जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया फैसला

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे और लाल बत्ती पर भी रूकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह फैसला अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत दिलाने और जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिये। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया-मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नयी व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री का काफिला: राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है। श्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है।

गरीब कैदियों को जमानत के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली,एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किया पत्र

गृह मंत्रालय ने उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अपनी जमानत राशि का भुगतान करने में नाकाम रहने की वजह से जेल में बंद हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि केंद्र सरकार से राज्य मुख्यालयों तक धन के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रत्येक राज्य को एक समर्पित खाता खोलना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को धन वितरित किया जा सके।

पत्र के मुताबिक-गृह मंत्रालय ने वार्षिक 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल राज्य और केंद्रशासित प्रदेश गरीब कैदियों को जेल से रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के रूप में कर सकते हैं।'' पत्र में बताया गया कि योजना के उचित कार्यान्वयन और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राज्यों को इस संबंध में कई कदम उठाने के लिए कहा गया है।

मणिपुर के चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा निलंबन आदेश 26 तक बढ़ाया गया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने चुराचांदपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद जिले के पूरे राजस्व क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से दी जाने वाली इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है।

जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से दो भाइयों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाये गए।

अत्याचार के मामले में ममता ने पूर्ववर्ती सरकार को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और टीएमसी नेताओं की आलोचना

भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार के मामले में पूर्ववर्ती वामपंथी दलों की सरकार को पीछे छोड़ दिया है और लोकसभा चुनाव में जनता राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की आलोचना की और इस मामले पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा, ''संदेशखालि मुद्दा बहुत गंभीर होता जा रहा है। महिलाओं पर हमला, उनके साथ अमपानजनक व्यवहार और उनका यौन शोषण हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है।'' भाजपा नेता ने राज्य में इस तरह की घटनाओं का बचाव करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों की अंतरात्मा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''जब ममता बनर्जी माकपा के अत्याचारों के खिलाफ (अतीत में) संघर्ष करती थीं और इसके खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठती थीं तब हम सभी उनके प्रशंसक बन गए थे और उनके संघर्ष की सराहना किए करते थे। ज्यादती और पुलिस दमन के मामले में मौजूदा सरकार ने तत्कालीन माकपा शासन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उनकी अंतरात्मा कहां है?

प्रसाद ने कहा, ''ममता जी आपको जवाब देना होगा। ममता जी आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। जनता आपको राजनीतिक जवाब देगी। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रसाद ने संदेशखालि मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए कांग्रेस, आप, वाम दलों और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की निंदा की और कहा कि उनकी चुप्पी उनके 'पाखंड और स्पष्ट दोहरे मापदंडों' का सबूत है।

जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में

इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पहुंचे

दुबई, एजेंसी

युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये। वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं। जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गए।

जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं। जायसवाल ने विशाखापत्तनम में



दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े। फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गए। जडेजा ने मैच में 7 विकेट झटके थे, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 3 पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये।

जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने आल राउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे। शुभमन गिल (91) 3 पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गए। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के केन वेलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसूफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये।

खराब फॉर्म में चल रहे बेयरस्टो को बाहर करने की कुक ने दी सलाह

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टीम से बाहर रखने की सलाह दी जो अभी तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बेयरस्टो का भारत के खिलाफ श्रृंखला में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वह छह पारियों में शून्य, चार, 25, 26, 37 और 10 का स्कोर ही बना सके हैं, वहीं उनका औसत भी 17.00 रहा है। कुक ने

कहा, मैं खिलाड़ी के हित के लिए उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा, लेकिन अच्छा है कि ऐसे किसी खिलाड़ी को उतारा जाये जो अभी तक इस श्रृंखला में नहीं खेला हो। कुक ने बेयरस्टो की जगह डैन लारेंस को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप रन नहीं जुटा रहे हो तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं इसलिए मैं डैन लारेंस को मौका दूंगा, लेकिन एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को लगता है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो का समर्थन करना जारी रखेगा। एथरटन ने कहा कि बेयरस्टो इस श्रृंखला के लिए अहम रहा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस अहम मौके पर उसे छोड़ देंगे।

खेल डायरी

शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी चलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

टखने की चोट से रियो ओपन से हटे अल्कराज़

रियो डी जनेरियो। दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। पहले सेट में जब स्कोर 1-1 से बराबरी पर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा। इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा। पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी। ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद अल्कराज़ ने मोंटेइरो से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चले गए।

अमेरिका महिला फुटबॉल टीम 5-0 से जीती

कार्सन (अमेरिका)। ओलिविया मोल्ट्री के किए गए दो गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबाल टीम ने शुरूआती कोंकाकाफ (उतरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला गोल्ड कप टूर्नामेंट के मैच में डोमिनिक गणराज्य को 5-0 से शिकस्त दी। ओलिविया (18 वर्ष) ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना तीसरा मैच खेलते हुए मंगलवार की रात सातवें मिनट में और 58वें मिनट में दो गोल किए। अमेरिका के लिए अन्य तीन गोल लिन विलियम्स ने 30वें, जेना निग्सवोंगर ने 86वें और एलेक्स मोर्गन ने 90+2वें मिनट में किए। टूर्नामेंट में चार चार टीम के तीन ग्रुप हैं।

डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिपः भारतीय टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में

बुसान (दक्षिण कोरिया)। हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3-0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3-2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 2-3 से हार गए जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3-1 की आसान जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1-3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3-1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3-0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3-0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3-1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर पैदा किया: गिल

4 स्पिनरों ने 3 टेस्ट में 36 तो तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए

रांची, एजेंसी

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में काफी अंतर पैदा किया।

आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12), कुलदीप यादव (8) और अक्षर पटेल (5) इन सभी 4 स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाउहैं। गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। एश (अश्विन) भाई और जड्डू (जडेजा) भाई वैसे भी विकेट ले ही

लेंगे लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है, उससे इस श्रृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे।

गिल ने कहा कि जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर 'बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का। गिल ने कहा कि कोहली और बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर अपनी काबिलियत साबित करने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने सरफराज खान का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जमाए। गिल ने कहा कि विराट भाई तीन टेस्ट से हमारे साथ नहीं हैं, उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ता है। मुझे लगता है कि सरफराज ने अच्छा खेल दिखाया। इसलिये मुझे लगता है कि खिलाड़ी मिले मौकों का अच्छा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को विराट या बुमराह के नहीं होने से मौका मिला।

यशस्वी जायसवाल ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं जिसने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। जायसवाल पारी का आगाज करते हुए अब तक 546 रन बना चुके हैं जिसमें लगातार दो दोहरे शतक शामिल हैं।

उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुईः गिल

शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने से वह निराश थे। गिल के लिए तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 5 मैच की श्रृंखला के पहले 3 मैच में 252 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

रांची की पिच पर मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची, एजेंसी

- हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच'

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न' लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जाएगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' (जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जायेगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। कई दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है। हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जाएगे। उन्होंने कहा, हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे।

उन्होंने सपाट पिच पर अच्छा काम किया है। पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

रांची टेस्ट मैच के दौरान फिर से धोनी से मिलना चाहते हैं जुरेल

रांची, एजेंसी

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह विकेटकीपर फिर

से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है। जुरेल ने कहा कि माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। जुरेल ने कहा कि मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि क्या धोनी मेरे सामने खड़े हैं।

भारतीय महिला टीम ने एस्तोनिया को हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम ने स्ट्राइकर मनीषा कल्याण के दो गोल के दम पर बुधवार को तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी जो उसकी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ पहली जीत है। चाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम ने इतिहास रच दिया क्योंकि भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने कभी भी यूएफा परिसंघ की टीम के खिलाफ आधिकारिक मुकाबले में जीत दर्ज नहीं की थी।

पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। मनीषा ने 17वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे जबकि इंदुमति काथिरेसन (62वें मिनट) और प्यारी खाका

(79वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। मैच में भारतीय टीम की शुरूआत काफी अच्छी रही जिसने मनीषा के गोल से बढ़त हासिल की। एस्तोनिया ने हालांकि तामिक के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन इंदुमति, खाका और मनीषा ने स्कोर 4-1 कर दिया जिससे लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लेकिन मैच के अंतिम छोर में व्लाडा ने 88वें मिनट में और मैरी ने 90वें मिनट में गोल दाग दिये। पर भारतीय डिफेंस ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने जवाबी हमले से एस्तोनिया पर हमले करने के इरादे से शुरूआत की जिसके लिए उसने अपनी तेज विंगर का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बॉक्स के करीब जाने दिया।

फ़िल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के निर्माता-निर्देशक अजय सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज हो गई है। अजय ने कहा कि हमने एक शानदार फिल्म बनाई थी, जो दर्शकों को पसंद आ रही है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कई सीन कटवाए, बावजूद रिलीज के बाद इसका कोई असर फिल्म पर नहीं दिख रहा है। लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। यह हमारे लिए शानदार खबर है और हम दर्शकों को धन्यवाद देते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आ रही है। मैं दर्शकों से ये ही आग्रह करूंगा कि जिन्होंने फिल्म देख ली है, वो आगे भी अपने दोस्तों और परिजनों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करें। इस फिल्म में कहानी और संवाद के साथ गीत संगीत भी आपके मन को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं और साथ ही एक सार्थक संदेश भी है, जो युवा पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

आर्टिकल 360 के लिए यामी सीख रहीं हथियार चलाना

अभिनेत्री यामी गौतम आर्टिकल 360 में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अपने प्रदर्शन को काफी तैयारी कर रही हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए मशहूर यामी गौतम अपनी आगामी एक्शन-पॉलिटिकल थ्रिलर, आर्टिकल 360 के साथ पूरी तरह से नई रोशनी में अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हो रही हैं। अपने परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने गहन तैयारी शुरू कर दी है। अपने चरित्र में प्रामाणिकता और गहराई लाने की खोज में यामी गौतम ने सैन्य सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल केशवेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) और हथियार प्रशिक्षण प्रशिक्षक, भूषण वर्तक (एनएसजी) के साथ कई हफ्तों तक 1.5 से 2 घंटे का कठोर प्रशिक्षण सत्र समर्पित किया, जिससे उन्हें निखारा जा सके। बॉम्बे और दिल्ली दोनों में अभ्यास हॉल में शारीरिक और युद्ध कौशल। उन्होंने राइफल शूटिंग, युद्ध तकनीकों की बारीकियों को गहराई से समझा, यह सुनिश्चित किया कि हर पंच, किक और चाल स्क्रीन पर प्रामाणिकता और सटीकता के साथ गूंजती है।

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से गोल्डी यादव और लवली काजल का नया होली गीत 'गलिया प रंगवा लगईता' रिलीज किया गया है। गाने में लवली काजल होली के त्योहार में मदमस्त होकर नाच रही हैं। वही अपनी सहेलियों से अपने पिया के बारे में चर्चा कर रही हैं। गाने में लवली काजल कहती है कि सरधा ई बाटे कि हमरा हो हाथे, दूध में से पुआ तू त खइता, होलिया में पिया मोर अइता, आके होलिया में रंगवा लगइता। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी प्रस्तुत होली गीत गलिया प रंगवा लगईता को गोल्डी यादव ने गाया है। वही इसमें लवली काजल ने परफॉर्म किया है। इस गाने के गीतकार मुकेश मिश्रा हैं। गाने का संगीत विक्की बॉक्स ने दिया है। गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक सुनील बाबा हैं। कोरियोग्राफ गोल्डी, सनी, एडिटर आलोक यादव, डीआई रोहित सिंह, मिक्स मास्टर अंकित अहीर ने किया है। गाने के राइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास हैं।

नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशक काली प्रसाद सिंह हैं।

शाहरूख को जवान के लिए मिला 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' दिया गया। नयनतारा को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (निगेटिव रोल) - बॉबी देओल (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स कैटेगरी में) विकी कौशल (सैम बहादुर के लिए) दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। शाहरुख खान ने कहा कि कई सालों से मुझे बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला था। मुझे लगने लगा था कि अब यह अवॉर्ड मुझे नहीं मिलेगा। मैं इस अवॉर्ड को पाकर बहुत खुश हूं, मुझे अवॉर्ड पाकर हमेशा ही अच्छा लगता है। ट्रॉफीज मुझे आकर्षित करती हैं। मैंने लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मैं जवान देखने वाले दर्शकों का भी शुक्रिया करता हूं।

विक्की ने दादा साहब फाल्के अवार्ड भारतीय सेना को किया समर्पित

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार पाया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके, ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में विक्की ने कहा, सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बड़ा सम्मान है, और मैं निर्देशक मेघना गुलजार, निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह-अभिनेता हैं) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया, जिनकी वजह से मैं बेस्ट दे पाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

बंधन

बॉलीवुड कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी एक-दूसरे के हो गए हैं। जैकी और रकुल दुल्हा-दुल्हन बने प्यारे लग रहे हैं। कपल ने इंस्टाग्राम पर खुद वेडिंग फोटोज शेयर की है।

एक नजर

ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की मौत, जांच

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां के 36 वर्षीय एक प्रबंधक की साइकिल से घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ब्रिटेन की पुलिस इस मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से कर रही है। पुलिस इस सिलसिले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। विग्नेश पट्टाभिरमण 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के रीडिंग इलाके में भारतीय रेस्तरां में अपने कार्यस्थल से साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि तभी रास्ते में कैडुगन प्लेस जंक्शन पर एक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि विग्नेश को रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेम्स वैली पुलिस की प्रमुख अपराध इकाई के वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैंगविन ने कहा, हमारी संवेदनाएं श्री रमण के परिवार के साथ हैं।

आग से बचने को 83 वर्षीय महिला चौथी मंजिल से कूदी

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में बुधवार को एक आवासीय इमारत में लगी आग से बचने के लिए उसकी चौथी मंजिल से कूदने से 83 साल की एक महिला की मौत हो गई जबकि महिला की पोती घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जासुरी देवी और घायल की 30 वर्षीय पूजा पंत के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार आग लगने का कारण गैस रिसाव बताया गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि दो महिलाओं ने उस फ्लैट की बालकनी में शरण ली थी जहां आग लगी थी, लेकिन वे जान बचाने के लिए इमारत से कूद गईं। गर्ग ने कहा कि दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां जासुरी देवी को सिर में गंभीर चोट लगने से मृत घोषित कर दिया गया और पूजा पंत का इलाज किया जा रहा है।

सीमा विवाद: भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला

भारत-चीन सैन्य वार्ता, नहीं निकला समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

- 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में साढ़े तीन साल से अधिक पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए नए दौर की उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें दोनों पक्ष जमीन पर "शांति और स्थिरता" बनाए रखने पर सहमत हुए लेकिन गतिरोध के समाधान का कोई संकेत नहीं दिखा। भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता 19 फरवरी को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित की गई।

घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला, लेकिन बातचीत में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष समाधान के आगे के तरीकों पर उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। इसने कहा कि दोनों पक्षों ने मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण" माहौल में हुई वार्ता में मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्ष उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से आगे के रास्ते पर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। उन्होंने अंतरिम रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले, 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी। वार्ता के उस दौर के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। पिछले महीने थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति "स्थिर", लेकिन "संवेदनशील" है। उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय सैनिकों की अत्यधिक उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी बरकरार है। जनरल पांडे ने यह भी कहा था कि भारत और चीन दोनों 2020 के मध्य में मौजूद रही "यथास्थिति" पर लौटने के उद्देश्य से सैन्य और राजनयिक स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।

लद्दाख सीमा पर गतिरोध भी हुआ था पैदा

वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर ने किया जबकि चीनी दल का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर ने किया। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। यह दो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे बड़ा सैन्य संघर्ष था।

3 वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को मौत की सजा

गुरुग्राम, एजेंसी

गुरुग्राम में एक अदालत ने 2018 में तीन साल की बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या करने के मामले में 25 वर्षीय एक व्यक्ति को बुधवार को मौत की सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शशि चौहान की अदालत ने दोषी पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने कहा कि अदालत ने पीड़ित परिवार के पुनर्वास के लिए 10 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने का आदेश भी दिया।

विशेष अभियोजक सुनील परमार ने बताया कि 11 नवंबर 2018 को सेक्टर 65 थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक ने तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब तीन लड़कियां घर के बाहर खेल रही थीं। परमार ने बताया कि आरोपी ने लड़कियों को पैसों का लालच दिया। उन्होंने कहा कि दो लड़कियां उसके साथ जाने को तैयार नहीं हुईं, लेकिन वह तीन साल की एक लड़की को अपने साथ ले गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब लड़की शाम तक घर नहीं लौटी तो उसके माता-पिता ने उसकी तलाश शुरू की और शिकायत दर्ज कराई।

पाकिस्तान में शहबाज फिर बनेंगे पीएम आसिफ जरदारी दूसरी बार होंगे राष्ट्रपति

पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच नई गठबंधन सरकार पर सहमति बनी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच सरकार गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार देर रात घोषणा की कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। बिलावल ने संवाददाताओं से कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन के पास पर्याप्त संख्या बल है और हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके।



- पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने की घोषणा

इस दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी पीएमएल-एन के पास अब आवश्यक संख्या बल है। साथ ही उन्होंने वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष के लिए दोनों दलों के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीपीपी और पीएमएल-एन गठबंधन पर निशाना साधा है। जियो न्यूज ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे।

नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली एक याचिका को लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा बताते हुए खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अदालत के समक्ष पेश न होने को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारी व याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की निगरानी में 30 दिन के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस मामले के निस्तारण तक नई सरकार के गठन पर रोक लगाने का आदेश देने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, याचिकाकर्ता लगातार दो बार सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली की पीठ ने याचिका का निस्तारण कर दिया और याचिकाकर्ता पर 5,00,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया।

पाकिस्तान में आम चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों की व्यापक तरीके से जांच होनी चाहिए : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि पाकिस्तान में हाल में संपन्न आम चुनावों में हस्तक्षेप या गड़बड़ी के आरोपों की देश के कानूनों और प्रक्रियाओं के तहत पारदर्शी तरीके से व्यापक जांच की जानी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। मिलर चुनाव में धांधली के संबंध में रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। वरिष्ठ पाकिस्तानी नौकरशाह ने 17 फरवरी को आरोप लगाया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश आठ फरवरी को हुए चुनावों में "गड़बड़ी" में शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संसद में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरने और सामने आए जनादेश के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामले में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा कि वह यह मामला पाकिस्तान पर छोड़ देंगे लेकिन हम चाहते हैं कि गड़बड़ी के किसी भी दावे या अनियमितताओं के आरोपों की पूरी जांच हो।

भारत संग साझेदारी मजबूत करना यूरोप की विदेश नीति का आधार: मित्सोटाकिस

नई दिल्ली, एजेंसी

यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने बुधवार को कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा की दृष्टि से भारत एक महत्वपूर्ण सहयोगी है और इसके साथ साझेदारी बढ़ाना यूरोप की विदेश नीति का जरूरी स्तंभ होना चाहिए। मित्सोटाकिस ने 'रायसीना डायलॉग' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यूक्रेन में संघर्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था के लिए एक 'बड़ी चुनौती' बताया और कहा कि इस बात का भारत ने समर्थन किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कई देशों के विदेश मंत्रियों और रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों तथा शिक्षाविदों ने सत्र में हिस्सा लिया। यूनान के प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वैश्विक चर्चा को आकार देने और बड़ी चुनौतियों का समाधान करने की बात आती है, तो भारत को तेजी से ध्रुवीकृत होती दुनिया में अब आम सहमति बनाने वाले और तर्कपूर्ण बात रखने के लिए जाना जाता है। 'रायसीना डायलॉग' सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मित्सोटाकिस ने कहा कि आज, भारत विश्व मंच पर एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है और शांति तथा सुरक्षा का माहौल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मित्सोटाकिस ने कहा कि भारत के साथ हमारी साझेदारी को मजबूत करना यूरोप की विदेश नीति का महत्वपूर्ण स्तंभ होना चाहिए और यह निश्चित रूप से मेरे देश के लिए सच है।

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम रायसीना डायलॉग 2024 के दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मित्सोटाकिस ने कहा कि यूनान इसके ठीक केंद्र में बैठा है। उन्होंने आईएमईसी को एक 'शांति परियोजना' की तरह बताया। उन्होंने कहा कि गाजा में युद्ध और पश्चिम एशिया में अशांति निस्संदेह चिंता का विषय है लेकिन इससे आईएमईसी का मजबूत तर्क कमजोर नहीं हुआ है। यूक्रेन को लेकर उन्होंने कहा कि यह यूरोपीय धरती पर कोई स्थानीय युद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हमारे पास मौजूद शक्ति का इस्तेमाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है और हममें से कोई भी किनारे पर बैठने का जोखिम नहीं उठा सकता। मित्सोटाकिस ने कहा कि मैं यूक्रेन को लेकर आश्वस्त हूं, भारत को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इसकी एक आवाज है जिसे सुना जाना चाहिए। हमारी साझी मानवता और परस्पर जुड़ाव अपरिहार्य है हिंदू धर्मग्रंथों ने इस बात को इतने सशक्त तरीके से रखा है कि विश्व एक परिवार की तरह है।

प्रमुख भू-राजनीतिक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत एक ऐसा प्रमुख क्षेत्र है जिस पर यूरोपीय संघ ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों के समक्ष चुनौतियों के बारे में भी बात की।

नीट-यूजी: पांच मई को 14 विदेशी शहरों में होगी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित होगी

मेडिकल के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को 14 विदेशी शहरों के परीक्षा केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की। यह कदम एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद उठाया गया है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में परीक्षा के संबंध में जारी सूचना बुलेटिन में परीक्षा देने के लिए भारत के बाहर केंद्रों का कोई उल्लेख नहीं था।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी। जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उनमें दुबई, अबू धाबी, शारजाह (यूएई), कुवैत शहर (कुवैत), बैंकॉक (थाईलैंड), कोलंबो (श्रीलंका), दोहा (कतर), काठमांडू (नेपाल), कुआलालंपुर (मलेशिया), लागोस (नाइजीरिया), मनामा (बहरीन), मस्कट (ओमान), रियाद (सऊदी अरब) और सिंगापुर शामिल हैं।

नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पाराशर ने कहा, जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही भारत में केंद्रों का चयन कर लिया है और विदेशी केंद्रों के विकल्प के बिना शुल्क का भुगतान कर दिया है, लेकिन वे भारत के बाहर के केंद्रों पर परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण खिड़की पर सेवा समाप्त होने के बाद केंद्र और देश की पसंद में बदलाव करने का अवसर मिलेगा। नीट-यूजी आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा स्नातक (बीडीएस), आयुर्वेद, औषधि एंव शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएएमएस), सिद्ध औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएसएमएस) और यूनानी औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीयूएमएस) समेत अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है जबकि परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित किया जाएगा।

उत्तरी गाजा में अराजकता से खाद्य पदार्थ की आपूर्ति रुकी

रफह (गाजा पट्टी)। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-फलस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की अपूर्ति रोक दी है, जिससे भुखमरी की आशंका बढ़ गयी है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा किए गए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राहत-बचाव कर्मियों ने कहा कि इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के बीच ट्रकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी नाकामी के कारण ट्रकों का आगमन और खाद्य पदार्थ का वितरण बाधित हुआ है।

जागरूकता अभियान

मेरठ : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी मतदान जागरूकता अभियान के तहत हाथों में तख्तियां लिए हुए।

ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम

वाशिंगटन। जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपित के रूप में विचार कर रहे हैं। पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया।

हिमाचल में बर्फबारी, 387 मार्गों पर आवाजाही बंद

शिमला, एजेंसी

- बिजली के 895 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और पर्वतीय इलाकों पर एक बार फिर से बर्फबारी और बारिश होने के बाद बुधवार को लोगों ने कंपकंपाती ठंड का अनुभव किया और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। राज्य आपात प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि चार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 387 मार्गों पर बर्फबारी की वजह से वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी और बिजली के 895 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गये।

लाहौल और स्पीति में सबसे ज्यादा 288 मार्गों पर आवाजाही बाधित हुई। वहीं चंबा और कुल्लू में क्रमशः 77 और 12 मार्गों पर वाहन नदारद दिखे। कोकसर और अटल टनल के इलाकों में 45 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, वहीं सिस्सू और कोठी में 30 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज की गई। केलांग, कुसुमसेरी और भारमौर में क्रमशः 18 सेंटीमीटर, 15.3 सेंटीमीटर और आठ सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गयी। केंद्र के मुताबिक, मनाली में सबसे अधिक 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मनाली के बाद सलूनी, तिस्सा और चंबा में क्रमशः 25.3, 20 और 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सियोबाग और बैजनाथ में क्रमशः 11 और आठ मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री तक गिर गया और कई स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। आपात केंद्र के मुताबिक, कुसुमसेरी इलाका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से 7.1 डिग्री नीचे तक गिर गया।

खोजबीन प्लूटो से बाहर हो सकती है इसकी कक्षा, अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस तलाश में जुटी

9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

- कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं
- अध्ययन में इस ग्रह को मायावी ग्रह माना गया है

अमृत विचार: हमारे सौर मंडल के 9 वां ग्रह प्लैनेट एक्स के छिपे होने के संकेत मिले है। यह ग्रह प्लूटो की कक्षा के बाहर छिपा हो सकता है। बहरहाल अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस के जरिए इस ग्रह की तलाश में जुटी हुई है।

लंबा समय बीत चुका है, लेकिन प्लैनेट 9 का रहस्य बना हुआ है। वैज्ञानिकों इसका अस्तित्व होने का दावा कर बहुत पहले कर चुके हैं। भारतीय पुराणों के अनुसार भी हमारे सौर मंडल में 9 ग्रह होने की बात कही गई है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ग्रह के कारण सौर मंडल में इसकी हलचल होने यानी गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का पता चलता रहा है। मगर, अभी तक इसे देखा नहीं जा सका है। हाल ही में द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में ताजा शोध प्रकाशित हुआ है। जिसमें इस ग्रह को अध्ययन में मायावी ग्रह माना गया है और अभी तक के अध्ययन में इसके संभावित रूप से सौर मंडल के बाहरी क्षेत्र बौने ग्रह प्लूटो की कक्षा से परे परिक्रमा करने की बात कही गई है।

यह शोध प्लैनेट नाइन के संभावित स्थानों को चयनित करता है और इसके गठन के साथ विकासवादी प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इस कारण इस शोध को अहम माना जा रहा है।

कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि पैन-स्टारआरएस के जरिए पैनोरमिक सर्वे टेलीस्कोप से इसके आगे की तलाश की जाएगी। अब तक गणना के अनुसार सौर मंडल के लगभग 78 प्रतिशत संभावित स्थानों को हटा दिया गया है और अब सिर्फ 28 फीसद भाग में ही तलाश की जाएगी।

प्लैनेट 9 के द्रव्यमान का अनुमान भी लगा लिया

इस ग्रह के द्रव्यमान का अनुमान वैज्ञानिक लगा चुके हैं। पृथ्वी से इसका द्रव्यमान अधिक है और मायावी जैसा व्यवहार कर रहा है। जिस कारण इसका पता लगाने में मुश्किल हो रही है। बहरहाल इसे बड़ी खोज माना जा रहा है। यदि सफलता मिली तो सौर मंडल के कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

घर पर प्रसव का प्रयास महिला और शिशु की मौत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- महिला शेमीरा बीवी चौथी बार बनने वाली थी मां

करक्कमंडपम में मंगलवार शाम किराये के एक घर में एक्यूपंक्चर उपचार के माध्यम से प्रसव कराने की कोशिश में 36-वर्षीया एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जैसे ही चौंकाने वाली यह घटना सामने आई, महिला के पति नयाज को सुबह नेमोम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नयाज पूनथुरा का रहनेवाला है और साउंड सिस्टम से संबंधित काम करता है। पुलिस ने इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, महिला शेमीरा बीवी चौथी बार मां बनने वाली थी और उसने गर्भावस्था की नौ महीनों की अवधि में कभी चिकित्सक से परामर्श नहीं लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती ने कथित तौर पर एक डॉक्टर के बजाय एक एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ की मदद ली जो उनके किराये के घर पर अक्सर आता रहता था। महिला को मंगलवार को कुछ समस्या पैदा हो गयी थी और आखिरकार शाम को उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और उसके नवजात को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला और नवजात शिशु की मौत की खबर फैली, स्थानीय पार्षद, आशा कार्यकर्ता और पड़ोसी नयाज के खिलाफ मुखर हुए और आरोप लगाया कि वह (नयाज) अपनी पत्नी को न तो चिकित्सक से परामर्श लेने देता था, न ही उचित इलाज कराने की अनुमति देता था।